राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 137 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



पीएम नरेंद्र मोदी जापान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति का अनावरण किया।

## 'दो हजार रुपये के नोट वापस लेने से अर्थव्यस्था पर नहीं पड़ेगा असर'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया इंडिया (आरबीआई) के 2,000 रुपये के नोट को वापस लेने के फैसले पर नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगड़िया ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

पनगड़िया ने कहा है कि आरबीआई के फैसले से अर्थव्यवस्था पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि ऐसे वापस हुए नोटों के स्थान पर उसी कीमत में कम मूल्यवर्ग के नोट जारी कर दिए जाएंगे। अरविंद पनगड़िया ने शनिवार को दो हजार रुपये के करेंसी नोट वापस लेने के फैसले को सही करार देते हुए कहा कि इस कदम के पीछे संभावित मकसद अवैध धन की आवाजाही को और मुश्किल बनाना है। उन्होंने कहा कि दो हजार रुपये के नोट वर्तमान में लोगों के हाथों में कुल नकदी का केवल 10.8 फीसदी हैं।

## वायुसेना ने सभी मिग-21 लड़ाकू विमानों की उड़ान रोकी



**नई दिल्ली:** इंडियन एयरफोर्स ने मिग-21 लड़ाकू विमान के पूरे बेड़े के उड़ान भरने पर रोक लगा दी है। राजस्थान में 8 मई को क्रैश हुए मिग-21 की जांच पूरी होने तक सभी विमानों को ग्राउंडेड रखने का फैसला किया है। राजस्थान के हनुमानगढ़ में मिग-21 फाइटर जेट क्रैश में 3 महिलाओं की मौत हो गई थी। एयरफोर्स अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि हादसे की वजहों का पता लगने तक मिग विमान उड़ान नहीं भरेंगे। फिलहाल एयरफोर्स में मिग-21 की 3 स्क्वाड्रन हैं। हर स्क्वाड्रन में 16 से 18 एयरक्राफ्ट होते हैं। इस हिसाब से लगभग 50 मिग-21 सर्विस में हैं। इन्हें 2025 तक रिटायर किया जाना है। इंडियन एयरफोर्स के पास कुल 31 कॉम्बेट स्क्वाड्रन हैं।

मिग-21 को सोवियत संघ में बनाया गया था। इसे भारतीय वायुसेना में 1963 में शामिल किया गया था।

## जी-7 की चीन को चेतावनी- किसी का दबदबा मंजूर नहीं



**जापान:** दुनिया की सात विकसित इकोनॉमी के संगठन जी-7 ने साझा स्टेटमेंट में चीन को सख्त चेतावनी दी है। संगठन ने चीन का नाम लिए बिना दुनिया से किसी एक देश का आर्थिक दबदबा खत्म करने की शपथ ली। जापान के हिरोशिमा शहर में संगठन की मीटिंग के दूसरे दिन जॉइंट स्टेटमेंट जारी किया गया। इस स्टेटमेंट में कहा गया कि जी-7 और उसके साथी देशों के आर्थिक हालातों को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया तो परिणाम भुगतना होगा।

किसी एक देश के आर्थिक दबदबे को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। जी-7 देशों ने चीन से अपील की है कि वो यूक्रेन से जंग खत्म करने के लिए रूस पर दबाव बनाए।

## बिना सर्च वारंट के घर की तलाशी लेने से जुड़े मामले की जांच के आदेश जारी



**टीम एक्शन इंडिया (जय राम शर्मा)** न्यायिक दंडाधिकारी शिमला ने पुलिस कर्मियों द्वारा बिना सर्च वारंट के घर की तलाशी लेने से जुड़े मामले की जांच एसएचओ पुलिस थाना सुन्नी से करवाने के आदेश जारी किए हैं। न्यायिक दंडाधिकारी मृदुला शर्मा ने आवेदन की प्रतिलिपि एचएचओ पुलिस थाना सुन्नी को भेजने के आदेश जारी किए हैं। प्रार्थी सुनीता ने यह आरोप लगाया है कि 26 जनवरी 2023 को सांय 7:30 बजे जब वह अपने आवास गांव सोहल डाकघर सैंज, सब तहसील धामी, जिला शिमला में अपनी दो नाबालिग बेटियों के साथ थी तो चार-पांच पुलिसकर्मी जिनमें एक महिला पुलिसकर्मी भी थी उनके घर आ धमके। उसकी सहमति के बिना घर की तलाशी लेने लगे। उनके पास इसके लिए किसी भी तरह का सर्च वारंट नहीं था। यह भी आरोप है कि जब प्रार्थी ने आपत्ति जताई तो इन्होंने उससे धक्का-मुक्की की और यह धमकी दी।

# जी-7: पूरे विश्व के लिए बड़ा मुद्दा है युद्ध: मोदी

### जेलेंस्की से मिले पीएम मोदी : युद्ध के समाधान के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/टोक्यो जापान** के हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि यूक्रेन-रूस युद्ध के समाधान के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। पिछले साल यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद पहली बार जेलेंस्की और मोदी की मुलाकात हुई। जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचे दोनों नेताओं की सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बातचीत हुई। यूक्रेन के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यूक्रेन युद्ध दुनिया का एक बड़ा मुद्दा है। वे इसे सिर्फ अर्थव्यवस्था और राजनीति का मुद्दा नहीं मानते, उनके लिए यह मानवता का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि भारत और वे स्वयं भी युद्ध की समस्या के समाधान के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे।

**मैक्रों व गुटेरेस से हुई मुलाकात:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान बैस्टिल दिवस के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आगामी फ्रांस यात्रा पर चर्चा हुई। साथ ही दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में प्रगति का जायजा लिया। प्रधानमंत्री मोदी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से भी मिले। भारतीय प्रधानमंत्री ट्वीट कर संयुक्त राष्ट्र महासचिव के साथ हुई अपनी बातचीत को शानदार करार दिया।

**जर्मनी के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा:** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ बैठक की, जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की और क्षेत्रीय घटनाक्रम एवं वैश्विक चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारतीय विदेश मंत्रालय के ट्वीट में जानकारी दी गयी कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन एवं समीक्षा की। साथ ही क्षेत्रीय घटनाक्रमों एवं वैश्विक चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।



### मोदी ने जी-7 में ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों पर दिया जोर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने हिरोशिमा (जापान) में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में दुनिया विशेषकर विकासशील देशों के सामने मौजूद खाद्य सुरक्षा, उर्वरक उपलब्धता और महामारी की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए अंतरराष्ट्रीय बिरादरी का आह्वान किया कि वह इनके समाधान को प्राथमिकता दें। अमेरिका के नेतृत्व वाले विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व के सामने मौजूद संकटों पर केंद्रित छठे सत्र को संबोधित किया। उन्होंने ग्लोबल साउथ (विकासशील और गरीब देशों) के सामने मौजूद समस्याओं का मुख्य रूप से उल्लेख किया तथा कहा कि इन देशों की आशाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने विश्व समस्याओं का सामना करने में अमीर देशों की परोक्ष रूप से आलोचना की। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान वैक्सीन और दवाओं की उपलब्धता को मानव भलाई के स्थान पर राजनीति से जोड़ा गया। इस महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सहायता प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा का भावी स्वरूप क्या हो इस बारे में आत्मचिंतन बहुत जरूरी है।

### मानवता का मुद्दा

- यूक्रेन युद्ध दुनिया का एक बड़ा मुद्दा है। अर्थव्यवस्था, राजनीति का मुद्दा नहीं मानते, उनके लिए मानवता का मुद्दा है



कर्नाटक में शनिवार को कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वहीं डी के शिवकुमार ने डिप्टी सीएम की शपथ ली। इस मौके पर विपक्ष ने एकजुटता का परिचय दिया।

## मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**मऊ:** विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी के गठबंधन के तहत सुहेलदेव पार्टी से मऊ सदर विधानसभा सीट से चुनाव लड़े अब्बास अंसारी और उसके छोटे भाई उमर अंसारी सहित कुल 9 लोगों पर आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामले नगर कोतवाली में दर्ज किए गए थे । पहले मामले में चुनाव के पहले बिना परमिशन के रोड शो करने को लेकर और दूसरे मामले में चुनाव जीतने के बाद बिना परमिशन के विजय जुलूस निकालने के मामले में यह दोनों मुकदमा आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर मोहन नगर कोतवाली में दर्ज किया गया था । जिसके बाद दोनों मुकदमों में विवेचकों द्वारा चार्ज सीट को न्यायालय में प्रेषित कर दिया गया था ।

## सिद्धारमैया कर्नाटक सीएम, डीके शिवकुमार डिप्टी बने



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरू कर्नाटक** में शनिवार को सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। डी के शिवकुमार डिप्टी सीएम बनाए गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे समेत 8 मंत्रियों को भी राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम के आखिरी में राहुल गांधी मंच पर आए और कहा- हमने 5 वादे किए थे, वो कैबिनेट की पहली मीटिंग में ही पूरे कर दिए जाएंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम विधानसभा पहुंचे और कैबिनेट की मीटिंग की। राहुल ने जिन पांच वादों की बात कही थी, उस पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी। सिद्धारमैया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया- कैबिनेट ने आदेश दे दिया है। हफ्ते भर में अगली मीटिंग होगी, उसमें इन पांचों गारंटियों को लागू कर दिया जाएगा।

**चार कैबिनेट और चार राज्य मंत्री:** कर्नाटक की नई सरकार में डीके शिवकुमार ने इकलौते डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ ली। कर्नाटक में डॉ जी परमेश्वर, केएच मुनियप्पा, केजे जॉर्ज और एमबी पाटिल को कैबिनेट मंत्री बनाया गया। सतीश जारकीहोली, प्रियांक खड़गे (मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे), रामालिंगा रेड्डी और जमीर अहमद खान ने राज्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। पहली कैबिनेट में नॉर्थ कर्नाटक की जगह साउथ कर्नाटक को तवज्जो दी गई है। साउथ कर्नाटक से 5 मंत्री हैं, जबकि नॉर्थ से सिर्फ 3 हैं। वहीं, 8 में से सबसे ज्यादा 3 मंत्री एससी से हैं। बाकी समुदाय से भी मंत्री बनाकर कांग्रेस ने सोशल इंजीनियरिंग की है। , डॉ जी परमेश्वर, केएच मुनियप्पा, प्रियांक खड़गे रउ से हैं। सतीश जारकीहोली रळ, एमबी पाटिल लिंगायत कम्युनिटी, केजी जॉर्ज क्रिश्चियन, जमीर अहमद खान मुस्लिम और रामालिंगा रेड्डी रेड्डी समुदाय से हैं।

### 5 गारंटी लागू

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे समेत 8 मंत्रियों को भी राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शपथ दिलाई

## 'कांग्रेस ने दलितों-मुसलमानों की उपेक्षा की'



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ कर्नाटक में** शनिवार को नई सरकार के गठन के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस पर हमला बोला है। बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल से दो ट्वीट किए हैं। पहले ट्वीट में उन्होंने लिखा, "कर्नाटक विधानसभा चुनाव उपरान्त मंत्रिमण्डल में डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाकर कांग्रेस ने अपनी अन्दरूनी कलह को थोड़ा दबाने का प्रयास किया है। किन्तु दलित व मुस्लिम समाज की उपेक्षा क्यों, जबकि इन दोनों वर्गों ने एकजुट होकर कांग्रेस को वोट देकर विजयी बनाया है।" उन्होंने आगे कहा, "कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद के लिए दलित समाज की उठी दावेदारी की पूरी तरह से कांग्रेस ने अनदेखी की है। अब किसी भी दलित व मुस्लिम को उपमुख्यमंत्री नहीं बनाना यह इनकी जातिवादी मानसिकता को दर्शाता है।

## कश्मीर जी-20 में शामिल होने से चीन का इंकार

### विवादित जगह पर बैठक नहीं करेंगे, भारत का जवाब- हमें अपने क्षेत्र में मीटिंग करने की आजादी

### चीन को करारा जवाब

- भारत ने पड़ोसी देश को जवाब देते हुए कहा, वह अपने क्षेत्र में बैठकें आयोजित करने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र है




**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर श्रीनगर** में 22 से 24 मई तक जी-20 की बैठक होनी है। चीन ने शनिवार को इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया है। पहले बीजिंग के हिस्सा नहीं लेने की खबरें आ रही थीं। अब वहां के विदेश मंत्रालय ने ऑफिशल बयान जारी कर मीटिंग का बॉयकाट की पुष्टि की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वैनबिन ने कहा, चीन विवादित क्षेत्र पर किसी भी प्रकार की जी-20 बैठक का पूरी तरह से विरोध करता है।

**भारत ने कहा- हम पूरी तरह से स्वतंत्र:** चीन के इस बयान पर भारत ने आपत्ति जताई है। भारत ने पड़ोसी देश को जवाब देते हुए कहा, वह अपने क्षेत्र में बैठकें आयोजित करने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र है। इससे पहले मार्च में

## 1984 सिख दंगा: नई चार्जशीट दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली सीबीआई ने श**निवार को 1984 सिख दंगों को लेकर नई चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 78 साल के कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर का नाम शामिल किया है। सिख विरोधी दंगों को लेकर सीबीआई अधिकारियों का कहना है पूरे मामले में उनके पास नए सबूत हैं। इन्हीं सबूतों के आधार पर जगदीश टाइटलर के खिलाफ जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। एजेंसी ने टाइटलर के खिलाफ आईपीसी की धारा 147 (दंगा), धारा 109 (उकसावे) और धारा 302 (हत्या) लगाई है। इन आरोपों पर 2 जून को सुनवाई होगी। कुछ दिनों पहले एजेंसी ने टाइटलर की आवाज की रिकॉर्डिंग भी की है। आरोप है कि 39 साल पहले टाइटलर ने अपने भाषण में दंगाइयों को हत्या के लिए उकसाया था। जिसके बाद दिल्ली के पुल



बंगश गुरुद्वारे में 1 नवंबर, 1984 को तीन सिखों की हत्या हुई। इस भाषण का सैंपल इसलिए लिया गया है ताकि सिख विरोधी दंगों में उनकी भूमिका की स्पष्ट जांच की जा सके। टाइटलर की वॉयस के नमूने की जांच एफएसएल लैब में की जा रही है। सिख दंगा केस में सीबीआई टाइटलर को पहले तीन बार क्लीन चिट दे चुकी थी। पहली क्लीन चिट 2007 में मिली थी। मगर अदालत ने इसे सिरे से खारिज कर दोबारा जांच के आदेश दिए।

## पहलवानों के समर्थन में जंतर-मंतर पहुंचेगी एसजीपीसी

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर शिरोमणि** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों की बैठक शनिवार को अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के तेजा सिंह समुंद्री हॉल में हुई। श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को हटाने को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया। मिली जानकारी के अनुसार जत्थेदार को हटाने के निर्णय पर अकाली दल में ही फूट डलती दिख रही थी, जिसके बाद इस पर निर्णय को रोक दिया गया। एसजीपीसी अब पहलवानों के हक में भी उतर आई है।

## ट्रांसफर-पोस्टिंग: सुप्रीम कोर्ट पहुंचा केंद्र

### फैसले पर विचार करने को कहा; दिल्ली सरकार की सलाह पर काम करेंगे एलजी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** में ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर उपराज्यपाल (एलजी) और अरविंद केजरीवाल सरकार की लड़ाई एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। दरअसल, 11 मई को दिल्ली सरकार की याचिका पर 5 जजों की बेंच ने कहा था- पब्लिक ऑर्डर, पुलिस और जमीन को छोड़कर उप-राज्यपाल बाकी सभी मामलों में दिल्ली सरकार की सलाह और सहयोग से ही काम करेंगे। 7 दिन बाद 19 मई को केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया।



अध्यादेश के मुताबिक, दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का आखिरी फैसला उपराज्यपाल का होगा। इसमें मुख्यमंत्री का कोई अधिकार नहीं होगा। अब 20 मई आज केंद्र सरकार खुद सुप्रीम कोर्ट पहुंची और पांच जजों की बेंच के फैसले पर फिर से विचार करने की अर्जी लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को फैसला दिया कि दिल्ली में सरकारी अफसरों पर चुनी हुई सरकार का ही कंट्रोल रहेगा।

## 'देश को 30-31 राज्यपाल-पीएम चला लें'

**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**
**दिल्ली में आ**ईएएस अधिकारियों की कमान राज्यपाल तो सौंपने के अध्यादेश के बाद आम आदमी पार्टी में हड़कंप मच गया है। सुबह से ही सोशल मीडिया पर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। इसी बीच दिल्ली में एलजी को सशक्त किए जाने पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का गुस्सा भी भड़क गया है। उन्होंने इसको लेकर एक के बाद लगातार ट्वीट किए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने पहले ट्वीट में कहा कि अगर भारतीय संविधान में लोकतंत्र के कातिलों को सजा का प्रावधान होता तो पूरी भाजपा को फांसी की सजा हो सकती थी। इसके बाद भी उनका गुस्सा शांत नहीं हुआ तो पंजाबी में किया और लिखा कि देश को 30-31 राज्यपाल और एक प्रधानमंत्री



चला लें, मतदान पर करोड़ों-अरबों खर्चने का क्या लाभ।

**मुख्यमंत्री ने एक तीर से साधे दो निशाने:** मुख्यमंत्री भगवंत मान का पंजाब में राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के साथ 36 का आंकड़ा चल रहा है। दोनों के बीच सोशल मीडिया पर ही कई बार तीखी तकरार हो चुकी है। आज भगवंत ने अपने ट्वीट देश को 30-31 राज्यपाल और एक प्रधानमंत्री चला लें, मतदान पर करोड़ों-अरबों खर्चने का क्या लाभ से पंजाब के राज्यपाल पर भी निशाना साधा है।

**फांसी की सजा तो पूरी आप को हो जाती:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने मुख्यमंत्री के ट्वीट का जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने अपने ट्वीट की आधी लाइन ठीक लिखी है कि यदि संविधान में लोकतंत्र की हत्या करने की सजा होती, लेकिन आगे भाजपा की जगह आप होना चाहिए। पूरी आम आदमी पार्टी को लोकतंत्र की हत्या के लिए सजा-ए-मौत हो सकती थी। उन्होंने कहा कि आप ने चीफ सेक्रेटरी को पीट कर लोकतंत्र की हत्या की है। 26 जनवरी को केजरीवाल ने धरना लगाकर लोकतंत्र की हत्या की है।

**विपक्ष की खिचड़ी?** सीएम के बाद मंत्रियों के जनसंवाद की तैयारी; 2024 लोकसभा-विधानसभा चुनाव देख बीजेपी घटाएगी जनता से दूरी

## हरियाणा के मंत्री करेंगे अब 'सच का सामना'

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार हरियाणा** में जनसंवाद कार्यक्रम में सीएम मनोहर लाल खट्टर के आगे सरकार के विरोध के बाद ने रणनीति बदल दी है। अब हरियाणा सरकार के मंत्री भी फील्ड में जाकर जनसंवाद करेंगे। मंत्रियों की कारगुजारी का अंजाम सीएम को न भुगतना पड़े, इसलिए अब उन्हें भी 'सच का सामना' करना पड़ेगा। यही नहीं, संगठन भी सरकार के बचाव में मैदान में उतरेगा। हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष ओपी धनखड़ के अलावा दूसरे पार्टी पदाधिकारी भी लोगों से मिलकर शिकायतें सुनेंगे ताकि पार्टी



के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी के माहौल को न बनने दिया जाए।

**इसकी 2 वजहें हैं...:** पहली... हरियाणा में बीजेपी 10 साल से सत्ता में है। राज्य में कुल 90 विधानसभा सीटें हैं। 2014 में भाजपा ने 47 सीटें जीतकर अकेले दम पर सरकार बनाई। 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को बहुमत नहीं मिला। भाजपा 40 सीटों पर सिमट गई। नतीजा यह हुआ कि तब 10 महीने पहले बनी जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) से गठबंधन करना पड़ा। इस वक्त यही गठबंधन सरकार चल रही है। सत्ता की कमान बीजेपी के हाथ में ही है तो वोटरों की ज्यादा नाराजगी और जीतने की चुनौती बीजेपी के लिए ही है। हरियाणा में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं।

दूसरी ... देश में 11 महीने बाद अगले ही साल लोकसभा चुनाव भी हैं। हरियाणा में 10 लोकसभा सीटें हैं। 2019 के चुनाव में सभी सीटें बीजेपी ने जीती। इस बार बीजेपी के आगे सभी सीटें बचाने की चुनौती है। सीटें हारे तो हाईकमान की नजर में सरकार से लेकर संगठन तक का कद घटेगा। ऐसे में पिछली बार हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटें जीतने वाली बीजेपी लगातार रणनीति बदल रही है।

**सीएम गांवों में रात बिताएंगे:** सीएम मनोहर लाल पलवल, भिवानी, कुरुक्षेत्र और सिरसा में जनसंवाद कर चुके हैं। यहां वह दिन में लोगों की मुश्किलें सुनते थे। अब रणनीति बदली गई है। इसे सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़ाकर लोगों से नजदीकी की तरफ ले जाया जाएगा।

# सर्विसेस परीक्षा को लेकर तैयारियों में जुटा प्रशासन

## 21 मई को 41 केन्द्रों पर 2 शिफ्टों में एचसीएस की प्राथमिक लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** 21 मई को अम्बाला शहर व अम्बाला छावनी में 41 परीक्षा केन्द्रों पर हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली एचसीएस एवं अलाईड सर्विसेस की प्रारम्भिक परीक्षा के सफल संचालन के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग की माननीय सदस्य ज्योति बैंदा ने लोक सेवा आयोग की हिदायतों की अनुपालना अनुसार प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को मुस्तैदी से कार्य करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला अम्बाला में एचपीएससी द्वारा 21 मई को 41 केन्द्रों पर 2 शिफ्टों में एचसीएस की प्राथमिक लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।

आज पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर डयूटी मैजिस्ट्रेट व सैंटर सुपरवाईजर के साथ-साथ डयूटी से सम्बन्धित अधिकारियों को जिला में 21 मई को हरियाणा लोक सेवा आयोग/एचपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए



पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए केंद्रवार ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सैंटर सुपरवाईजर व सम्बन्धित पुलिस कर्मचारियों की नियुक्तियां की गई हैं। वहीं अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षा के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग/एचपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर लें। उन्होंने बताया कि पहला चरण प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक व दूसरा चरण दोपहर 03 बजे से सांय 05 बजे तक होगा। उन्होंने कहा कि एचपीएससी की हिदायतों के अनुसार परीक्षा का सफलपूर्वक आयोजन करवाएं। यदि परीक्षा में कोताही सामने आई तो सम्बन्धित के खिलाफ नियमानुसार तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। परीक्षा केंद्रो में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रो के अन्दर जाने पर एचपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। उन्होंने यह भी बताया कि अभ्यार्थी ओएमआर शीट को सही ढंग से भरना सुनिश्चित करें। इनविजिलेटर व परीक्षा से सम्बन्धित अधिकारी अभ्यार्थी को इस बारे पहले ही अवगत करवाना सुनिनिश्चत करें। यदि ओएमआर शीट ठीक ढंग से नहीं भरी होगी तो सम्बन्धित अभ्यार्थी डिस्क्वालीफाईड होगा। उपायुक्त डा. शालीन ने उपस्थित सभी अधिकारियों को स्पष्ट किया कि हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा के दृष्टिगत जो हिदायतें जारी की गई हैं उनकी अनुपालना शत प्रतिशत सुनिश्चित होनी चाहिए। एचसीएस परीक्षाओं का यह काफी संवेदनशील कार्य है जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है।

# 2 हजार के नोट लेकर बैंक में पहुंचने लगे लोग

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** छावनी व शहर के विभिन्न बैकों में कुछ लोग 2000 रुपए के नोट बदलवाने को लेकर चक्कर लगाते नजर आए लेकिन आज लोगों को निराशा का सामना करना पड़ा। बैंक कर्मचारियों का कहना था कि अभी इस संबंध में उनके पास कोई गाईड लाईन नहीं आई है। इसलिए नोट बदले नहीं जा रहे। यदि उपभोक्ता चाहे तो हम उसके खाते में पैसा जमा कर सकते है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आला अधिकारी जैसे निर्देश देगे वह उसी प्रकार कार्यवाही करेंगे। वहीं रात जब 2000 नोट की नई छपाई न होने से संबंधित समाचार सुना तो लोग अपने 2000 के नोट चलाने में जुट गए। यहां तक की कुछ लोग पैट्रोल पंप पर पैट्रोल डलवाने पहुंचे ऐसे में वह कर्मचारी द्वारा 2000 रुपए का नोट ही नहीं लिया गया। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को एक चौंकाने वाला फैसला लिया. उसने अचानक 2,000 रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा कर दी. आरबीआई ने कहा है कि लोग 23 मई से लेकर 30 सितंबर तक 2 हजार रुपये के

**बैंक कर्मचारियों का कहना था कि अभी इस संबंध में उनके पास कोई गाईड लाईन नहीं आई है। इसलिए नोट बदले नहीं जा रहे**

नोटों को खातों में जमा कराएं या बैंकों में जाकर बदल लें। बैंकों के अलावा लोग आरबीआई के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में भी 2 हजार रुपये के नोट बदल सकते हैं. इसके अलावा लोग केवाईसी और अन्य जरूरी मानदंडों के बाद बैंक खातों में भी ये नोट बिना किसी रुकावट के जमा करा सकेंगे. हालांकि आदेश में यह नहीं स्पष्ट किया गया है कि वह कितने रुपये अपने खाते में जमा कर सकेगा. वहीं खाताधारक बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंट के जरिए हर दिन 4,000 रुपये तक दो हजार के नोट एक्सचेंज कर सकेंगे. आरबीआई ने कहा है कि 2,000 रुपये के नोट 30 सितंबर तक वैध रहेंगे. आरबीआई ने यह नहीं बताया कि अगर लोग 30 सितंबर तक 2,000 रुपये के नोट नहीं जमा कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में क्या होगा।

# नए उद्योग लगाने एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए फ्रेंडस इंजीनियरिंग में लगाया कैंप

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कौशल** विकास एवं उद्यम शील मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान नीसबड एवं जन शिक्षण संस्थान जिला पानीपत द्वारा शनिवार को सनौली रोड स्थित सुखबीर सिंह मलिक की फ्रेंडस इंजीनियरिंग फैक्टरी में नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने एवं नए स्टार्टअप में आने वाली मुश्किलों को दूर करने के लिए एक कैंप लगाया गया। पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को फ्रेंडस इंजीनियरिंग के यहां लगभग 35 से अधिक प्रतिभागियों ने उद्योग लगाने की बारीकियों को समझा। एलपी भट्ट प्रोग्राम डायरेक्टर नीसबड ने कहा कि कौशल विकास एवं उद्देश्य



मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम 17 मई से 22 मई तक चलाया जा रहा है। इन प्रतिभागियों को इस तरह की इंडस्ट्री दिखाना और उनको बेसिक इंडस्ट्री खड़ी करने के लिए 5 पॉइंट प्रोग्राम से समझाया गया। सुखबीर मलिक ने कहा आने वाली पीढ़ी के बच्चों के भविष्य के लिए शिक्षा एवं स्किल बहुत जरूरी है, क्योंकि सभी युवाओं को नौकरियां नहीं मिल सकती। वहीं जन शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर जसवंत कुंडू ने कहा कि आने वोल प्रतिभागियों के भविष्य के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।

# सुरक्षा एजेंट पर हमला करने वाले आरोपी पर एक ओर मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
अंबाला सिटी में सुरक्षा एजेंट पर हमला करने वाले बदमाश के खिलाफ पुलिस ने एक और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो डालने पर यह कार्रवाई की है। आरोपी मोंटी मर्डर केस में जेल में बंद था, जो इन दिनों जामनत पर बाहर आया हुआ है। अंबाला पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुटी है।

अंबाला सिटी की वाल्मीकि बस्ती निवासी मोंटी ने सोशल मीडिया पर अपने हाथों में बंदूक लेकर अलग-अलग पोज बना आम जनता में दहशत फैलाने व डराने धमकाने की नीयत से फोटो डाली हुई है। फोटो में मोंटी बुलेट पर

**पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25-54-59 व धारा 506 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है**

बैठ हाथ में बंदूक लिए हुए है। कारतूस बैल्ट बंदूक की बट पर लगी हुई नजर आ रही है। दूसरी फोटो में दोनों हाथों में बंदूक ली हुई है। तीसरी फोटो में बंदूक अपने हाथों में लिए हुए एक बाइक के पास खड़ा दिखाई दे रहा है और चौथी में दोनों हाथों में बंदूक और हाथ ट्रिगर पर रखे हुए है। बाएं कंधे पर कारतूस की बैल्ट टांगे हुए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25-54-59 व धारा 506 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अनिल विज के दरबार में फरियादियों का लगा तांता



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के आवास पर भारी संख्या में फरियादी पहुंचे हैं। प्रदेशभर के कोने-कोने से लोग अपनी शिकायतें लेकर गृह मंत्री के दरबार में पहुंचे हैं। बता दें कि पिछले लंबे समय से गृह मंत्री का जनता दरबार नहीं लग रहा और प्रदेश की जनता इधर-उधर धक्के

**प्रदेश की जनता इधर-उधर धक्के खाने के बाद गृह मंत्री विज के समक्ष न्याय की गुहार लगाने पहुंच रही है**

खाने के बाद गृह मंत्री विज के समक्ष न्याय की गुहार लगाने पहुंच रही है। फरियादियों का कहना है कि उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं रही। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि सुनने के लिए वे बैठे हैं। हरियाणा की जनता को न्याय के लिए भटकने नहीं दूंगा। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज सुबह से दूर-दराज से शिकायतें लेकर अंबाला कैंट पहुंचे लोगों की शिकायतें सुन रहे हैं और तुरंत अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं। वह ब्राहमण माजरा के पूर्व सरपंच के घर भी गए।

# महिला से दोस्ती कर मासूम बच्चे को युवक ने उठाया

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** अंबाला में युवक ने पहले महिला से दोस्ती की और फिर उसके 3 साल के मासूम बच्चे को किडनैप कर लिया। महिला की युवक से मुलाकात ट्रेन में हुई थी। सफर में हुई बातचीत दोस्ती में बदल गई और महिला अपने साथ युवक को घर ले गई। एक दिन युवक महिला के साथ उसके घर पर रुका भी, लेकिन अगले दिन 3 साल के मासूम को घर से उठा फरार हो गया। बच्चे की किडनैपिंग के बाद महिला ने महेश नगर थाने में शिकायत सौंपी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अंबाला जंक्शन की फुटेज खंगाली है, जिसमें आरोपी युवक बच्चे को गोद में उठाए हुए दिखाई दे रहा है। बिहार के गांव कंकला निवासी काजल ने बताया कि पति के साथ उसकी अनबन चल रही है। वह अंबाला में टांगरी बांध के पास किराए पर रहती है। 10 मई को वह अपने 3 साल के मासूम बच्चे के साथ कटिहार रेलवे स्टेशन गई थी।

# रोटरी रसोई पर भोजन करवा कर वैवाहिक वर्षगांठ को बनाया यादगार

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** रोटरी क्लब द्वारा महावीर चौक पर संचालित रोटरी रसोई पर पिछले करीब 5 वर्षों से लगातार प्रतिदिन मात्र दस रूपए में जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। समय के साथ अब धीरे धीरे अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ व पूर्वजों की याद में जरूरतमंद लोगों को भोजन करवा कर अपने विशेष दिन को यादगार बनाने का प्रेरणा स्तोत्र बन गई है। रोटरी क्लब सदस्यों के अलावा शहर के अन्य गणमान्य जन भी रसोई के माध्यम से लोगों को भोजन उपलब्ध



करवाने में अपना विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं। शनिवार को रोटरी क्लब के सदस्यों डॉ एमएम रावत-रेखा रावत, विजय जिंदल-निर्मल जिंदल एवं विनोद चौधरी व पूनम चौधरी ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर रोटरी रसोई के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को भोजन करवा कर अपनी वर्षगांठ को यादगार बनाया। उन्होने कहा कि हम सभी अपने किसी भी खास मौके पर अपने परिवार के साथ खुशियां मनाते हैं, किंतु किसी जरूरतमंद का पेट भरने में सहयोग करने से अधिक खुशी किसी भी अन्य तरीके से प्राप्त नहीं हो सकती। इस अवसर पर प्रवीण संघी, राजकुमार यादव एडवोकेट, हितेश वर्मा, नरेश गोगिया, गोपाल मित्तल, संजय गर्ग, राजकुमार चौधरी, विकास अग्रवाल सीए, नवीन गुप्ता, विवेक अग्रवाल, मोहित चौधरी, निधि वर्मा, प्रियंका संघी, सुचेता गोगिया, डॉ रजनी गर्ग, नीलम चौधरी, गीतांजली चौधरी, सारिका गर्ग व रेणु मित्तल आदि सभी रोटरी सदस्य उपस्थित रहे।

# 6 गौशालाओं को 1 करोड़ 5 लाख 11 हजार 250 रुपए अनुदान राशि जारी की

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने गन्नौर विधानसभा की 6 गौशालाओं को 1 करोड़ 5 लाख 11 हजार 250 रुपए अनुदान राशि में जारी करने पर विधायक निर्मल चौधरी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गौ सेवा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्ष 2023-24 के लिए गौशालाओं को दी जाने वाली अनुदान राशि में ढाई गुणा की बढ़ातरी की है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश की सभी पंजीकृत गौशालाओं को मौसमी सुखा चारा(तूडा, भूसा) खरीदने के लिए पहली किश्त की अनुदान राशि जारी की है। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कदम उठा रहे हैं और पंजीकृत गौशालाओं को अनेक योजनाएं चलाकर अनुदान राशि देने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने गांव सांदल कलां स्थित श्री राधा कृष्ण गोपाल आदर्श गौशाला को 6 लाख 83 हजार 250 रुपए, गांव गढ़ी झझारा स्थित गौ रक्षनी स्नातन धर्म गौशाला को 16 लाख 03 हजार 500

**गौशाला को 1 हजार रुपए प्रति गौवंश, 99-76 प्रतिशत वाली गौशाला को 750 रुपए राशि मिली है**

रुपए, गन्नौर स्थित श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला को 23 लाख 25 हजार 750 रुपए, गांव खेड़ी गुज्जर स्थित वर्धमान बाबा जगतीनाथ गौशाला को 22 लाख 90 हजार 500 रुपए, गन्नौर स्थित श्री गौशाला को 23 लाख 76 हजार रुपए, गांव शाहपुर तगा स्थित श्री श्री 108 बाबा मोहन दास गौशाला को 12 लाख 32 हजार 250 रुपए की अनुदान राशि जारी की। विधायक ने बताया कि अनुदान राशि गौशाला में अनुत्पादक गौवंश के प्रतिशत के आधार पर प्रति गौवंश की दर से दी जाएगी। केवल नंदी वाली गौशाला में 1250 रुपए प्रति गौवंश वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि शत प्रतिशत अनुत्पादक गौवंश वाली गौशाला को 1 हजार रुपए प्रति गौवंश, 99-76 प्रतिशत वाली गौशाला को 750 रुपए, 75-51 प्रतिशत वाली गौशाला को 500 रुपए और 50-33 प्रतिशत वाली गौशाला को 250 रुपए प्रति गौवंश वित्तीय सहायता दी जाएगी।

# रामकृष्ण कॉलोनी के मोहम्मद जारीर पर हुआ हमला

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी के राम कृष्ण कालोनी में सुबह महोम्मद जारीर पर एक युवक ने हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। छावनी सिविल अस्पताल में उपचार ने महोम्मद जारीर ने बताया कि सुबह नामाज के लिए जा रहा था लेकिन इसके चलते उसके पड़ोसी सकील अहमद ने उस पर तेजधार हथियार से हमला किया। उसने बताया कि चिलाने पर वहां लोग इक्कठे हो गए तभी उसे छावनी सिविल अस्पताल पहुचाया गया।

# बेहाल व्यवस्था का शिकार बन चुके हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के निवासी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
महेंद्रगढ़ रोड़ स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी के लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव से नरकीय जीवन जीने पर विवश हैं , लेकिन यहां के लोगों की व्यथा सुनने वाला कोई नहीं है। विगत आठ दिनों से लगातार दिन रात धरने पर बैठे स्थानीय लोगों को इस बात का मलाल है कि शहर की छोटी सरकार कहती है कि इसके पास बजट नहीं है और प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास का नारा देते लोगों को अंधेरे में जीवन यापन करने पर विवश कर रही है । हालात यह बन चुके हैं कि यहां वार्ड पार्षद के घर के सामने ही सड़क की हालत इतनी खस्ता हो गई है कि यहां से गुजरने वाले को खुद शहर के विकास की असल परिभाषा का अहसास होते तनिक भी समय नहीं लगता। मालूम हो कि नारनौल शहर की सबसे पुरानी सरकारी आवासीय परियोजना के रूप में



विकसित की गई इस कालोनी को बने दशकों वर्ष हो चुके और बसासत के हिसाब से यह कालोनी अब हुड्डा सेक्टर के बाद दूसरे पायदान में शुमार रखती है। शहर की नामी हस्तियां यहां निवास करती हैं , लेकिन कालोनी के हालात यह बने हैं कि यहां आने वाला यही सोचेगा कि यदि शहर का सबसे पिछड़ा क्षेत्र है तो वह हाउसिंग बोर्ड कालोनी ही है । यहां की अधिकांश सड़के इतनी जर्जर हो गई हैं कि बरसात में तालाब के हालात बन जाते हैं । सफाई व्यवस्था का यहां मानो जनाजा ही निकल चुका है। स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था यहां नदारद है । शहर के नवीनकरण के नाम पर यहां गड्ढों की खुदाई कर छोड़ दिया जाता है , लेकिन इन गड्ढों को लेवलिंग करने की जेहमत नहीं उठाई जाती। इन हालातों से परेशान यहां के लोगों ने अनेकों बार नगर परिषद, मंत्री और उच्च अधिकारियों की चौखट पर गुहार लगाई, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात वाला रहा, कोई सुनवाई नहीं हुई। हार कर कालोनी निवासियों ने यहां अनिश्चित कालीन धरना देने का निर्णय लिया, परिणामस्वरूप कालोनीवासियों का धरना सातवें दिन भी बदस्तूर जारी है। अफसोस यह है कि धरने को सातवां दिन है , लेकिन अभी तक प्रशासन या कोई सरकार का चुनींदा प्रतिनिधि यहां लोगों की समस्या के समाधान को लेकर मुलाकत के लिए नहीं आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वैसे तो प्रदेश सरकार सबका विकास सबका साथ का नारा देते नहीं हिचकिचाती, वहीं दूसरी तरफ शहर की नामी सरकारी कालोनी के लोग अपनी जायज मांग को लेकर अनिश्चित कालीन धरना देने पर विवश है।

# विधायक पंवार ने स्कूल में विद्यार्थियों को दी वाटर कूलर की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। विधायक** सुरेंद्र पंवार ने राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल जटवाड़ा में पहुंचकर विद्यार्थियों को वाटर कूलर की सौगात दी। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि विद्यार्थियों को वाटर कूलर की सौगात देकर बेहद सुखद अनुभव हो रहा है। विधायक सुरेंद्र पंवार राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल जटवाड़ा में रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम शिरकत करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि समाज की सेवा करना ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है। हम सभी को प्रयास करना चाहिए कि जल को संरक्षित करे, पानी को व्यर्थ न



करे, ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए हम जल मुहैया करवा सकें। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब आज समाज सेवा के बढचढ कर कार्य कर रहा है। इसी तरह शहर के अन्य स्कूलों में भी वाटर कूलर की सौगात दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तक राजकीय स्कूल मुरथल अड्डा, राजकीय स्कूल बंदेपुर, राजकीय मॉडल स्कूल, मॉडल टाऊन, राजकीय स्कूल जटवाड़ा, आर्य कन्या गर्ल्स स्कूल में वाटर कूलर की सौगात दी जा चुकी है। भविष्य में सोनीपत विधानसभा के किसी भी राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों को वाटर कूलर से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है, विद्यार्थियों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाना हम सबका उद्देश्य है। उन्होंने देखा कि कुछ स्कूलों में विद्यार्थी भीषण गर्मी में गर्म पेयजल पीने को मजबूर रहते है। इसकी वजह से राजकीय स्कूलों में वाटर कूलर की सौगात देने का संकल्प लिया। इसी संकल्प के साथ स्कूलों में वाटर कूलर की सौगात देने का सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि सोनीपत का विधायक होने के नाते उनका फर्ज बनता है कि सोनीपत के सभी राजकीय स्कूलों में जो समस्याएं है उनके समाधान के लिए आवाज बुलंद की जाए। कुछ दिन पहले लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में उन्होंने सोनीपत विधानसभा के सभी स्कूलों में शौचालयों की स्थिति को लेकर सवाल किया था, उस दौरान डीईओ ने स्कूलों में व्यक्तिगत तौर पर विजिट करके समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था।

# महेंद्रगढ़ बार एसोसिएशन ने नारनौल बार के समर्थन में रखा दो दिन का वर्क ससपेंड

**हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि वहां वकील साथियों के साथ गलत हुआ है**

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेन्दगढ़।** महेंद्रगढ़ बार एसोसिएशन ने बार रूम में बार एसोसिएशन के प्रधान राजीव खोश्या एडवोकेट की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने जिला बार एसोसिएशन नारनौल में चल रही हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि वहां वकील साथियों के साथ गलत हुआ है और वकीलों




के खिलाफ जो एफआईआर दर्ज की है उसे तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाये। हमारी बार भी उनका समर्थन करती है और शुक्रवार व शनिवार को वर्क ससपेंड करती है। शुक्रवार व शनिवार को कोई भी अधिवक्ता न्यायालय में पेश नही होंगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि नारनौल के वकीलों के खिलाफ हुई एफआईआर को तुरंत रद्द कर उन्हें न्याय दिलवाया जाये। इस मौके पर सभी अधिवक्ता मौजूद रहे और बार का पूर्णरूप से सहयोग किया।

# हरियाणा सरकार बेटियों के उत्थान के लिए संकल्पबद्ध: सीएम

**पिछले साढ़े 8 सालों में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत 821 करोड़ रुपये की राशि दी, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लाभार्थियों से मुख्यमंत्री ने किया सीधा संवाद**

**शगुन की राशि हमारे लिए वरदान से कम नहीं, सरकार ने हमें बेटी की शादी की चिंता से किया मुक्त- लाभार्थी**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार बेटियों के उत्थान के लिए संकल्पबद्ध हैं। बेटियां देश व समाज के निर्माण में बराबर की भूमिका निभाएंगी, तब ही हम 21वीं सदी के नये भारत का निर्माण कर पाएंगे। अपने इसी संकल्प को पूरा करने हेतू हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के रुप में गरीब व जरूरतमंद परिवारों को बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता देकर अपनी ओर से महत्त्वपूर्ण योगदान दे रही है। मुख्यमंत्री ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नई दिल्ली से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नागरिकों से आह्वान किया कि समाज में फैली दहेज रूपी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए अपना योगदान दें और यह संकल्प लें कि न तो दहेज लेंगे और न दहेज देंगे।
संवाद के दौरान इस योजना का लाभ लेने वाले परिवारों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शगुन की राशि हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। किसी भी गरीब परिवार के लिए बेटी का विवाह बड़ी चिंता का विषय होता है, आपने शगुन के तौर पर आर्थिक सहायता देकर हम जैसे कई परिवारों को बेटी की शादी की चिंता से मुक्त किया है।

**लाभार्थी की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने दिए एफआईआर के आदेश, 7 दिनों में लाभार्थी को दी जाए राशि:** इस दौरान पानीपत से लाभार्थी रामपाल ने मुख्यमंत्री के समक्ष शिकायत रखी कि उन्हें विवाह शगुन योजना के तहत पैसे नहीं मिले हैं, स्थानीय अधिकारी कहते हैं बैंक में राशि डाल दी गई और बैंक वाले कहते हैं कि राशि नहीं आई है। शिकायत पर मुख्यमंत्री ने तुरंत एक्शन लेते हुऐ विभाग को 7 दिन में पैसे लाभार्थी को देने के निर्देश दिए। साथ ही, जिस भी अधिकारी या कर्मचारी की गलती हो, उसके खिलाफ एफआईआर कर जांच के भी निर्देश दिए। इसके अलावा, फतेहाबाद से एक लाभार्थी श्रीमती गुड्डो देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें इस योजना के तहत शगुन की पूरी राशि प्राप्त नहीं हुई है और जब उन्होंने विभाग से पता किया तो यह बताया गया कि गलती से किसी दूसरे लाभार्थी के खाते में राशि चली गई है। डीसी ने हस्तक्षेप करके 64000 रुपए दिलवा दिए हैं, 7000 रुपए अभी रहते हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने उसी समय डीसी श्रीमती मनदीप कौर को फोन लाइन पर लेकर इनका सात दिन में समाधान करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को मैरिज रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सरल करने के निर्देश भी दिए। लाभार्थियों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को इस चिंता से मुक्त करने के लिए अक्तूबर, 2015 से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना की शुरूआत की थी।

**लाभार्थियों के सिबिल स्कोर ठीक करवाने के लिए सरकार कर रही है विचार**

**सीएमजीजीए** ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत चौथे चरण में चल रहे अंत्योदय मेलों में अधिक से अधिक अंत्योदय परिवारों को बुलाकर रोजगार दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे परिवारों की सूची तैयार करें, जिनके सिबिल स्कोर खराब होने के कारण उन्हें बैंकों से ऋण मिलने में दिक्कत आ रही है। ऐसे लाभार्थियों के सिबिल स्कोर ठीक करवाने के लिए भी सरकार विचार कर रही है, ताकि जरूरतमंद परिवारों के आर्थिक उत्थान के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

**हैप्पीनेस इंडेक्स के तहत 4 जिलों में चलाया जाएगा पायलट प्रोजेक्ट :** सीएमजीजीए ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पहले 2 महीनों के दौरान उनके निदेर्शानुसार भूटान की तर्ज पर नागरिकों के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए हैपीनेस इंडेक्स मापने के लिए कार्य योजना तैयार कर ली गई है।

# इंद्रजीत सिंह ने मानेसर में कॉर्पोरेट गवर्नेंस एवं रिसर्च ट्रेंनिंग केंद्र की रखी नींव

**शनिवार को गुरुग्राम के मानेसर, सेक्टर 2 में कॉरपोरेट गवर्नेंस रिसर्च एंड ट्रेंनिंग केंद्र की आधारशिला रखी**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
केंद्रीय योजना,साख्यिक और कार्यक्रम कार्यान्वयन व कारपोरेट कार्य राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने शनिवार को गुरुग्राम के मानेसर, सेक्टर 2 में कॉरपोरेट गवर्नेंस रिसर्च एंड ट्रेनिंग केंद्र की आधारशिला रखी। कॉरपोरेट कंपनियों में कंपनी सचिव उपलब्ध कराने वाली भारतीय कंपनी सचिव संस्थान का हैदराबाद, मुबंई व कोलकाता के बाद यह चौथा व उत्तर भारत का पहला ट्रेंनिंग सेंटर होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने उद्घाटन उपरांत अपने संबोधन में कहा कि उत्तर भारत के इस पहले ट्रेंनिंग सेंटर के शुरू होने के उपरांत यहाँ से निकलने वाले अधिकारी निश्चित रूप से हरियाणा के साथ साथ देश की आर्थिक उन्नति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राव ने भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की कार्यप्रणाली का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी देश की उन्नति में उसकी इंडस्ट्रीज का अहम रोल होता है। ऐसे में सभी इंडस्ट्रीज पूरी पारदर्शिता के साथ काम करती रहे यह सुनिश्चित करने के लिए भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की ओर से सभी कंपनियों में कंपनी सचिव की नियुक्ति की जाती है। उन्होंने कहा कि कंपनी सचिव सरकार व कंपनी के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी की तरह काम करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय कंपनी सचिव संस्थान भारतीय कॉरपोरेट्स को विभिन्न कानूनों के विभिन्न पहलुओं में गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध करा भारत की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।
उन्होंने कहा कि यह संस्थान के निरंतर और समर्पित प्रयासों का परिणाम है कि आज भारत के पास सचिवीय मानक और लेखा परीक्षा मानक हैं। उन्होंने कंपनी सचिवों द्वारा खुद को सामाजिक लेखा परीक्षकों के रूप में सूचीबद्ध किए जाने पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि कंपनी सचिव आज के मौजूदा परिवेश में कई प्रकार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए विविध भूमिकाएँ निभाने लगे हैं। ऐसे में आने वाले समय में गवर्नेंस प्रोफेशनल्स को देश भर में गवर्नेंस स्ट्रक्चर के सच्चे केयरटेकर की भूमिका निभाने के लिए आगे आना होगा। इस दौरान उन्होंने समर्पित उद्देश्यों वाली दो नई कंपनियों - आईसीएसआई इंटरनेशनल एडीआर सेंटर और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल ऑडिटर्स का समावेश की भी सराहना की। राव ने कहा कि आजादी के अमृत काल मे भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। आत्मनिर्भर भारत से विश्व गुरु बनने के इस सफर में बिजनेस इंडस्ट्री का भी महत्वपूर्ण रोल रहेगा।

# श्रम मंत्री अनूप धानक ने उकलाना में सुनी जनसमस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/उकलाना**
हरियाणा के श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक ने शनिवार को उकलाना स्थित अपने आवास पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर जन - समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। श्रम मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत गरीब व्यक्तियों की वार्षिक आमदनी को एक लाख से बढ़ाकर एक लाख 80 हजार रुपये तक करने का लक्ष्य रखा गया है। परिवार पहचान पत्र , बीपीएल कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन व चिरायु योजना का लाभ स्थानीय स्तर पर ही पात्रों को मिले, संबंधित विभागों के अधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। गांवों में भी शहरी क्षेत्रों की तर्ज पर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निराकरण के लिए नागरिकों को जिला मुख्यालय तक न जाना पड़े, इसके लिए संबंधित अधिकारी कारगर कदम उठाना सुनिश्चित करें ।

**राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका अहम: डा.बनवारी लाल**
**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि युवा शक्ति की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका है, ऐसे में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर युवा आगे बढ़ें और अपना दायित्व निभाएं। डा.बनवारी लाल ने यह बात शनिवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर परिसर में आजादी अमृत काल के तहत नेहरू युवा केंद्र, रेवाड़ी के तत्वावधान में आयोजित जिला युवा उत्सव 2023 के शुभारंभ अवसर पर कही।
डा.बनवारी लाल ने जिलास्तरीय युवा उत्सव के शुभारंभ अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया।

# उपमुख्यमंत्री की पहल पर जलशक्ति मंत्रालय की तीन सदस्यीय टीम पहुंची सिरसा

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
पिछले लंबे अरसे से शहर के अधिकांश हिस्सों में पानी निकासी की समस्या पर अब जल्द ही कड़ा प्रहार होगा और इस दिशा में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला की पहल पर भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय की तीन सदस्यीय टीम सिरसा पहुंची। इस टीम का सहयोग करते हुए जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों जिसमें जेजेपी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी हरिसिंह भारी, राजेंद्र सरदाना, योगेश शर्मा, सतपाल अरोड़ा ने उन्हें शहर के उन तमाम स्थानों का अवलोकन करवाया जहां बरसाती पानी की वजह से पूरा शहर जलमग्न नजर आता है। भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय की इस तीन सदस्यीय टीम का नेतृत्व राजेंद्र श्योराण कर रहे थे। जेजेपी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस टीम को जीवन सिंह जैन पार्क के समीपस्थ क्षेत्र के अलावा भगवान परशुराम चौक, सूरतगढि?या बाजार, हिसारिया बाजार, कबीर चौक, शिव चौक, वाल्मीकि चौक, आईटीआई के पास वाला क्षेत्र, काठ मंडी सहित तमाम इलाकों से परिचित करवाया जहां थोड़ी सी बरसात आते ही शहर जलमग्न हो



जाता है और लोगों को आने जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उस दौरान शहरवासियों ने उनके समक्ष सिरसा शहर में बरसाती पानी की उचित निकासी न होने से होने वाली परेशानियों के बारे में बताया था। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के जलशक्ति मंत्रालय के तहत कार्य करने वाली वॉटर एंड पॉवर कंसल्टेंट विभाग के अधिकारियों से संपर्क साधकर सिरसा शहर को इस कठिनाई से बचाने के लिए वहां के निचले क्षेत्र का अवलोकन करने की बात कही थी। इसी कड़ी में भारत सरकार की यह तीन सदस्यीय टीम सिरसा पहुंची जहां जेजेपी पदाधिकारियों ने उन्हें बरसाती पानी से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का अवलोकन करवाया।

# गुरुग्राम में रविवार को राहगीरी में सीएम मनोहर लाल होंगे चीफ गेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार 21 मई की सुबह गुरुग्राम के सेक्टर- 79 में आयोजित होने वाले राहगीरी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर राहगीरी स्थल पर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री के स्पेशल ऑफिसर (कम्युनिटी पुलिसिंग एंड आऊटरीच) पंकज नैन तथा डीसी निशांत कुमार यादव ने शनिवार की शाम तैयारियों को अंतिम रूप दिया। डीसी निशांत कुमार यादव ने राहगीरी कार्यक्रम के लिए जिलावासियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि इस बार राहगीरी इवेंट में जल व पर्यावरण संरक्षण, खेल-कूद व स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता, सड़क सुरक्षा, मनोरंजन आदि से जुड़े दो दर्जन से अधिक इवेंट रखे गए हैं। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण जिलावासियों को बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बार के इवेंट में अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी मनु भाकर, वर्ष 2016 के रियो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी तैराक शिवानी कटारिया सहित विशिष्ट उपलब्धियों वाले कई प्रेरक व्यक्ति भागीदारी करेंगे।

# किरायेदार या नौकर रखने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन करवाना जरूरी: एसपी मीणा

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
**पुलिस** अधीक्षक उदय सिंह मीना ने कहा कि अपराध व अपराधियों पर और अधिक कारगर ढंग से अंकुश लगाने के लिए किरायेदारों व घरेलू नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन कराना अत्यंत जरुरी है। यह बात उन्होंने शनिवार को आमजन को जागरुक करते हुए कही।

# कनाडा भेजने के नाम पर 14 लाख रुपये ठगे

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिले के रतिया क्षेत्र में एक युवक को कनाडा भेजने और वर्क वीजा लगवाने के नाम पर उससे 14 लाख रुपये हड़प लिए गए। इस बारे में जब रतिया पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित ने अदालत में याचिका दायर की। अब अदालत के आदेश के बाद रतिया पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अदालत में दायर याचिका में रतिया के वार्ड-7 निवासी राजेंद्र ने बताया कि उसका बेटा सतविंद्र 12वीं नॉन मेडिकल पास है और स्टील व कारपेंटर का काम करता है। उसका रिश्तेदार तरसेम सिंह पत्थर का मिस्त्री है। उसने 2020 में दिगोह निवासी परमजीत सिंह की कोठी पर पत्थर लगाने का काम किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार परमजीत ने उसे बताया कि उसके भाई प्यारा सिंह का साला मनदीप सिंह निवासी पंजाब बच्चों को गारंटर के तौर पर विदेश भेजने का काम करता है। मनदीप सितंबर 2020 में अपने रिश्तेदार प्यारा सिंह दिगोह के घर आया हुआ था। उसने बताया कि 9 सितंबर 2020 को आरोपित मनदीप उसकी रतिया में टोहाना रोड स्थित दुकान पर आया और बताया कि वह उसके बेटे सतविन्द्र को 2 साल के वर्क परमिट पर कनाडा भिजवा देगा। इसके लिए 22 लाख रुपये लगेंगे और समय तीन महीने का लगेगा। उसे 11 लाख रुपये वीजा लगने से पहले और 11 लाख रुपये वीजा के बाद देने को कहा गया।

# दिल्ली के एलजी ने नजफगढ़ ड्रेन के इनलेट का किया निरीक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**दिल्ली के** उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को गुरुग्राम में नजफगढ़ ड्रेन के इनलेट ड्रेन लेग-एक, दो व तीन का निरीक्षण किया। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीसी मीणा व उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने उप-राज्यपाल का गुरुग्राम पहुंचने पर स्वागत किया। इनलेट चैनल से जुड़े कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।
उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने गांव बजघेड़ा, धर्मपुर व धनकोट के पास तीनों इनलेट लेग पर पहुंचकर जल शोधन से जुड़े कार्यों की जानकारी ली। साथ ही नजफगढ़ ड्रेन के साथ गुरुग्राम जिला में जलभराव वाले इलाकों में



समस्या के समाधान पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जलभराव वाले इलाकों में छोटी ड्रेन के प्रोजेक्ट तैयार कर उन पर एसटीपी लगाए जाए ताकि प्रदूषित जल नजफगढ़ ड्रेन में न जा सके और यमुना को स्वच्छ रखा जा सके। इस दौरान जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीसी मीणा ने नगर निगम व जीएमडीए के माध्यम से इन लेग पर हुए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उप राज्यपाल ने जिला में इनलेट ड्रेन पर जारी कार्यों की वीडियो रिपोर्ट भी देखी। उन्होंने आगामी बरसात के सीजन से पहले इनलेट ड्रेन व जलभराव वाले क्षेत्रों से जुड़े कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न रिपोर्ट्स का अवलोकन व मौके का मुआयना करने के उपरांत संतोष जाहिर करते हुए कहा कि यहां पर अच्छा कार्य हुआ है। छोटे-छोटे प्रयोग कर इस कार्य को अधिक बेहतर बनाया जाए। इस दौरान दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने भी विभिन्न विषयों को लेकर अपने सुझाव दिए।
इस अवसर पर गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र कुमार यादव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा के इंजीनियर इन चीफ बीरेंद्र सिंह, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के इंजीनियर इन चीफ असीम खन्ना सहित दिल्ली व हरियाणा के संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहें।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available
अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच




आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)
RVS EYE CENTER
Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD, SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

## न्यूज फ्लैश

### लेन चेंज व ओवर स्पीड को लेकर जिला पुलिस ने चलाया स्पेशल अभियान




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस के यातायात थाना की टीम द्वारा हाइवे पर गलत दिशा व ओवर स्पीड में चलने वाले वाहनों पर लगाम लगाने हेतु आज एक स्पेशल अभियान चलाया गया। पुलिस महानिरीक्षक ट्रैफिक एवं हाईवे (हरियाणा) के आदेशानुसार आज यातायात व हाईवे थाना प्रबंधक निरीक्षक जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में टीम द्वारा करनाल-कुरुक्षेत्र सीमा समानाबाहू के पास यह अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत यातायात थाना की टीम द्वारा गलत लेन में चल रहे वाहनों को रोककर सही लेन में चलने के लिए जागरूक किया गया। वहीं टीम द्वारा तय गति सीमा से अधिक गति में चलने वाले वाहनों को रोककर वाहन चालकों व वाहन मालिकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें तय गति सीमा से अधिक गति में वाहन चलाने पर होने वाले आर्थिक व शारीरिक नुकसान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। टीम द्वारा इस दौरान जान-बूझकर यातायात नियमों के उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के चालान भी किए गए। इस तरह के अभियानों के अलावा भी जिला पुलिस समय-समय पर लोगों को जागरूक करने के लिए यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाती है। उन अभियानों के तहत स्कूल के विद्यार्थियों व सार्वजनिक स्थान पर आमजन को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाती है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

# भक्ति के सागर में डुबकी लगाने से ही मनुष्यों के सब पाप नष्ट हो जाते है: देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**पांची** रोड पर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के 26 वां वार्षिक स्थापना महोत्सव पर गुरु श्री सतपाल जी महाराज के पावन सान्धिय में शनिवार को शहर के मुख्य मार्गों से विशाल रथ यात्रा के साथ कलश व निशान शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में खाटू श्याम प्रेमी भक्त शामिल होकर झूमते रहे। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की, उनका यहां पहुंचने पर फूलमालाओं से स्वागत किया गया । इसके उपरांत समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने श्याम बाबा के चरणों में शीश झुका कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की और बाबा श्याम का निशान लेकर यात्रा के साथ चल पड़े। हारे के सहारे, लखदातार के जयकारों से शहर भक्तिमय हो गया। कादियान ने कहा कि खाटू वाला श्याम बाबा तो हारे का सहारा है, अगर





कोई व्यक्ति परेशान होता है तो उनकी शरण में आने के बाद उसके दुखों का निवारण हो ही जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक आस्था रखते हुए बाबा श्याम की भक्ति करनी चाहिए। भक्ति के सागर में डुबकी लगाने से ही मनुष्यों के सब पाप नष्ट हो जाते है। इस शुभ अवसर पर गुरु श्री सतपाल जी महाराज ने देवेंद्र कादियान को बाबा श्याम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान संकीर्तन में गायकों द्वारा बाबा श्री श्याम खाटू वाले की महिमा का गुणगान किया गया। गायकों ने मेरे शीश के दानी का देश में डंका बाजे है, आया रे श्याम आया रे ओर बाबा के रंग में झुककर मैं नाचू, बाबा है निराला पर है पर... भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर विनोद जिंदल, अमित जैन, वीरेंद्र धनखड़, सतीश गुलिया, मुकेश जैन, सुनील जैन, चैन सिंह चंचल, रमेश बंसल, राजीव राय, सुरेंद्र जाग्या, विजय वशिष्ठ, अनिल मित्तल, अरुण बजाड़, हरीश मल्होत्रा समेत काफी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

## विभिन्न मामलों में उद्घोषित चार आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** थाना सिविल लाईन की टीमों द्वारा विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा उद्घोषित किए गए चार आरोपियों धर्मेंद्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह वासी सेक्टर 8 करनाल, कृष्ण पुत्र बलवान सिंह वासी घोघडीपुर करनाल, आरोपी मोहित वालिया पुत्र सतीश वालिया वासी फतेहपुर पुंडरी जिला कैथल, आरोपी संजू उर्फ संजय पुत्र राजेंद्र वासी हांसी रोड करनाल को विश्वसनीय सूचना के आधार पर अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया गया। आरोपी धर्मेंद्र व कृष्ण के उद्धघोषित होने के संबंध में न्यायालय मिस नीलम जेएमआईसी करनाल, आरोपी मोहित वालिया के उद्धघोषित होने के संबंध में न्यायालय एके यादव जेएमआईसी करनाल और आरोपी संजय के उद्धघोषित होने के संबंध में न्यायालय पवनदीप कौर जेएमआईसी करनाल के आदेशानुसार थाना सिविल लाइन में धारा 174ए आईपीसी के तहत मामले दर्ज किए गए थे।
अन्य मामलो में भी पुलिस पीओ घोषित हो चुके व न्यायालय द्वारा भगौड़े घोषित किए गए आरोपियों को गिरफ्तार करने के जिला पुलिस द्वारा तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खेवडा मे एमएस एकेडमी के खिलाड़ियों को बास्केटबॉल मैदान बनाने के लिए दी नकद राशि



**टीम एक्शन इंडिया/राई ।** गांव खेवडा मे एम एस एकेडमी की वर्षगांठ के दो साल पूर्ण होने पर समाजसेवी प्रतीक शर्मा माखन भोग वाले की ओर खिलाड़ियों को अपनी तरफ से दीवार घड़ी व बास्केटबॉल का मैदान तैयार करने के लिए 21 राशि का योगदान दिया । समाजसेवी प्रतीक शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों के साथ शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है, इसलिए जीवन में कोई न कोई खेल जरूर करना चाहिए । इस मौके पर नरेश सेतिया.राजेश वत्स. कृष्ण शर्मा. मुकेश कोच. राजेंदर पंडित, राजेश अंतील, सुल्तान चौहान. इंद्र कौशिक. बालक राम. अमन वत्स, वंश शर्मा आदि मौजूद थे ।

## आम नागरिक लू से बचाव के लिए एडवाइजरी की करें अनुपालना: डीसी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं उपायुक्त अनीश यादव ने आमजन से लू व हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए सरकार की ओर से जारी की अनुपालना करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है।

## एसपी ने पब्लिक डीलिंग व लंबित मामलों के निपटान को लेकर ली मीटिंग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पुलिस** अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने पुलिस लाइन के सभागार में जिले की तमाम पुलिस चौकियों के इंचार्ज व मुंशियों के साथ एक मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग का उद्देश्य पुलिस चौकियों में लंबित पड़ी शिकायतों व मामलों का शीघ्र अति शीघ्र प्रभावशाली निपटान करना व चौकियों में आने वाले फरियादियों की फरियाद का जायज समाधान करने का रहा। इस मीटिंग के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने पुलिस चौकी इंचार्जों व मुंशियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस चौकियों में



जितनी भी शिकायत व मामले बेवजह लंबित पड़े हुए हैं, उनका अति शीघ्र निपटान किया जाए। इनके अलावा पुलिस चौकियों में अन्य किसी भी प्रकार के कार्य को बेवजह लंबित न रखा जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस चौकियों में आने वाले फरियादियों की फरियाद को तसल्लीपूर्वक सुना जाए।

## वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना की पात्रता में आय सीमा हुई तीन लाख

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा सरकार द्वारा वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना की पात्रता में आय सीमा को 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये वार्षिक किया गया है, जिसके चलते अब परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में 3 लाख रुपये वार्षिक आय वाले परिवारों में बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ मिल सकेगा।
उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि सरकार ने बड़ी संख्या में जरूरतमंद परिवारों को इस निर्णय से राहत पहुंचाई है।

## शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने के साथ मन को शांत करते हैं योगासन: शमशेर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सेक्टर-9** स्थित अटल पार्क में शनिवार को आयोजित योग कक्षा में साधकों को योग का अभ्यास करवाया गया। योग शिक्षक शमशेर सिंह नैन ने साधकों को शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया।
उन्होंने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए गेम चेंजर हो सकता है। योग की प्राचीन प्रथा हजारों वर्षों से चली आ रही है और यह कई प्रकार के लाभ प्रदान करती है, जो आपको अधिक संतुलित, स्वस्थ और पूर्ण जीवन जीने में मदद कर सकते हैं। लचीलेपन और शक्ति में सुधार से लेकर तनाव और चिंता को कम करने तक, योग आपको शांति और शांति की भावना प्राप्त करने में मदद कर सकता है, जो आज की तेजी से भागती दुनिया में मिलना मुश्किल है।
मनोज वधवा ने कहा कि सूर्य नमस्कार न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य प्रदान करता है, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक बल भी प्रदान करता है। सूर्य नमस्कार के 12 आसन हमारे शरीर के आंतरिक और बाहरी अंगों को स्वस्थ और निरोगी बनाए रखते हैं। इस योग कक्षा में मोनू सभरवाल ने भी योग के आसन करवाए। उन्होंने बताया कि भुजंगासन करने से फेफड़े मजबूत होते हैं। कंधे और गर्दन के तनाव को दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर बप्पन चौधरी, सोनाक्षी राखा, नीटू वसन, राजरानी, स्नेह भल्ल, नीलम कांबोज, सुशीला, नीलम बराना, सीमा, सरोज, सुदेश कांबोज, राजेंद्र जैसवाल, दीक्षित, रामसिंह, हंसराज ढींगडा, श्रीदत्त, आत्मप्रकाश, पवन अग्रवाल व गुलशन शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने किया गांव काछवा का दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्यमंत्री प्र**तिनिधि संजय बठला ने शनिवार को गांव काछवा का दौरा किया। सबसे पहले उन्होंने दादा खेड़ा महाराज के लंगर हाल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उसके बाद उन्होंने कश्यप चौपाल, भाट चौपाल, फाईव पौंड और स्टेडियम का दौरा किया और ग्राम पंचायत द्वारा करवाएं जा रहे कार्यों की भरपूर प्रशंसा की।
मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने आश्वासन दिया कि गांव के लोगों की मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर



उनके साथ सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अघी, सरपंच प्रतिनिधि डॉ. दीपक, जोगिंदर प्रधान, ब्लॉक समिति मेंबर सुरेश भारद्वाज, अरुण शर्मा, पंच गौरव, पंच प्रतिनिधि सतीश कुमार, भाजपा

▶▶फाईव पौंड और स्टेडियम का दौरा किया और ग्राम पंचायत द्वारा करवाएं जा रहे कार्यों की भरपूर प्रशंसा की

कार्यकर्ता हवा सिंह कांगर, भाजपा रामनगर मंडल महामंत्री प्रमोद नागपाल, खेड़ा कमेटी के प्रधान मदनलाल, नरेश भारद्वाज, भाजपा नेता प्रदीप भाटिया, अतर सिंह प्रजापत, मोहनलाल भारद्वाज, राजेश भैनखड, नरेंद्र वर्मा, बलबीर प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## धान की सीधी बिजाई पर मिलती है 4 हजार प्रति एकड़ अनुदान राशि

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त अनीश यादव ने जिला के किसानों का आह्वदान किया कि वे भू-जल के गिरते स्तर को ध्यान में रखकर धान की सीधी बिजाई करें। धान की बिजाई करने पर लेबर इत्यादि की आवश्यकता भी बहुत कम पड़ती है और सरकार की ओर से धान की सीधी बिजाई करने वाले किसान को 4 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान राशि भी दी जाएगी।
उपायुक्त ने बताया कि किसान पानी की कम लागत वाली फसलों को अपनाएं ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। किसान भू-जल, लेबर व समय की बचत करने के लिए धान की सीधी बिजाई करें। उन्होंने बताया कि इस विधि से बिजाई करने में 15 से 20 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है। जहां एक ओर धान की सीधी बिजाई वाली विधि से पैदावार, रोपाई करके लगाई गई धान की फसल के बराबर होती है, वहीं दूसरी ओर फसल 7 से 10 दिन पहले पककर तैयार हो जाती है। जिस कारण धान की पराली सम्भालने व गेहूं अथवा सब्जियों की बिजाई करने के लिए अधिक समय मिल जाता है।
उपायुक्त ने बताया कि धान की सीधी बिजाई करने से बीमारियां एवं कीडों का प्रकोप भी कम होता है। किसान अपने खेत में धान की विभिन्न किस्मों जैसे पूसा 1509, पूसा 1692, पीआर 126 व हाईब्रिड किस्मों के साथ-साथ बासमती धान की भी सीधी बिजाई कर सकते हैं।

## बच्चों को मोबाइल की लत से बचाएं अभिभावक : कैहरबा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिले के गांव ब्याना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अभिभावक-अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी कक्षा प्रभारियों और विषय अध्यापकों ने अभिभावकों को यूनिट टेस्ट में विद्यार्थियों के अंकों से अवगत करवाया। अध्यापकों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की अहम भूमिका को रखांकित करते हुए सक्रिय हिस्सेदारी का आह्वान किया। प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा, संजीव कुमार, बलविन्द्र सिंह, राजेश सैनी, अनिल पाल, सतीश कांबोज, सलिन्द्र मंढ़ाण, सतीश राणा, संदीप कुमार, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, विवेक शर्मा, बलराज, सीमा गोयल, मुकेश खंडवाल, विनोद कुमार, गोपाल दास, महाबीर सिंह, सन्नी चहल, नरेन्द्र कुमार, नरेश मीत व चन्द्रवती ने विद्यार्थियों की जरूरतों के अनुसार



अभिभावकों और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें परामर्श सेवाएं प्रदान की। हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा ने बताया कि अभिभावकों के साथ अध्यापकों की बैठकें शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का अहम अंग हैं। इनसे अध्यापकों को विद्यार्थियों की सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक स्थितियों का पता चलता है। विद्यार्थियों की आदतों, रूचियों, अभिरूचियों और राष्ट्रीय व शैक्षिक मूल्यों में उनकी स्थिति के बारे में ठोस जानकारी मिलती है। बच्चों की शैक्षिक प्रगति में अग्रणी, मध्यम व पिछड़े होने के कारणों का ज्ञान होता है। उन्होंने बताया कि बैठक में अभिभावकों ने बच्चों की पढने की आदतों और अवरोधों के बारे में विस्तार से बताया। अध्यापकों ने अभिभावकों को शिक्षा के अवरोधों को दूर करने के लिए उपयोगी परामर्श प्रदान किए।
अरुण कुमार ने कहा कि बहुत से बच्चों में मोबाइल की लत लग रही है। मोबाइल पर अधिक समय बिताने से उनकी एकाग्रता कम होती जा रही है। इससे उनकी किताबों में दिलचस्पी कम हो रही है। बच्चों में चिड़चिड़ापन और गुस्सा बढ़ रहा है, जिससे वे माता-पिता के कहे को मानने में आनाकानी करते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में मोबाइल सहित तकनीकी उपकरण उपयोगी तभी तक हो सकते हैं, जब तक उनका संयमित तरीके से इस्तेमाल किया जाए। मोबाइल पर ज्यादा समय बिताने और गेम व सोशल मीडिया आदि का प्रयोग करना बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। संस्कृत प्राध्यापक बलविन्द्र सिंह, संजीव कुमार, सतीश राणा व संदीप कुमार ने अभिभावकों को बच्चों की खान-पान की आदतों पर विशेष ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा कि बहुत से बच्चे स्कूल में सुबह खाना नहीं खाकर आते।

## संपादकीय

# विकास न बने विनाश का कारण

**भले** ही जलवायु परिवर्तन को लेकर दुनिया के देश लाख चिंता जता रहे हों। शिखर सम्मेलनों में नित नए प्रस्ताव पारित किए जा रहे हों। पर वास्तविकता तो यही है कि दुनिया के देश पिछले आठ साल से लगातार सबसे ज्यादा गर्मी से जूझते आ रहे हैं। पिछले सालों में ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार जिस तरह से बढ़ रही है। जिस तरह से जंगलों में दावानल हो रहा है। जिस तरह से समुद्री तूफान, चक्रवात या सुनामियां आए दिन अपना असर दिखा रही हैं। वास्तव में यह अत्यधिक चिंता का विषय बनता जा रहा है। इस क्षेत्र में काम कर रहे विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि ग्लेशियर किनारे बसे शहरों के अस्तित्व का संकट भी मुंह बाये खड़ा दिखाई देने लगा है। हालांकि समय पर सूचनाओं और डिजास्टर मैनेजमेंट व्यवस्था में सुधार का यह तो असर साफ दिखने लगा है कि प्राकृतिक आपदाओं के चलते जनहानि तो न्यूनतम हो रही है पर जिस तरह से धन-हानि हो रही है और आधारभूत संरचना को नुकसान पहुंच रहा है वह भी अपने आप में गंभीर है। दरअसल प्रकृति प्रदत्त उपहारों का जिस तरह से अंधाधुंध दोहन किया गया है और जिस तरह से नित नई सुविधाओं के साइड इफेक्ट जब तक हमारे सामने आते हैं तब तक हम बहुत कुछ खो चुके होते हैं। अब ग्लेशियरों के किनारों तक पहुंच और फिर पिकनिक स्पॉट की तरह उनका उपयोग होने से केवल प्लास्टिक ही नहीं अन्य कारणों से बुरा असर पड़ा है। आज वैज्ञानिक मानने लगे हैं कि जिस तरह से जीवन को आसान बनाया गया है वे सभी कारण कार्बन उत्सर्जन या यों कहें कि प्रकृति को विकृत करने में सहायक रहे हैं। आज यह सामने आ रहा है कि संवाद के सामान्य साधन ई- मेल से ही कार्बन उत्सर्जन होने लगा है। फिर आसानी से कल्पना की जा सकती है कि हमारे एसी, हमारे रेफ्रिजरेटर, ओटीजी, ओवन, दैनिक उपभोग के इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद कितना अधिक प्रभावित कर रहे हैं। केमिकल फर्टिलाइजरों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण भूमि की प्रभावित होती उर्वरा शक्ति को हम अब समझ पा रहे हैं और एक बार वापस वैदिक खेती, या जैविक खेती या परंपरागत खेती की बात करने लगते हैं। यह तो एक इशारा मात्र है। आज जंगलों को वापस आबाद करने पर जोर दिया जाने लगा है। अंधाधुंध शहरीकरण के चलते हमनें हमारी संस्कृति, परंपरा, जलवायु और पर्यावरण सभी को प्रभावित किया है। प्राकृतिक तरीके से गांवों में बने आवासों का स्थान शहरीकरण के चलते गगनचुंबी कंक्रीट के संजालों ने ले लिया है। यह केवल और केवल समय, स्थान व धन बचाने के चक्कर में परंपरागत भवन निर्माण तकनीक को नजरअंदाज करने का परिणाम है। औद्योगिकीकरण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के जो कार्य किए जाने थे या यूं कहें कि जो सावधानी बरतनी थी उस ओर हमारा समय रहते ध्यान गया ही नहीं। गगनचुंबी इमारतों के रहवासियों के लिए प्राकृतिक धूप और प्रकाश दूर की बात होता जा रहा है। बच्चों का मिट्टी में खेलना तो दूर की बात हो गई है। देखा जाए तो हम जिस तरफ नजर घुमाते हैं उसी तरफ अब विकृतियां सामने आने लगी है।

# कांग्रेस कर्नाटक से मिले बूस्टर को हर राज्य में अपनाएगी

अशोक भाटिया,

> इसी तरह, दशकों में पहली बार, कर्नाटक में कांग्रेस चुनाव से 45 दिन पहले पार्टी प्रत्याशियों की अपनी पहली सूची जारी करने में सफल रही। जैसा कि मैंने एक अन्य स्तंभ में उल्लेख किया है, यह एक ध्यान देने योग्य विकास था क्योंकि अतीत में ए।के। एंटनी, के। पार्टी प्रत्याशियों के शीघ्र चयन की आवश्यकता 1998 से 2017 और फिर 2019-2022 के बीच पार्टी अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी के लंबे कार्यकाल में इस सिफारिश को स्वीकार किया गया, लेकिन इसे कभी लागू नहीं किया गया। खड़गे को श्रेय जाता है कि वे पदभार ग्रहण करने के छह महीने के भीतर इसे लागू करने में सफल रहे। ये भव्य पुरानी पार्टी में पुनरुद्धार या मानसिकता में बदलाव के शुरूआती संकेत हैं।

**तमाम** राज्यों में मिल रही शिकस्त के बीच कांग्रेस के लिए कर्नाटक चुनाव एक बूस्टर की तरह साबित हुआ है। कर्नाटक में कांग्रेस ने भारी बहुमत के साथ सरकार बनाई है, जिसके बाद अब पार्टी कैडर में एक बार फिर जोश नजर आ रहा है, जो आने वाले चुनावों के लिए काफी अहम है। कर्नाटक के इन चुनाव नतीजों ने कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए 2024 की जमीन तैयार करने का भी काम कर दिया है। कांग्रेस के पास इस साल नवंबर-दिसंबर में राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता पर काबिज होने और 2018 में जीते गए मध्य प्रदेश को फिर से हासिल करने की कोशिश करने का एक मुश्किल काम था , क्योकि 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के 22 विधायकों के साथ भाजपा में नाटकीय दलबदल के कारण उसे सत्ता गवानी पड़ी थी। अब उच्चतम स्तर पर, कांग्रेस नेतृत्व ने 2024 के आम चुनावों से पहले चुनाव होने वाले राज्यों में 'कर्नाटक टेम्पलेट' को दोहराने का फैसला किया है। स्थानीय रणनीति, सकारात्मक अभियान, मुफ्त उपहार, टिकटों का जल्द वितरण और कांग्रेस की विचारधारा पर जोर देना मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के लिए कांग्रेस की योजना की कुछ प्रमुख विशेषताएं हैं। हाल ही में भोपाल हवाई अड्डे पर हिमाचल प्रदेश, गुजरात, दिल्ली और उत्तराखंड के दिग्गज पार्टी नेताओं के बजाय चार एआईसीसी पर्यवेक्षकों - कुलदीप राठौर, अर्जुन मोधवाडिया, सुभाष चोपड़ा और प्रदीप टम्टा की उपस्थिति देखी गई। एमपीसीसी प्रमुख कमलनाथ और एआईसीसी महासचिव जय प्रकाश अग्रवाल की उपस्थिति में हुई एक लंबी बैठक में, पार्टी के नेताओं ने जल्द से जल्द एक चुनावी घोषणापत्र तैयार करने और 50 वर्ष से कम आयु के युवाओं के लिए टिकटों को अधिकतम करने का प्रयास करने का निर्णय लिया। कांग्रेस ने 2021 में अपने उदयपुर मंथन सत्र में 50 साल से कम उम्र के लोगों को 50 फीसदी टिकट देने का वादा किया था। 38 सेकंड का एक छोटा सा वीडियो कांग्रेस हलकों में घूम रहा है जिसमें बजरंग बली शैली में बने एक चरित्र को भगवान राम को सूचित करते हुए दिखाया गया है कि कर्नाटक में काम पूरा हो गया है। मास्टर को अपने



सबसे उत्साही भक्त कमलनाथ की मदद करने के लिए कहते हुए सुना जा सकता है, जो वर्तमान में एम पी सी सी प्रमुख और कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद का चेहरा हैं। संयोग से, नाथ एक साहसी हनुमान भक्त हैं। उन्होंने अपने छिंदवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र में हनुमान की 101 फीट ऊंची प्रतिमा बनवाने में सक्रिय भूमिका निभाई थी, जिसने उन्हें दस बार संसद और विधानसभा के सदस्य के रूप में चुना है। "यह देश की सबसे ऊंची हनुमान प्रतिमा है," नाथ ने इस संवाददाता को जोड़ते हुए कहा था, "छिंदवाड़ा हनुमान की मूर्ति दिल्ली के छतरपुर में एक से 8 इंच लंबी है। मैंने भगवान हनुमान की भक्ति के कारण कुछ साल पहले इस मंदिर को तैयार करवाया था। इसके अलावा, माइंडशेयर एनालिटिक्स के पोल रणनीतिकार सुनील कानुगुलो और डिजाइन बॉक्स के नरेश अरोड़ा को कार्रवाई में लगाया गया है। लो प्रोफाइल रहने वाले कानूनगोलू को कथित तौर पर 2024 के संसदीय चुनावों के लिए पार्टी के अधिकार प्राप्त पैनल में शामिल किया गया है। अरोड़ा, जो 2021 में असम विधानसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस के लिए काम कर रहे हैं, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से जुड़े हुए हैं। एआईसीसी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि सुनील कानूनगोलू और नरेश अरोड़ा दोनों सीधे कांग्रेस अध्यक्ष के कार्यालय को रिपोर्ट करते हैं। छत्तीसगढ़ में, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार, विनोद वर्मा, एक पूर्व पत्रकार, ने स्वयंसेवकों का एक विशाल नेटवर्क विकसित किया है, जो पार्टी और उम्मीदवारों की समय-समय पर ग्राउंड रिपोर्ट, टॉकिंग पॉइंट और निर्वाचन क्षेत्रवार प्रोफाइल तैयार कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि कांग्रेस 'बैक टू बेसिक्स' के दृष्टिकोण की ओर मुड़ रही है। जीत के तुरंत बाद, विशुद्ध रूप से दृश्य रूप में, सोनिया, राहुल और प्रियंका गांधी ने सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार, मल्लिकार्जुन खड़गे, रणदीप सिंह सुरजेवाला और अन्य के साथ फोटो साझा करने से परहेज किया।

नवनिर्वाचित विधायकों ने भी नए मुख्यमंत्री का चयन करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत किया न कि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी को। इस छोटे से प्रतीत होने वाले विकास का अपना महत्व है क्योंकि अतीत में, सोनिया गांधी को संसद के दोनों सदनों में नेताओं का चयन करने के लिए सशक्त बनाने के लिए पार्टी संविधान में संशोधन किया गया था जब सीताराम केसरी एआईसीसी प्रमुख थे। वास्तव में, वह प्रावधान पार्टी संविधान में अब भी है। इसी तरह, दशकों में पहली बार, कर्नाटक में कांग्रेस चुनाव से 45 दिन पहले पार्टी प्रत्याशियों की अपनी पहली सूची जारी करने में सफल रही। जैसा कि मैंने एक अन्य स्तंभ में उल्लेख किया है, यह एक ध्यान देने योग्य विकास था क्योंकि अतीत में ए।के। एंटनी, के। पार्टी प्रत्याशियों के शीघ्र चयन की आवश्यकता 1998 से 2017 और फिर 2019-2022 के बीच पार्टी अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी के लंबे कार्यकाल में इस सिफारिश को स्वीकार किया गया, लेकिन इसे कभी लागू नहीं किया गया। खड़गे को श्रेय जाता है कि वे पदभार ग्रहण करने के छह महीने के भीतर इसे लागू करने में सफल रहे। ये भव्य पुरानी पार्टी में पुनरुद्धार या मानसिकता में बदलाव के शुरूआती संकेत हैं।

महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस अपने विश्वास और इस विश्वास को पुनः प्राप्त कर रही है कि वह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले हाई-वोल्टेज अभियानों को जीतने या हराने में सक्षम है। राज्यों के अलावा कर्नाटक विधानसभा सीट के रिजल्ट के बाद कांग्रेस को जो नई आशा नजर आई है उससे भी कांग्रेस 2024 लोकसभा चुनाव में संभावनाएं तलाशने में जुट गई है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि कर्नाटक की जीत, 2024 के आम चुनावों की शुरूआत है। हालांकि राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि 2024 के चुनावों में पार्टी ऐसा ही प्रदर्शन दोहराएगी, यह जरूरी नहीं है। उनका कहना है कि यह देखा गया है कि मतदाता अक्सर विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अपनी पसंद का अलग-अलग इस्तेमाल करते हैं। यह ट्रेंड नहीं देखा गया कि विधानसभा चुनाव के वोटर्स लोकसभा चुनाव में भी उसी सोच के साथ वोट करते हों। यह सही है कि कर्नाटक चुनाव परिणाम 2023 निस्संदेह कांग्रेस के लिए एक बड़ा बढ़ावा है। 2019 के संसदीय चुनावों में कांग्रेस को राज्य में सिर्फ एक लोकसभा सीट पर जीत मिली थी। यह सीट है बैंगलोर ग्रामीण। कांग्रेस पदाधिकारी सलीम अहमद का मानना है कि 'विधानसभा चुनावों ने हमें लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए बूस्टर डोज दिया है। रेकॉर्ड और वोटिंग पैटर्न दिखाते हैं कि कर्नाटक में मतदाता पारंपरिक रूप से राज्य और राष्ट्रीय चुनावों में अलग-अलग पार्टियों को चुनते हैं। भाजपा 2018 के विधानसभा चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

हालांकि भाजपा बहुमत को 104 सीटें ही मिली थीं और वह बहुमत से चूक गई थी। विधानसभा चुनाव में भाजपा का कर्नाटक में वोट शेयर 36% था। वहीं अगले साल हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा का वोट शेयर 54% रहा। इतना ही नहीं भाजपा 25 संसदीय सीटें जीती थी।

## कविता

इनकी छोटी-छोटी हथेलियों में,
पूरे ब्रह्मांड को समा जाने दो,
संपूर्ण संभावना के साथ
पैदा हुआ नवजात,
एक नन्हा पंछी तो है।
आंखों में भविष्य के सपने
जल की निश्छलता,
सूरज की किरणों की ताजगी,
चंद्रमा की स्निग्धतता,
सागर की गहराई और
गंभीरता लिए हुए
इन मासूमों को
आकाश की अनंत ऊंचाइयों दो, इनकी नन्ही
छोटी आंखों में
अपनी आकांक्षाएं,
अपनी जिद,
अपना अहम मत लादिए,
इन्हें गगनचुंबी ऊंचाइयों की आशाओं के दीप
जलाने दो,
यह नन्हें ही ब्रह्म है,
ब्रह्मांड हैं, और ईश्वर है,
इन्हें न रोकिए ना
टोकिए ,
इनके छोटे-छोटे होठों में
सच्चाई के गीत गाने दो,
इनकी निर्दोष आंखों में
कल का सूरज चंदा
और सितारा चमकने दो,
यह अबोध अभी
नई उड़ान के आकांक्षी हैं

संजीव

# आतंकवाद के अँधेरे को मिटाना होगा

**सुनील कुमार महला**

**किसी** ने क्या खूब लिखा है- 'आतंकवाद से धरा दूषित हैं, इसे शुद्ध हो जाने दो। हाथ खोल दो वीरो के ,अब महायुद्ध हो जाने दो।' आतंकवाद नासूर है, यह एक दंश है, जिसमें जहर ही जहर भरा है, इसे आज समूल नाश करने की आवश्यकता है क्योंकि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है।आज के समय में आतंकवाद का खतरा गंभीर और वास्तविक है और आज के समय में भारत ढ़ेर सारी चुनौतियों का सामना कर रहा है जैसे गरीबी, जनसंख्या वृद्धि, निरक्षरता, असमानता आदि लेकिन आतंकवाद इनमें सबसे ज्यादा खतरनाक है जो आज पूरी मानव जाति को प्रभावित कर रहा है। वास्तव में, अपने कुछ राजनीतिक, धार्मिक या व्यक्तिगत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये आतंकवाद द्वारा हिंसात्मक तरीकों का प्रयोग ही आतंकवाद है।

आतंकवाद के बारे में भयानक बात ये है कि अंततः ये उन्हें नष्ट कर देता है जो इसका अभ्यास करते हैं। आतंकवाद किसी भी देश के राष्ट्रीय सद्भाव को,शान्ति को नुकसान पहुंचाता है। जी हां, आतंकवाद मानवहीनता की पराकाष्ठा है जिसका न कोई धर्म ही है और न ही कोई उद्देश्य। जानकारी देना चाहूंगा कि प्रत्येक वर्ष 21 मई को एंटी टेररिज्म-डे या आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। वास्तव में, इस दिवस को मनाने के पीछे उद्देश्य राष्ट्रीय सद्भाव को बढ़ावा देना, आतंकवाद को कम करना और सभी जातियों, पंथों आदि के लोगों के बीच एकता को बढ़ावा देना है। अब बात करते हैं कि आखिर इस दिवस को मनाने के पीछे कारण क्या हैं ? तो इस बारे में जानकारी देना चाहूंगा कि आज ही के दिन यानी कि 21 मई, 1991 के दिन ही एक आंतकी हमले में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। इस दिन राजीव गांधी भारत के तमिलनाडु राज्य के श्रीपेरंबुदूर में थे, जहां आतंकवादी संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) ने ह्यूमन बम(मानवीय बम) या यूं कहें कि एक महिला सुसाइड बम के जरिए उनकी हत्या की थी और राजीव गांधी की हत्या के बाद वी.पी. सिंह सरकार ने 21 मई को एंटी-टेररिज्म डे( आतंकवाद विरोधी दिवस) के रूप में मनाने का फैसला किया था, तब से लेकर यह दिवस मनाया जाता है ताकि आमजन में आतंकवाद के, हिंसा के गलत प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। आज के दिन हम सभी को यह प्रेरणा लेने की जरूरत है कि हम भारतवासी सदा सदा से अहिंसा में,शान्ति में, भाईचारे में विश्वास करते आए हैं और हम आतंकवाद व हिंसा का डटकर सामना करेंगे और समाज के ताने बाने की सुरक्षा के लिए आतंकवाद से लड़ते हुए समाज व देश के हित में कदम उठायेंगे। हमें सामाजिक शांति, सद्भाव, आपसी सहयोग, भाईचारे की भावना के लिए प्रतिबद्ध व कृतसंकल्पित होना चाहिए और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने और समाज व देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरेक प्रकार की विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेने की जरूरत है।

## विचार

# हेट स्पीच पर सुप्रीम चिंता

**तारकेश्वर मिश्र**

**देश** में बढ़ती नफरत को लेकर सर्वोच्च अदालत की बार-बार की टिप्पणियां अपने में काफी अहम हैं। सुप्रीमकोर्ट की चिंता साफ-साफ टी.वी. डिबेट्स और दूसरे पब्लिक प्लेटफॉर्म्स के जरिए बेतुके और संवेदनशील मुद्दों पर असंवेदनशीलता की तरफ इशारा भी है। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे घृणा फैलाने वाले भाषणों (हेट स्पीच) के विरुद्ध बिना किसी शिकायत के ही मामला दर्ज करें, जिसमें देरी करने को अदालत की अवमानना समझा जायेगा। न्यायालय ने धर्म के नाम पर होने वाली जहरीली बयानबाजी पर चिंता भी जताई। घृणा फैलाने वाले भाषण किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकते। विशेष रूप से भारत जैसे देश में जहां सभी धर्मों को बराबरी से फलने-फूलने का अधिकार है और हर व्यक्ति अपनी पसंद की पूजा पद्धति अपना सकता है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने महाराष्ट्र सरकार से शीर्ष अदालत के आदेशों के बावजूद हिंदू संगठनों द्वारा नफरत भरे भाषणों को नियंत्रित करने में विफल रहने के लिए उसके खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर जवाब देने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ह्यधर्म को राजनीति से मिलाना हेट स्पीच का स्रोत है। राजनेता सत्ता के लिए धर्म के इस्तेमाल को चिंता का विषय बनाते हैं। इस असहिष्णुता, बौद्धिक कमी से हम दुनिया में नंबर एक नहीं बन सकते. अगर आप सुपर पावर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको कानून के शासन की जरूरत है। दरअसल बीते कुछ वर्षों से ये देखने में आया है कि राजनीतिक और धार्मिक मंचों से इस तरह के भाषण दिए जाने लगे हैं जिनमें अन्य किसी धर्म के बारे में आपत्तिजनक और उत्तेजना फैलाने वाली बातें कही जाती हैं। उस दृष्टि से सर्वोच्च न्यायालय का निर्देश समयानुकूल है किन्तु उसका पालन करते समय ये देखना भी जरूरी है कि सम्बंधित राज्य सरकार घृणा फैलाने का आधार क्या तय करती है? चूंकि हमारे देश में धर्म निरपेक्षता भी राजनीतिक लिहाज से परिभाषित होती है इसलिए एक भाषण जो राजस्थान में घृणा फैलाने वाला माना जाए उसे म.प्र की सरकार सामान्य माने तब क्या होगा ?

और फिर सर्वोच्च न्यायालय का निर्देश केवल सार्वजनिक मंचों से दिये जाने वाले भाषणों के इर्द गिर्द ही सीमित रहेगा जबकि असली घृणा तो उन धर्मस्थलों में होने वाले भाषणों से फैलती है जो न समाचार माध्यमों की नजर में आते हैं, न ही पुलिस और प्रशासन के। उसके बावजूद भी उसके निर्देश स्वागत योग्य हैं क्योंकि सार्वजनिक तौर पर कतिपय नेता और धर्मगुरु जिस तरह की शब्दावली का इस्तेमाल करते हैं वह निश्चित रूप से तनाव और विवाद का कारण बनती है। हमारे यहां जब-तब स्वार्थ या लाभ की राजनीति की खातिर हेट स्पीच की घटनाओं से सामाजिक सामंजस्य बिगाडना लगभग आम सा हो चुका है। भारतीय राजनीति में जातिवाद तथा धर्म एक बड़ा कारक है। हमेशा देखा जाता है कि राजनीतिक ध्रुवीकरण के चलते किसी विशेष समुदाय या जाति के तुष्टीकरण या निशाने के लिए ही अक्सर नफरती भाषा या हेट स्पीच या फिर ईशनिंदा कुछ भी कहें, की जाती है। सामान्यतः ईशनिंदा किसी धर्म या मजहब की आस्था का मजाक बनाना होता है जिसमें धर्म प्रतीकों, चिह्नों, पवित्र वस्तुओं का अपमान करना, ईश्वर के सम्मान में कमी या पवित्र या अदृश्य मानी जाने वाली किसी चीज के प्रति नफरती भाव या अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना होता है। एक कड़वी सच्चाई भी कि बयान किसी के लिए नफरती हो सकता है तो किसी के लिए अभिव्यक्ति की आजादी। बस इसी महीन पेंच को लेकर तर्क-कुतर्क होते रहते हैं। लेकिन यह भी देखना चाहिए कि अपनी बात कहने की स्वतंत्रता की हद भी है और एकता व शांति भंग करने वाले बयानों पर पाबंदी भी। ऐसी बात, हरकत, भाव-भंगिमा, बोलकर, लिखकर, चित्रों, कार्टूनों के जरिए भड़की हिंसा के अलावा धार्मिक भावना आहत करना, किसी समूह, समुदाय के बीच धर्म, नस्ल, जन्मस्थान और भाषा के आधार पर विद्वेष पैदा करने की आशंका या कुचेष्टा है जो हेट स्पीच के दायरे में है। एक सच्चाई यह भी है कि इसमें सहनशीलता की परीक्षा होती है। जनप्रतिनिधि और जनसामान्य किसी की बात को सहन कर पाते हैं और किसी की नहीं। बस यही फर्क है जिसके लोग अपने-अपने मायने लगा बैठते हैं कि बोलने की आजादी सबको है। माना कि लब बोलने को आजाद हैं लेकिन कैसे बोल के लिए? समाज को जोडने या तोडने वाले?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# एक बार फिर नोटबन्दी,फेल हो गए दो हजार रुपए के नोट!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

**सन** 2016 का इतिहास फिर दोहराया गया है।पहले एक हजार व पांच सौ के पुराने नोट बंद किए गए थे और अब दो हजार रुपए के नोट की बलि ले ली गई। इसी कारण अब दो हजार के नोटों को वापस लिए जाने को लेकर सवाल उठ रहा है कि आखिरऐसा क्यों किया गया? क्या नोट पर अंकित 'मैं धारक को नोट पर अंकित धनराशि अदा करने का वचन देता हूं'प्रत्येक नोट पर छपे भारतीय रिजर्व बैंक के इस वचन की कोई अहमियत नही रह गई है?या फिर दो हजार रुपए का नोट देश के लिए खतरा बन गया था?जो उसे चलन से हटाना जरूरी हो गया था,यह तो केंद्र सरकार को स्पष्ट करना है।फिलहाल तो देश की जनता स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही है कि आखिर सरकार चाहती क्या है?क्यो भारतीय मुद्रा की विश्वसनीयता को खतरे में डाला जा रहा है।सन 2016 की नोटबन्दी के कोई सार्थक परिणाम नही आए, उल्टे देश की जनता को उसके कारण कितनी फजीहत झेलनी पड़ी थी, यह किसी से छिपा नही है। अब फिर रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपये के नोट को वापस लेने का एलान कर दिया है हालांकि, 30 सितंबर 2023 तक ये नोट वैध रहेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को सलाह दी है कि वे तत्काल प्रभाव से दो हजार रुपये के नोट जारी करना बंद कर दें। रिजर्व बैंक ने कहा है कि 30 सितंबर 2023 तक ये नोट सकुर्लेशन बने रहेंगे। यानी जिनके पास इस समय दो हजार रुपये के नोट् हैं, उन्हें बैंक में जाकर इन्हें बदलवाना होगा।अर्थात बैंकों की लाइन में खड़े होने का समय फिर लौट आया है। रिजर्व बैंक के अनुसार,उन्होंने सन 2018-19 में ही दो हजार रुपये का नोट को छापना बंद कर दिया था। सन 2016 के नवंबर माह में नोटबंदी के बाद 2000 हजार रुपये का नोट लाया गया था। नोटबंदी में 500 और 1000 रुपये के नोट को बंद कर दिया गया था। जब सन 2016 में रिजर्व बैंक ने हजार और पांच सौ के नोटों को बैन करके दो हजार रुपये के नोट जारी किए थे, तभी ये तय था कि इसे ज्यादा समय तक चलन में नही रखा जाएगा। जब एक हजार और पांच सौ के नोटों को बैन करके दो हजार रुपये के नोट जारी किए थे, तभी यह तय हो गया था कि इसे ज्यादा समय तक नहीं चलन में रखा जाएगा।

# नो पेंशन...ऑन्ली डिप्रेशन

**डॉ. सुरेश कुमार**

**आज** जिसे देखो उस पर डिप्रेशन का भूत सवार है। आज हर घर में कोई न कोई डिप्रेशन का शिकार मिल जाएगा। इस डिप्रेशन से अनभिज्ञ हमारे पड़ोसी गोबर गणेश ने सबकी देखा-देखी इंजीनियरिंग में भर्ती ले ली। गिरते-पड़ते जैसे-तैसे बड़ी मुश्किल से पास हुए। रजिस्टर में उनका नाम जो भी हो फैकल्टी तो उन्हें ह्यबैकलॉग कुमारह्न कहकर पुकारते थे। नाम के माफिक बैकलॉग रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पढ़ाई पूरी करने के बाद लगे नौकरी खोजने। नौकरी थी कि आबादी की बढ़ती संख्या के अनुरूप एक अनार लाख बीमार कहावत को चरितार्थ कर रही थी। सो उन्हें नौकरी मिलने से रही। नौकरी का इरादा छोड़ व्यापार करने की ठानी। व्यापार करना इतना आसान काम थोड़े न था। लागत लगती है लागत! जैसे-तैसे चंद हजार रुपए जुटाए और बैठ गए सड़क पर। सड़क पर एक बड़ी सी तख्ती लगा रखी थी। जिस पर लिखा था अपना डिप्रेशन सुनाइए और दस रुपए ले जाइए। पहले तो लोगों को गोबर गणेश बेवकूफ लगा। लेकिन बाद में पता चला यह तो एक नायाब धंधा है। जात-पात, ऊँच-नीच, लिंग, धर्म, भाषा का भेद भुलाकर सभी अपने-अपने डिप्रेशन के किस्से सुनाने लगे। यह दृश्य देखकर यकीन हो गया कि दुनिया सुनाने वालों से भरी पड़ी है और सुनने वाले विलुप्त होते प्राणियों की तरह धीरे-धीरे कम होते जा रहे हैं। डिप्रेशन के शिकार कोई पैसे से परेशान है तो कोई बिना पैसे के। कोई मोटापे से तो कोई दुबलेपन से। कोई पत्नी से त्रस्त तो कोई कुंवारेपन से। कोई रात से परेशान है तो कोई दिन से। कोई हँसने से परेशान है तो कोई रोने से। कोई देखने से परेशान है तो कोई न दिखने से। कोई लड़ने से परेशान है तो कोई शांत रहने से। कोई पुरुषार्थ से परेशान है तो कोई नपुंसकता से। कोई अपने पुरुष होने से परेशान है तो कोई स्त्री होने से। कोई किसी के सुख से परेशान है तो कोई किसी के दुख से। कोई परीक्षा में 99 प्रतिशत भी लाकर परेशान है तो कोई फेल होकर। जहाँ देखो वहाँ सब परेशान हैं। डिप्रेशन का शिकार हैं। इस धंधे से गोबर गणेश का सड़क पर आना तय था। लेकिन जो पहले से ही सड़क पर हो वह और कितना सड़क पर आएगा। उल्टे वह चंद दिनों में धनवान बन गया।

# पानीपत में भाजपा की जिला कार्यकारिणी बैठक हुई

## डा भीम राव अंबेडकर आवास योजना के तहत 3 करोड से अधिक मकान बना कर दिये गरीबों को: कृष्ण लाल पवार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**भाजपा** के प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है। मोदी जी की एक आवाज पर पूरा विश्व योग दिवस मानने को तैयार हो गया, वहीं मोदी के एक बार ही मोटे अनाज का जिक्र करने से विश्व मोटा अनाज वर्ष मनाने को राजी हो गया। मोदी जी हर क्षेत्र में देश का मान सम्मान बढ़ा रहे है। डा. पवन सैनी जीटी रोड स्थित एसडीवीएम के सभागार में भाजपा की जिला कार्यकारिणी की बैठक की संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि जिला भाजपा द्वारा मन की बात के 100वें संस्करण का सफल



आयोजन किया गया। प्रदेश महामंत्री वेदपाल ने कहा की सभी पन्ना प्रमुख सरल पोर्टल पर एप लोड करे। जिला भाजपा प्रभारी संदीप जोशी ने कहा की कार्यकर्ता अपनी पूरी क्षमता से काम करे, परिणाम अच्छा होगा। सांसद संजय भाटिया ने कहा की मोदी जी ने देश की रक्षा व सुरक्षा को मजबूत किया है। राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा की डा भीमराव आंबेडकर आवास योजना के तहत 3 करोड़ से अधिक मकान बना कर गरीबों को आशयाना मुहैया करवाया है। बैठक में सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, जिला प्रभारी संदीप जोशी, पूर्व जिला अध्यक्ष गजेंद्र सलूजा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप कौशिक,

**▶▶पंवार ने कहा की डा भीमराव आंबेडकर आवास योजना के तहत 3 करोड़ से अधिक मकान बना कर गरीबों को आशयाना मुहैया करवाया है**

लोकेश नांगरू व मेघराज गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल, जिला विस्तारक उमेद सिंह लोहान, जिला महामंत्री रविंद्र भाटिया व कृष्ण छौक्कर, किसान मोर्चा अध्यक्ष महावीर सिंह दहिया, बलविंद्र आर्य, इंदु कुकरेजा, गंगा राम स्वामी, रफाकत हसन, ईश कुमार राणा, मेयर अवनीत कौर, जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, दुष्यंत भट्ट, विनोद छौक्कर, चेयरमैन दीपक राणा, सुनील परढाना, अशोक कटारिया, प्राण रत्नाकर, कृष्ण आर्य व बेला भाटिया आदि मौजूद रहे।

# गांव ढोल के सरकारी स्कूल में छात्रों को पवित्र ग्रंथ गीता का किया वितरण



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
कर्म करो फल की चिंता मत करो गीता के इस वाक्य को सार्थक सिद्ध करने के लिए देवी दयाल शर्मा ने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को गीता की पुस्तक का वितरण किया। देवी दयाल जी ने बताया कि गीता एक पवित्र ग्रंथ है और धरती पर प्रत्येक मनुष्य को गीता का ज्ञान अवश्य लेना चाहिए। पवित्र ग्रंथ गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए कहा की कर्म करो फल की इच्छा मत करो। गीता ज्ञान के अनुसार यदि मनुष्य सच्चे मनसे अपने कर्तव्य का वहन करता है तो उसे उसका फल भी मिलता है और जो समर्पण भाव से अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं करता वह जीवन में कभी सफलता प्राप्त नहीं करता इसलिए पवित्र ग्रंथ गीता का सबको अध्ययन अवश्य करना चाहिए। गीता जैसे पवित्र ग्रंथ का अध्ययन छात्रों को संस्कारित करने में बहुत सहायक सिद्ध होगा। देवी दयाल शास्त्री द्वारा छात्रों को गीता का वितरण करने की विद्यालय प्रिंसिपल सहित सभी स्टाफ सदस्यों एवं सरपंच प्रतिनिधि बलविंद्र सिंह ने भी खूब प्रसंशा की और पवित्र ग्रंथ गीता पर प्राप्त करने पर सभी छात्रों के चेहरों पर खुशी कि लहर झलक रही थी।

## न्यूज फ्लैश

### चलती ट्रेन से महिला का पर्स छीना

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला जी आर पी को शिकायत देते हुए बोलावीवाडी की कोमल ने कहा है कि गत दिवस पर पठानकोट से दिल्ली जा रही थी। जम्मू मेल ट्रेन में रिजवेशन करवाया हुआ था। जब उनकी गाड़ी अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पहुंची तो एक युवक उसका पर्स छीन कर फरार हो गया। पर्स में 5000 रुपए नकद व एक मोबाईल फोन व अन्य सामान था। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लिटल एंजल्स स्कूल के लॉन टेनिस खिलाड़ी अर्जुन राठी ने ऑल इंडिया नेशनल सीरीज में जीता सिल्वर पदक



**जालंधर** में 15 मई से 20 मई तक आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज के फाइनल मैच में कर्नाटक के खिलाड़ी संजय से 6-4, 4-6 टाई ब्रेक के स्कोर से खेलते हुए लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ी अर्जुन राठी ने रजत पदक पर कब्जा कर अपने विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 110 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अर्जुन की इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन श्री तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग एवं प्रधानाचार्य आशा गोयल ने शुभकामनाएं दी।

### हेल्पलाइन नंबर पर आने वाली शिकायतों के समाधान को लेकर डीसी गंभीर



**पानीपत, 20 मई/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने शनिवार को जिला सचिवालय में पिछले दिनों जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर पर आने वाली शिकायतों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन नंबर पर आने वाली हर समस्या का अधिकारी तीव्रता से समाधान करें। शिकायतों के समाधान को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वहीं उन्होंने कहा कि शिकायतों की समीक्षा के लिए बुलाई गई बैठक में नहीं पहुंचे अधिकारियों की लापरवाही के संबध में संबंधित विभाग के मुख्यालय को पत्र लिखा जायेगा। इस मौके पर एसडीएम पानीपत वीरेंद्र ढुल, सीटीएम राजेश सोनी, शुगर मिल के एमडी नवदीप सिंह नैन, डीआरओ राजकुमार भौरिया, कृषि उपनिदेशक डा.वजीर सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बता दे कि डीसी ने पिछले दिनों जिला वासियों के लिये हेल्पलाइन नंबर जारी किया था, जिसपर कोई भी नागरिक अपनी समस्या दर्ज करवा सकता है।

### व्यापारी क्लीन नोट पॉलिसी से घबराए नहीं और ग्राहकों को सम्मान देकर भेजें : जैन



**गन्नौर ।** गन्नौर व्यापार मंडल के प्रधान शेखर जैन ने कहा कि सभी व्यापारी क्लीन नोट पॉलिसी" के तहत आरबीआई 2 हजार का नोट 30 सितंबर 2023 के बाद चलन से बाहर करने की घोषणा की। किसी भी व्यापारी भाई व आम जन को घबराने व चिंता करने की कोई बात नहीं है , क्योंकि 2 हजार के नोट अभी चलन में हैं और वैध मुद्रा बने रहेंगे।
अगर कोई ग्राहक आपकी दुकान पर सामान लेने के लिए आता है वह बदले में 2 हजार का नोट देता है तो उसे लेकर ग्राहकों को सामान दे, क्योंकि 2 हजार के नोट 30 सितंबर 2023 के बाद चलन से बाहर होंगे। अभी 4 महीने का समय है। किसी भी तरह ना घबराए और ग्राहकों को सम्मान देकर भेजें ।

# जिले के 45 स्कूलों के छात्रों को प्राथमिक सहायता का ज्ञान करवाना रेडक्रॉस सोसायटी की प्राथमिकता

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
**श्री शांतनु शर्मा** उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी के मार्गदर्शन एवम् डॉक्टर सुनील कुमार सचिव के नेतृत्व में कार्य कर रही जिला रेड क्रॉस/ सेंट जॉन एंबुलेंस के द्वारा दिनाक 20 मई 2023 को हरियाणा राज्य शाखा के निर्देश अनुसार एक दिवसीय प्राथमिक सहायता जागरूक प्रोग्राम के तहत जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, प्रताप गढ़ में कुमारी किरण कश्यप लैक्चरर फर्स्ट एड द्वारा उपस्थित कक्षा



आठवीं से बारहवी तक सभी 280 विधार्थियो तथा 10 अध्यापको को प्राथमिक सहायता के बारे में बताया गया कि घायल व्यक्ति को डॉक्टर के पास जाने से पुर्व हमे जो समान मौके पर उपलब्ध है उसका प्रयोग करना है सी पी आर, बेहोशी,हड्डी टूटना, दौरा पड़ना, आग से जल जाना, रक्त स्त्राव ,सड़क दुर्घटना आदि अन्य विषय पर विस्तार से बताया गया डॉक्टर सुनील कुमार सचिव ने बताया कि सेंट जॉन एंबुलेंस हरियाणा राज्य शाखा ,चंडीगढ़ के निदेर्शानुसार हर जिले के 45 स्कूलों को इस जागरूकता प्रोग्राम के लिए चुना गया है रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा समय समय पर स्कूल, कॉलेज , शिक्षण संस्थान में जाकर सेमिनारों के माध्यम से प्राथमिक सहायता की जानकारी प्रदान की जाती है इसके अलावा सड़क सुरक्षा के नियम का पालन करना, नशा मुक्ति, पौधा रोपण , संतुलित आहार लेना, योगा करना, अन्य महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डाला जाता हैं।

# भगवान परशुराम चौक के पुनर्निर्माण को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियां

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी के भगवान परशुराम चौक के पुन निमार्ण को लेकर फैलाई जा रही विभिन्न प्रकार की भ्रातियों पर पूर्ण विराम लगाने की अपील करते हुए हिमाशु शर्मा ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि कुछ लोग तथ्यों को छुपाकर एवं तरोड मरोड़कर चौक के निर्माण को लेकर तरह-तरह की भ्रांतियां फैला समाज को बांटने का प्रयास कर रहे हैं। उनसे निवेदन है बस बहुत हुआ और मीडिया फेसबुक आदि का सहारा लेकर किसी प्रकार का श्रेय लेने का या दुष्प्रचार करने का काम बंद करें। अगर करना ही है तो समाज को यह सत्य बताएं की उन्होंने चौंक के निर्माण की स्वीकृति किस स्थान के लिए, किस अधिकारी से, किस तिथि को मांगी थी और उस स्थान पर परशुराम जी की मूर्ति को लगाने की बात रखी थी न की प्रतीक चिन्ह फरसे की। इस सन्दर्भ में अगर उन्हें किसी विभाग या अधिकारी से स्वीकृति मिली है तो उसे सार्वजनिक करें। ब्राह्मण संगठन ने आव्हान किया समाज के लोग दुषप्रचार से बचें क्यूंकि चौंक का पुनर्निर्माण होना ही सारे समाज की जीत है। सिविल हॉस्पिटल के नजदीक अंबाला जगाधरी मार्ग पर बहुत ही सुंदर भगवान श्री परशुराम चौक का निर्माण ब्राह्मण संगठन अंबाला छावनी द्वारा वर्ष 2001 में करवाया गया था।

# राम बहल ने जन्मदिन स्कूल में पौधारोपण करके मनाया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** राजकीय उच्च विद्यालय त्यौडा में स्टाफ सदस्यों और बच्चों के द्वारा राम बहल टीजीटी इंग्लिश का जन्मदिन मनाया गया । बच्चों ने अपने प्रिय अध्यापक का केक काटकर जन्मदिन मनाया ।मुख्य अध्यापक ज्ञान चंद सैनी ने राम बहल को उनके जन्मदिन पर ढेरों शुभकामनाएं दी तथा भगवान से उनके उज्जवल भविष्य की मनोकामना की साथ ही सभी स्टाफ सदस्यों ने भी राम बहल को उनके जन्मदिन में बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी । राम बहल ने अपने जन्मदिन पर विद्यालय में पौधारोपण किया।

# लोकमान्य तिलक अंकनाद पहाड़े समावेशन प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बलदेव नगर के संगत सिंह और राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय केसरी के हरमन ने मारी अंबाला जिले में बाजी ' दोनों विद्यार्थी 24 मई को होने वाली राज्य स्तर की प्रतियोगिता में अंबाला जिला की तरफ से भाग लेंगे ' अंकनाद पहाड़े समावेशन प्रतियोगिता पहले विद्यालय स्तर और फिर खंड स्तर पर ऑफलाइन आयोजित करवाई जा चुकी है। जिला स्तर पर यह प्रतियोगिता शिक्षा निदेशालय हरियाणा एवम मैप एप्लिकेशन प्राइवेट



लिमिटेड द्वारा प्रदेश के सभी खंडों के विजेताओं की जूम मीट ऑनलाइन माध्यम से करवाई गई, जो को 11 मई से 16 मई तक चली एवम परिणाम आज जारी हुआ। जिस के सफल संचालन के लिए एक जिले के बच्चों के पारदर्शी एवम सही मूल्याकन के लिए दूसरे जिलों के गणित विशेषज्ञों की मूल्यांकनकताओं के तोर पर ड्यूटी लगाई गई। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य एवम आधार था की बच्चों को 1 से 30 तक के एवम पाव व आधे के पहाड़े अच्छे से कंठस्थ हो, उजागर उच्चारण हो, अच्छा आत्मविश्वास हो और साथ ही बच्चा सफल ढंग से गणितीय समस्याओं व प्रश्नों को बिना कैलकुलेटर, बिना पेज व पेन के हल कर सके। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों के संख्यात्मक और गणितीय कौशल का विकास करना है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** नारायणगढ़ स्थित डी॰ए॰वी॰पब्लिक (सीनियर सेकेंडरी) विद्यालय में चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास से हुआ ,जिसमें कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया । इस प्रतियोगिता में नवीं के विद्यार्थियों को सोशल मीडिया ,कक्षा दसवीं को महिला सशक्तीकरण ,ग्याहरवीं को मधुबनी पेंटिंग और कक्षा बारहवीं को भूख और गरीबी जैसे संवेदनशील विषय दिए गए। विद्यार्थियों ने पेंटिंग में अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।

# भाविप ने हीमोग्लोबिन जांच शिविर लगाया

## शिविर में 100 छात्राओं की हीमोग्लोबिन व 20 छात्राओं की ब्लड ग्रुप जांच की गई

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/ शाहाबाद (दलबीर मलिक ).**
भारत विकास परिषद शाहाबाद महिला विभाग द्वारा आज राजकीय कन्या उच्च विद्यालय (नजदीक शिव मंदिर) में हीमोग्लोबिन जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर मे परिषद के वरिष्ठ सदस्य डॉ रविंदर वधवा और उनकी टीम द्वारा 100 छात्राओ की हीमोग्लोबिन एवम 20 छात्राओं की ब्लड ग्रुप जांच की गई ।कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ एस एस आहूजा उपस्थित रहे। उन्होंने परिषद के प्रकल्पों की सराहना की। विद्यालय की मुख्याध्यापिका सुश्री रजनी को



स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मे जिला महिला एवं बाल विकास संयोजिका श्रीमती अनु बवेजा का मार्गदर्शन मिला। स्थानीय शाखा की महिला एवम बाल विकास संयोजिका श्रीमती सुनिधि अरोड़ा जी,सह संयोजिका श्रीमती सुमन गर्ग जी,श्रीमती रेणुका बंसल,श्रीमती किरण शर्मा,श्रीमती रुचि मित्तल,श्रीमती सुनीता पाहवा, श्रीमती प्रिया आनंद, श्रीमती प्रतिमा शर्मा एवम अन्य महिला सदस्यों ने हिस्सा लिया। शाखा के अध्यक्ष रवनीश कटारिया,सचिव अमित अग्रवाल, वितसचिव हर्ष आनंद ,डॉ परमजीत पाहवा , डॉ अमरनाथ शर्मा , विजय गर्ग, आनंद वधावन , हेमंत बंसल एवम अन्य सदस्यों ने भी उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# संदीप गर्ग ने खिलाड़ियों को खेल मैदान के लिए वितरीत की लाइटें

## खिलाड़ियों, बच्चों व महिलाओं की सेवा करने के लिए वह तत्पर है और हमेशा रहेंगे: गर्ग



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन(दलबीर मलिक)**
बाबैन के गांव घिसरपड़ी के सांगवान अकैडमी में वॉलीबाल का अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के लिए स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा लाइटें लगवाई गई। जिसको लेकर कोच दीवांश व हर्षित व ग्रामीणों ने समाजसेवी संदीप गर्ग का आभार व्यक्त किया। ग्रामीण विपिन सांगवान ने कहा कि जो कार्य सरकार को करना चाहिए, वह लाडवा हल्के की जनता के लिए समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में प्रतिदिन खिलाड़ी अभ्यास करने के लिए तो आते ही हैं, परंतु लाइटें न होने के कारण खिलाड़ी अच्छे से अभ्यास नहीं कर पाते थे। परंतु समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो मैदान के लिए लाइटें दी गई है

**▶▶जो कार्य सरकार को करना चाहिए, वह लाडवा हल्के की जनता के लिए समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा किये जा रहे हैं**

वह सराहनीय कार्य है सभी को संदीप गर्ग द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो से सीख लेनी चाहिए। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनसे जितना हो सकता है वह कर रहे हैं। खिलाड़ियों, बच्चों व महिलाओं की सेवा करने के लिए वह तत्पर है और हमेशा रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ियों के लिए लाइटें दी गई है, खिलाड़ी अच्छे से अभ्यास करेंगे और अच्छे खिलाड़ी बनकर हल्के व माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। मौके पर कोच दीवांश, हर्षित, विपिन सांगवान, अमरीक, जतिन, अंशुल, विजय, लविश, अंकित, सुखविन्द्र, अनमोल, लक्ष्य, दिलबाग, कमल आदि मौजूद थे।

# आयुष योग सहायकों ने स्वामी ज्ञानानंद जी से आशीर्वाद प्राप्त किया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
गीता ज्ञान संस्थानम कुरुक्षेत्र के पवित्र आंगन में शनिवार गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के दर्शन प्राप्त करने हेतु हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य डॉ मनीश कुकरेजा सहित हरियाणा सरकार द्वारा नियुक्त कुरुक्षेत्र जिला के आयुष योग सहायक पहुंचे व सभी ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।
सभी आयुष योग सहायकों द्वारा स्वामी ज्ञानानंद महाराज को पुष्पगुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया गया व अंगवस्त्र के रूप में शाल पहनाकर सम्मानित किया।
सभी योग सहायकों ने प्रार्थना की कि हरियाणा योग आयोग के



चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य के कुशल मार्गदर्शन व गीता ज्ञान संस्थानम के तत्वाधान में आयुष योग सहायकों के ज्ञान वर्धन हेतु व गीता के अमर संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए एक दिवसीय अष्टाध्यायी गीता कार्यशाला शीघ्र लगाई जाए। इसके माध्यम से भगवान कृष्ण के अमर संदेश को आयुष योग सहायकों के माध्यम से ग्राम स्तर तक प्रसारित किया जा सके। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज आश्वस्त किया कि शीघ्र ही सभी हरियाणा की व्यायामशालाओं में कार्यरत आयुष योग सहायकों हेतु कार्यशाला का आयोजन गीता ज्ञान संस्थानम् के प्रांगण में किया जाएगा। उपस्थित सभी आयुष योग सहायकों रोहतास कुमार, वीरेंद्र सिंह यादव, हरदीप सिंह, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार, शिव कुमार, कुलदीप, बाला देवी, डिंपल रानी, काजल, सविता, पूनम, बलवान, मदन लाल, नरेंद्र, देवेंद्र, प्रदीप सिंह, दीपक, रजत कम्बोज, अमृता व राम निवास ने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज से भेंट के पश्चात अलौकिक दिव्यता का अनुभव सभी को हुआ। सभी ने इच्छा प्रकट की कि वे सब योग के ग्रंथ गीता के प्रचार प्रसार हेतु कटिबद्ध है।

# 'मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए किया दो हजार का नोट बंद'


**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने आरबीआई द्वारा दो हजार रुपये के नोटों का प्रचलन बंद किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दो हजार रुपये का नोट मार्किट में लाने के लिए पहले छपाई पर पैसे खराब करे अब नोट मार्किट से बंद करने के लिए कंडम करने में पब्लिक का पैसा खराब किया। पहले जब नोटबंदी की थी तो अपनो को फायदा पहुंचाया और



अब जनता को परेशान करने व मेन मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए दो हजार का नोट बंद किया गया। बवेजा ने कहा कि सरकार जितने भी काम कर रही है अनपढ़ वाले कर रही है। सरकार के पास कोई पॉलिसी मेकर नही है और यह बात कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी व रणदीप सुरजेवाला ने भी कही थी। बवेजा ने कहा कि जनता सब जानती है। जनता आने वाले चुनाव में वोट की ताकत से भाजपा सरकार को सबक सिखाएगी।









# केंद्र के अध्यादेश को लेकर 'आप' हमलावर

## संविधान के बताया खिलाफ; सड़क से लेकर संसद तक करेंगे विरोध

**रस्साकशी**

● आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक इस अध्यादेश का विरोध करेगी: संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**केंद्र** सरकार द्वारा अध्यादेश लाने के मामले में आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार इसका लगातार विरोध कर रही है। शनिवार को आप सांसद संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने अध्यादेश को भारत के संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक इस अध्यादेश का विरोध करेगी। इसी के साथ उन्होंने उम्मीद जताई है कि जब यह संसद में







आएगा तो पूरा विपक्ष इस अध्यादेश के खिलाफ खड़ा होगा। संजय सिंह ने कहा कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा। संविधान के बाहर जाकर कोई अध्यादेश जारी नहीं हो सकता है।

अध्यादेश नहीं बल्कि जनता द्वारा चुनी सरकार के खिलाफ काला कानून है।

**केंद्र सरकार लोकतंत्र की हत्या करने के लिए लाई अध्यादेश:** आम आदमी पार्टी ने केंद्र द्वारा कल रात लाए गए अध्यादेश को लेकर सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि यह अध्यादेश लोकतंत्र की हत्या करने के लिए लाया गया है। यह अध्यादेश दिल्ली की शक्तियों को गैर संवैधानिक तरीके से छीनने का प्रयास है। आतिशी ने आगे कहा कि यह केंद्र का पहला प्रयास नहीं है। जब 2015 में आम आदमी पार्टी 67 सीट जीतकर आई तो भाजपा की सरकार ने तीन महीने के अंदर-अंदर एक गैर-कानूनी नोटिस जारी कर अरविंद केजरीवाल सरकार की ताकत छीनने की कोशिश करी। मई 2015 में गृह मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी किया कि केजरीवाल सरकार के पास अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग का अधिकार नहीं रहेगा।

आठ साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पास पूरी ताकत है और यह ताकत है अफसरों की जवाबदेही, अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग, भ्रष्ट अफसरों पर एक्शन लेने की ताकत है।



पहलवान बजरंग पुनिया, विनेश फोगट और साक्षी मलिक के समर्थन में पहुंची बुजुर्ग महिलाएं और पुरूष।

# हाईकोर्ट में पेश हुए पुलिस के आईओ

## नहीं दे पाए जवाब, केस के बारे में पता ही नहीं था कुछ





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**श्रद्धा** वालकर हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने का दावा करने वाली महरौली थाना पुलिस का एक और कारनामा सामने आया है। महरौली थाने में तैनात एसआई रवि राणा बतौर जांच अधिकारी (आईओ) एक केस में हाईकोर्ट में पेश हुए, लेकिन उन्हें केस के बारे में कुछ भी पता नहीं था। हाईकोर्ट ने महरौली पुलिस की इस लापरवाही पर दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के संज्ञान में लाने को कहा। इसके बाद दिल्ली पुलिस आयुक्त ने अधीनस्थ अधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई। साथ ही, दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने भी अफसरों को खूब लताड़ा। दरअसल, महरौली थाने में दर्ज दहेज व तलाक से संबंधित एफआईआर (0634/2021) को रद्द होने के संबंध में पिछले सप्ताह हाईकोर्ट में सुनवाई थी। इस मामले में

**खरी-खोटी सुनाई**

● एसआई रवि राणा बतौर आईओ एक केस में हाईकोर्ट में पेश हुए, लेकिन उन्हें केस के बारे में कुछ भी पता नहीं था

महरौली थाने से एसआई रवि राणा जांच अधिकारी बनकर हाईकोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने जब जांच अधिकारी से केस से संबंधित कुछ सवाल पूछे तो वे जवाब नहीं दे पाए। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि ये मामला पुलिस आयुक्त के संज्ञान में लाया जाए। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब ये मामला पुलिस आयुक्त की संज्ञान में आया तो उन्हें दक्षिण जिले से संबंधित अधिकारियों को काफी खरी खोटी सुनाई। मीडिया से हमेशा दूरी बनाए रखने वाली दक्षिण रेंज की संयुक्त पुलिस आयुक्त मीनू चौधरी को भी उन्होंने पुलिस मुख्यालय बुलाया।

# पुलिसकर्मी और उसकी पत्नी को 2 लोगों ने मारी गोली, घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली में** पुलिसकर्मी को गोली मारने की वारदात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल में शामिल एक पुलिसकर्मी और उसकी पत्नी को 2 लोगों ने गोली मार दी है। घटना बीती रात की है जब दोनों बुराड़ी के पास सड़क पर टहल रहे थे। दोनों पीड़ित अभी सुरक्षित हैं और जांच जारी है।

# दिल्ली अरविंद टेरिटरी नहीं, यूनियन टेरिटरी है: रविशंकर प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया/पटना/नई दिल्ली**

**बिहार के** पटना में भाजपा ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में अधिकारियों के तबादले और तैनाती के संबंध में केंद्र का अध्यादेश 'पारदर्शिता और जवाबदेही' सुनिश्चित करने के लिए लाया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने संविधान की अनुसूची 2 के तहत दिल्ली में प्रशासन के संबंध में किसी विशेष कानून की अनुपस्थिति



का हवाला दिया था। उन्होंने कहा कि हमें अध्यादेश लाना पड़ा क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ दिनों के भीतर, दिल्ली सरकार

**दो टूक**

● सुप्रीम कोर्ट ने संविधान की अनुसूची 2 के तहत दिल्ली में प्रशासन के संबंध में किसी विशेष कानून की अनुपस्थिति का हवाला दिया था

ने खुद को मजबूत करना शुरू कर दिया। इसने 2010 बैच के आईएएस अधिकारी वाईके राजशेखर को स्थानांतरित कर दिया। वे शीश महल में अनियमितताओं की जांच कर रहे थे। प्रसाद का इशारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के नवीनीकरण के लिए भारी खर्च का था।

**स्थानांतरण-पोस्टिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लाए अध्यादेश:** रविशंकर प्रसाद ने बताया कि अध्यादेश के अनुसार, जो समिति अब इस तरह के तबादलों और नियुक्तियों की सिफारिश करेगी, उसकी अध्यक्षता अभी भी दिल्ली के मुख्यमंत्री करेंगे। प्रसाद ने कहा कि दिल्ली भारत का दिल है। यह पूरे देश की राजधानी है। यहां अक्सर दुनिया भर के गणमान्य लोग दौरा करते हैं। इसलिए हमें एक ऐसी प्रणाली की आवश्यकता थी जो स्थानांतरण और पोस्टिंग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित कर सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली यूनियन टेरिटरी है, न कि अरविंद केजरीवाल टेरिटरी। पूर्व केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री ने कहा कि राजशेखर दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं की भी जांच कर रहे थे। उन्होंने कहा कि न केवल उनका तबादला कर दिया गया है।

# मेट्रो साइट पर बड़ा हादसा, 25 से 30 फीट धंसी सड़क

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मैदानगढ़ी** इलाके में इग्नू मुख्य मार्ग पर शनिवार तड़के लगभग चार बजे निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन की साइट से सटी करीब 250 मीटर की लंबाई में आधी सड़क देखते ही देखते लगभग 25 से 30 फुट नीचे धंस गई। गनीमत यह रही कि सुबह का समय होने के चलते सड़क पर ज्यादा यातायात नहीं था और कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। हालांकि, हादसे के चपेट में बिजली के एक खंभे के आने से इलाके में सुबह चार बजे से ही बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिसे बिजली कर्मचारी देर शाम तक सुचारू करने में लगे रहे। वहीं, मार्ग पर हादसे वाली जगह को बैरिकेडिंग व हरे परदे से घेर कर यातायात व किसी भी तरह के वाहनों के लिए बंद कर दिया गया। मौके पर मौजूद



दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि अब इस मार्ग पर यातायात सुचारू होने में कम से कम एक हफ्ते से 15 दिन तक का समय लग जाएगा। गौरतलब है कि मैदानगढ़ी इलाके में इग्नू मुख्य मार्ग के पास पिछले करीब डेढ़ साल से दिल्ली मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है जिसे बकायदा बैरिकेडिंग कर मुख्य मार्ग से अलग किया हुआ है। यहां मेट्रो स्टेशन बनाने के लिए काफी दूरी में काफी गहरी खुदाई की गई है। इग्नू मुख्य मार्ग दिल्ली मेट्रो की इस निमार्णाधीन साइट के बिल्कुल बगल से होकर गुजरता है। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार रात सब कुछ ठीक था लेकिन साइट के बगल सड़क के नीचे सीवर लीकेज के चलते करीब आधी सड़क शनिवार तड़के करीब चार बजे गिरती और धंसती चली गयी। सड़क किनारे लगा बिजली का एक खंभा इसकी चपेट में आ गया जिससे इलाके में बिजली भी बाधित हो गई। मौके पर मौजूद मेट्रो कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी और इसके बाद वहां बिजली विभाग व दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों पहुंचे। मेट्रो अधिकारियों ने तत्काल हादसे वाली जगह के पास से होकर आने व जाने मार्ग को घेरकर यातायात को डायवर्ट कर दिया। वहीं, बिजली कर्मचारियों ने बिजली को सुचारू करने का मोर्चा संभाला। हालांकि देर शाम तक बिजली सुचारू नहीं हो सकी थी।

**हादसा टला**

● हादसे के चपेट में बिजली के एक खंभे के आने से इलाके में सुबह चार बजे से ही बिजली आपूर्ति बाधित हो गई

# अरविंदो कॉलेज के छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विश्वविद्यालय के मालवीय नगर स्थित अरविंदो कॉलेज में छात्रों के बीच झगड़ा होने का मामला सामने आया है। इस झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि घायल छात्र की शिकायत पर मालवीय नगर थाने में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी छात्रों की पहचान कर ली गई है। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि आरोपी छात्रों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि गाजियाबाद, यूपी निवासी पीड़ित लक्ष्य ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह अरबिंदो कॉलेज से बीए(अंतिम वर्ष) कर रहा है। वह 16 मई को कॉलेज से सर्टिफिकेट लेने के लिए आया था। यहां कॉलेज के बाहर स्थित टिक्का जंक्शन पर खाना खाने चला गया। यहां कॉलेज के छात्र मनीष और रोहित नागर बैठे हुए थे। यहां पूर्व छात्र विशेष गोयल सात-आठ लड़कों के साथ पहुंच गया। सभी लाठी व डंडे से लैस थे।

**झगड़ा**

● दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि घायल छात्र की शिकायत पर मालवीय नगर थाने में मामला दर्ज किया

# बच्चों की आंख में कैंसर के इलाज में स्वदेशी प्लाक ब्रेकीथेरेपी सफल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बच्चों** की आंखों में कैंसर का प्रभावी इलाज स्वदेशी प्लाक ब्रेकीथेरेपी से संभव है। एम्स में तीन महीने से बच्चों का इस थेरेपी की मदद से इलाज किया जा रहा है। अभी तक के परिणाम बेहतर आए हैं। एम्स पहले इन प्लाक को जर्मनी से आयात करता था, जो काफी महंगे होने के साथ उपलब्धता कम थी। इस समस्या को देखते हुए एम्स ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) के साथ मिलकर बच्चों के लिए स्वदेशी प्लाक को तैयार किया जो एम्स में बच्चों के उपचार के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से मुफ्त उपलब्ध है। इस थेरेपी में प्लाक को सर्जरी कर बच्चों की आंखों से जोड़ दिया जाता है। इसी प्लाक की मदद से आंखों से ट्यूमर को हटाने के लिए रेडियोथेरेपी दी जाती है। ट्यूमर के आधार पर इसके माध्यम से रेडियोथेरेपी अलग-अलग दिन तक दी जाती है। इस दौरान बच्चा आइसोलेशन में रहता है। जब रेडियोथेरेपी पूरी हो जाती है तो प्लाक को सर्जरी करके आंख से हटा दिया जाता है और उसका इस्तेमाल दूसरे बच्चे पर किया जाता है। इस बारे में एम्स के डॉ. आरपी सेंटर की प्रोफेसर डॉ. भावना चावला ने बताया कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों में रेटिनो ब्लास्टोमा (आंखों का कैंसर) के मामले पाए जाते हैं। यदि समय पर इसका इलाज कर दिया जाए तो बच्चे की जांच के





साथ उसकी नजर के साथ आंखों को भी बचाया जा सकता है। पहले रेटिनो ब्लास्टोमा का पता काफी एडवांस स्टेज में चलता था, उस समय सर्जरी करके ट्यूमर के साथ पूरी आंख को निकालना पड़ता था। इसके बाद कीमोथेरेपी होती थी। अब कई नई थेरेपी आ गई हैं जिससे आंखों के साथ नजर को भी बचाया जा सकता है।

इस कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी की मदद से आंख को बचा सकते हैं। यह सुविधा केंद्र सरकार के सहयोग से एम्स में मुफ्त उपलब्ध है। एम्स ने बार्क के साथ मिलकर प्लाक ब्रेकीथेरेपी बच्चों के लिए शुरू की है। इस स्वदेशी थेरेपी की मदद से आंख और नजर बचाई जा सकती है। इस थेरेपी में प्लाक को सर्जरी कर आंख पर फिक्स कर दिया जाता है और इसी से रेडियोथेरेपी दी जाती है। थेरेपी के बाद इसे हटा दिया जाता है। 3-4 बच्चों पर इसका इस्तेमाल किया गया तो परिणाम बेहतर आए। रेटिनो ब्लास्टोमा से बचाव के लिए एम्स में वॉकथान का आयोजन किया गया। इसमें पीड़ित बड़े बच्चे भी आए जिनका लंबे समय पहले एम्स में उपचार हुआ और वह अब पूरी तरह से ठीक हैं। इनमें से एक बच्चा कलाकृति बना रहा है।

# पुरानी दिल्ली के इतिहास से रूबरू हो रहे दर्शक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के न थे कूचे, औराक-ए-मुसव्वर थे। जो शक्ल नजर आई तस्वीर नजर आई। मीर तकी मीर का ये शेर पुरानी दिल्ली की दास्तां को सटीक बयां करता है। अगर आप पुरानी दिल्ली की ऐतिहासिकता, हवेलियां, संस्कृति व इतिहास से रूबरू होना चाहते हैं तो आपके लिए प्रगति मैदान में चल रहा अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो खास है। पुरानी दिल्ली में स्थित 150 वर्ष पुरानी हवेलियों में दर्ज इतिहास दर्शकों को आकर्षित कर रहा है। आधुनिकता के दौर में किस तरह से पुरानी दिल्ली ने अपनी ऐतिहासिकता, विरासत व धरोहर को संजो कर रखा है, उन्हें तस्वीरों के माध्यम से बताया जा रहा है। इसमें मशहूर शायर मिर्जा गालिब की हवेली से लेकर सीता राम बाजार, नील कटरा व गली कूचों की महत्वपूर्णता को दशार्या गया है।

यही नहीं, पुरानी दिल्ली के खानपान की भी खुशबू लोगों को अपनी ओर खींच रही है। साथ ही पुरानी हवेलियों में रखे जाने वाले उपकरण ग्रामोफोन, पान दान, फर्नीचर भी लुभा रहे हैं। स्टॉल पर पहुंचते ही लोगों को पुरानी दिल्ली का अनुभव होने लगता है। वहां के लोगों की दिनचर्या को बखूबी रूप से दिखाया गया है। यहां 19वीं सदी से लेकर वर्ष 2016 तक की बदलती हवेलियों को दिखाने की कोशिश की गई है। सीताराम बाजार में स्थित कथिका कल्चरल सेंटर एंड म्यूजियम में पुरानी दिल्ली की ऐतिहासिकता को संजोने वाले अतुल खन्ना बताते हैं कि उनका जन्म पुरानी दिल्ली में ही हुआ था, लेकिन कुछ समय बाद उन्हें जगह को छोड़ना पड़ा था। उन्हें हर वक्त पुरानी दिल्ली की यादें सताती थी, जिससे उन्हें आने वाली पीढ़ी को बताते व दिखाने की ठानी और एक म्यूजियम तैयार किया। हवेली तैयार है बस अब लोगों का इंतजार है।

**बखूबी**

● पुरानी दिल्ली में स्थित 150 वर्ष पुरानी हवेलियों में दर्ज इतिहास दर्शकों को आकर्षित कर रहा है

# डीआरआई ने 31.67 करोड़ रुपये का 18.1 किलोग्राम एम्बरग्रीस जब्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजस्व** खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने तूतीकोरिन तट पर करीब 31.67 करोड़ रुपये मूल्य के 18.1 किलोग्राम एम्बरग्रिस जब्त किया है। डीआरआई ने इस मामले में एक वाहन और पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि डीआरआई ने तमिलनाडु के तूतीकोरिन तट पर एक एम्बरग्रिस तस्करी गिरोह रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मंत्रालय के मुताबिक निदेशालय ने 18 मई को विशिष्ट सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 18.1 किलोग्राम एम्बरग्रिस जब्त किया है जिसकी बाजार में कीमत करीब 31.67 करोड़ रुपये है। मंत्रालय के मुताबिक डीआरआई ने पिछले दो साल में लगभग 40.52 किलोग्राम एम्बरग्रीस जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 54 करोड़ रुपये आंकी गई है। बता दें कि एम्बरग्रिस स्पर्म व्हेल का एक उत्पाद है।

**जब्ती**

● डीआरआई ने तमिलनाडु के तूतीकोरिन तट पर एक एम्बरग्रिस तस्करी गिरोह रैकेट का भंडाफोड़ किया है

# एलजी वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार की कार्यशैली पर उठाए गंभीर सवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उपराज्यपाल** वीके सक्सेना व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच को किया गया पत्राचार तनाव बढ़ाने वाला रहा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद के सियासी हालात को उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में अराजक करार दिया है। उपराज्यपाल के मुताबिक, संवैधानिक पीठ के फैसले के बाद से दिल्ली सरकार और मंत्री नियमों व प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए अधिकारियों को डराने व धमकाने के साथ आनन-फानन में फैसले ले रहे हैं। अपने पत्र में उपराज्यपाल ने खासतौर से सेवा विभाग के मंत्री सौरभ भारद्वाज के नाम का भी जिक्र किया है। वहीं, जवाबी पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि उपराज्यपाल के पत्र की भाषा लड़ाई की है। अगर सौरभ ने कोई गलती है तो बुलाकर उपराज्यपाल डांट सकते हैं, लेकिन वे दिल्लीवालों का काम करने की इजाजत चुनी हुई सरकार को दे दें। पत्र में उपराज्यपाल ने लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद से दिल्ली सरकार व मंत्री खासतौर से सेवा विभाग के सौरभ भारद्वाज असंवैधानिक, बेशर्म, डराने वाले और नियमों का अनादर करने वाले कार्यों में उलझे हुए हैं। फैसला आने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री के साथ हुई बातचीत का जिक्र करते हुए उपराज्यपाल ने लिखा है कि वह फैसले का अध्ययन करने के बाद अधिकारियों से पालन करवाएंगे। इसके लिए उन्होंने दो से तीन दिन का वक्त देने की बात कही थी।



साथ ही, यह भी कहा था कि मुख्यमंत्री फोन पर उनसे बातचीत कर सकते हैं। उपराज्यपाल ने आगे लिखा है कि शक्तियां बढ़ने के साथ ही जिम्मेदारियों भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में सरकार को नैतिक और संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन किया जाना चाहिए। इसके बावजूद मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने नाटकीय व्यवहार और पेचीदा अंदाज में न्यायालय के आदेश पर जल्दबाजी में हंगामा करना शुरू कर दिया। इसमें नियमों की भी अनदेखी की गई है। लगातार मीडिया का दबाव भी बनाया जा रहा है, ताकि मंत्री (सेवा) की सिफारिशों को सोचे बिना लागू कर दिया जाए। इसके लिए अधिकारियों को धमकी दी गई, ताकि मंत्रियों की मनमानी का साथ दें।

**हालिया घटनाक्रम पर एलजी ने उठाए सवाल:** एक सप्ताह के दौरान जो सामने आया इससे कहा जा सकता है कि शासन को उदासीन, संगठित और राजनीतिक कार्यपालिका की मनमानी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। भारत का संविधान प्रशासन को नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करने करने के लिए प्रावधानों का पालन करने के लिए बाध्य करता है। प्रावधानों के तहत अधिकारियों को कर्तव्य का अधिकतम निर्वहन करना है। दो दशकों से सेवा अधिकारियों के साथ हुए दुर्व्यवहार को विस्तार से बताते हुए पेशेवर अनुभवों की कमी का हवाला दिया है। सेवा मंत्री सौरभ भारद्वाज की ओर से दिए गए डिक्टेशन पर अधिकारियों को हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया।

दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को पद से हटाने के लिए सिविल सेवा बोर्ड के दो सदस्यों पर अनुचित प्रभाव डालने के आरोप लगाए गए हैं। यह 16 मई को स्पष्ट हो जाती है।

**सियासी हालात**

● मंत्री नियमों व प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए अधिकारियों को डराने व धमकाने के साथ आनन-फानन में फैसले ले रहे

## न्यूज फ्लैश

### यमुना एक्सप्रेस वे पर टकराई दो सवारी बस, मची चीख पुकार

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे पर रात दो बसें आपस में टकराने से चीखपुकार मच गई। हादसे के समय दोनों बसों में करीब एक सैकडा सवारी थीं। जिनमें से करीब दो दर्जन सवारियां घायल हुई हैं। एक सवारी की मौत हो गई जबकि चार की हालत गंभीर बनी हुई है। आशंका जताई जा रही है कि हादसा ड्राइवर को नींद की झपकी आने के कारण हुआ। आगरा से नोएडा जा रही वोल्वो बस संख्या यूपी 81 सीटी 8892 यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 69 पर सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान गोंडा से दिल्ली जा रही बस संख्या यूपी 22 एटी 3152 ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी मिलते ही नौहझील पुलिस और एक्सप्रेस वे कर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिस और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने बसों में फंसे घायलों को निकाला और इलाज के लिए सीएचसी नौहझील पहुंचाया। हादसा सुबह करीब साढ़े छह बजे हुए जब बस का चालक बदलने के लिए माइलस्टोन 69 पर बस यूपी 81 सीटी 8892 के चालक ने बस को किनारे खडा कर दिया था। अभिषेक निवासी सुभाष नगर अतरौली जिला बलरामपुर, रुपेश निवासी जमानियां गाजीपुर, अनामिका चैबे निवासी दिल्ली, हरी निवासी मुबारकपुर हापुड़, अजीत निवासी कलौठरा राजस्थान, मोहम्मद अमान निवासी अंबेडकर नगर, संदीप शर्मा उत्तम नगर दिल्ली, उमाशं निवासी दिल्ली, प्रिया निवासी इंदिरा कालोनी रोहतक हरियाणा, अभिजीत निवासी निराला नगर लखनऊ, राम संजीवन निवासी मौहबा, सुशील कुमार निवासी कशाल, शाक्षी, सुनील निवासी राजस्थान आदि घायल हुए हैं।

### मोबाइल चोर गिरोह से 10 लाख के मोबाइल बरामद

**मथुरा।** शातिर मोबाइल चोर गैंग के नौ सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 31 मोबाइल बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख 30 हजार है। पुलिस के मुताबिक नौ लोगों का एक गैंग है, ये सभी लोग पूरे जनपद में फैल जाते है, मथुरा एक धार्मिक पर्यटक स्थल है यहां बाहर से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। मथुरा शहर व मथुरा के आस पास के भीड़भाड़ वाले स्थानों मन्दिरों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन आदि से आने जाने वाले श्रद्धालुओं के मोबाइल, पैसे व पर्स आदि चोरी करते हैं। इस गैंग के कुछ सदस्य मोबाइल का लॉक तोड़ने में मदद करते हैं। फिर आस पास चलते राहगीरों को सस्ते दामों में बेच देते हैं। चोरी किये गये मोबाइलों की बिक्री से जो पैसा मिलता है उसको ये सभी नौ लोग आपस में बराबर बराबर बांटकर हिस्सा बांट कर लेते है। राजा खान उर्फ राजा बाबू पुत्र रसीद खान निवासी विसायती खिडकी कच्ची सडक थाना गोविन्दनगर, कुलदीप चौधरी पुत्र अर्जुन सिंह निवासी कच्ची सडक थाना गोविन्दनगर, इकराम पुत्र बिन्दू खां निवासी डहरूआ थाना जमुनापार, इमरान पुत्र फारूख निवासी सुखदेवनगर, इस्लाम पुत्र बिन्दू खां निवासी डहरूआ, नन्हे पुत्र गुलाब निवासी डहरूआ थाना जमुनापार, सुभाष पुत्र वेदप्रकाश निवासी डहरूआ, प्रकाश शर्मा पुत्र महावीर प्रसाद शर्मा निवासी सिद्धार्थनगर थाना जमुनापार तथा देवेन्द्र उर्फ देवू पुत्र निरोत्तम सिंह निवासी बहादुरपुरा थाना कोतवाली जिला मथुरा को छोटी रेलवे लाइन टिकट घर से 15 से 20 कदम आगे अमरनाथ स्कूल की तरफ पटरी किनारे से गिरफ्तार किया गया।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का बलिदान दिवस आज

**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा ने बताया कि रविवार को दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेठ बाड़ा मथुरा पर आधुनिक भारत के निमार्ता, भारत रत्न स्व. राजीव गांधी का बलिदान दिवस मनाया जाएगा। मथुरा जनपद के समस्त एआईसीसी सदस्य, पीसीसी सदस्य, पूर्व सांसद, पूर्व सांसद प्रत्याशी, पूर्व विधायक, पूर्व विधायक प्रत्याशी, पूर्व मेयर प्रत्याशी व कांग्रेश के पार्षद व पार्षद प्रत्याशी रहे, समस्त कार्यकर्ता, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, समस्त फ्रन्टल संगठनों के सम्मानित अध्यक्ष व उनकी कमेटियां, महिला कांग्रेस अध्यक्षा व उनकी कमेंटीयाँ, नगर पंचायत, ब्लॉक अध्यक्ष व सम्मानित सभी कांग्रेस कार्यकताओं को आमंत्रित किया गया है।

### अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर ने ली बच्चे की जान

**मथुरा।** बलरई गांव में करीब चार दिन पूर्व अवैध मिट्टी खनन में लगे ट्रैक्टर ट्राली के चालक की लापरवाही ने एक बच्चे की जान ले ली। पीड़ित पिता ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मृतक बालक के पिता गौरव ने बताया कि उसके गांव में कुछ दिन से अवैध रूप से मिट्टी खनन का काम चल रहा है। जिसकी शिकायत उन्होंने खनन अधिकारी से की थी। लेकिन इस मामले में अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की। 15 मई को उसका बेटा हर्षित गली में दुकान पर कुछ सामान लेने गया था। तभी मिट्टी भर कर ला रहे ट्रैक्टर चालक ने बेटे को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए फरीदाबाद मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक ब्रह्मा नामक व्यक्ति के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# प्रशासन का अटके कामों को पूरा करने पर जोर

## कराये जा रहे कार्यो की कार्यदायी संस्थाओं के साथ समीक्षा बैठक की



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/लोकेश चौधरी**
जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट सभागार में विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि योजना एवं सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की कार्यदायी संस्थाओं के साथ समीक्षा बैठक की। समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन कार्यों पर अभी द्वितीय किस्त की मांग नही गई है, उन पर तत्काल द्वितीय किस्त की मांग करते हुए उन सभी कार्यों पर द्वितीय किस्त की धनराशि प्राप्त कर 15 जून तक कार्य पूर्ण करायें। इसी प्रकार जो कार्य अभी प्रारम्भ नहीं हुए है उन्हें तत्काल प्रारम्भ कराते हुए जून तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि कार्यों की गुणवत्ता मानक के अनुसार ही हो, इसमें किसी भी प्रकार विचलन न किया जाय। सहायक अभियन्ता, जिला ग्राम्य अभिकरण मथुरा को निर्देशित किया गया है कि जो कार्य पूर्ण हो गये हैं तथा उनके कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हो गये हैं, उनका पुनः स्थलीय सत्यापन अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। बैठक में मनीष मीना मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ध्रुव खादिया, डा. अजय कुमार वर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी फरह, अनिल कुमार अग्रवाल सहायक अभियन्ता जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, विनय कुमार अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, संजय गंगवार अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, के.के शर्मा अधिशासी अभियन्ता जल निगम, कौशलेन्द्र चैधरी अधिशासी अभियन्ता मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, वाईपी सिंह क्षेत्रीय प्रबन्धक उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम, बृज बिहारी खण्ड विकास अधिकारी गोवधन एवं छाता अभियन्त्रण विभाग विकास खण्ड मथुरा देवेन्द्र कुमार अवर अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग विकास खण्ड फरह उपस्थित थे।

## अंत्योदय मेलाः 66 लाभार्थियों ने कराया रजिस्ट्रेशन



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत लघु सचिवालय के नजदीक स्थित सभागार में नारनौल खंड के लाभार्थियों के लिए लगे अंत्योदय मेले का आज समापन हो गया। मेले में आज आखरी दिन 66 लाभार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि नारनौल खंड के तीन दिवसीय अंत्योदय मेले में कुल 358 लाभार्थियों ने फायदा उठाया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि अब यह मेला आगामी 23 से 25 मई तक नांगल चौधरी के राजकीय महिला कालेज में लगेगा। इस मेले में 884 पहले से ही चिन्हित लाभार्थियों को बुलाया गया है।

जिला प्रशासन की ओर से लाभार्थियों को फोन किए जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य माध्यमों से भी उनसे संपर्क किया जा रहा है।

## उप मुख्यमंत्री ने किया ग्रामीण हलका प्रधान धर्मबीर राठी के कार्यालय का उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शुक्रवार शाम को तहसील कैंप मोड स्थित जजपा के पानीपत ग्रामीण हलका अध्यक्ष धर्मबीर राठी द्वारा बनाये गये पानीपत ग्रामीण हलके के कार्यालय का रीबन काटकर उदघाटन किया। वहीं कार्यालय में पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का धर्मबीर राठी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं भी सुनी और उनका मौके पर ही निदान कर दिया। वहीं ग्रामीण हलका प्रधान धर्मबीर राठी ने कार्यालय के उदघाटन पर पहुंचने पर सभी कार्यकर्ताओं व गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया।

## दीनदयाल उपाध्याय जन्मभूमि स्मारक समिति की कार्यकारिणी गठित

**मथुरा।** अंत्योदय की प्रेरणा स्थली दीनदयाल धाम की स्मारक समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ।चुनाव अधिकारी सतीश कुमार ने चुनाव को संपन्न कराया। चुनाव में मधुसूदन दादू को अध्यक्ष केशव देव शर्मा को मंत्री चुना गया।उपाध्यक्ष के पद पर एस एन कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता तथा डॉक्टर मालती मिश्र मथुरा को चुना गया।सह सचिव राजीव गुप्ता और प्रेम अग्रवाल चुने गए। कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन चुने गए।चुनाव संपन्न होने पर संघ के सरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए हुए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी और कहा कि क्षेत्र में रोजगार स्वास्थ्य समाज परिवर्तन के लिए नई समिति कार्य करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को सभी लाभ मिल सके।

## नशा तस्करों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, हजारों नशीले कैप्सूल सहित यूपी का मेहंदी काबू



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला में नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों की पुलिस ने एक बार फिर से शिंकजा कसना शुरू कर दिया है। पिछले दो महीने के दौरान अम्बाला में भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किये गए है तथा कई लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।
अंबाला में एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने नशीले कैप्सूल की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वैसे तो आरोपी गैस चूल्हा रिपेयर करने का काम करता है, लेकिन । पुलिस की टीम को मुखबिर ने सूचना दी थी कि आरोपी नशीले कैप्सूल बेचने का भी धंधा करता है। पुलिस आरोपी से 3600 नशीले कैप्सूल बरामद कर पूछताछ में जुटी है। एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि। पुलिसकी टीम महेश नगर रामा पैट्रोल पंप के पास गश्त पर तैनात थी। इसी बीच, गुप्त सूचना मिली कि पूजा विहार निवासी मेंहदी की करधान रोड पर मेंहदी हसन रिपेयर हाउस (गैस चूल्हा रिपेयर) नाम से दुकान है। आरोपी भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल बेचने का धंधा करता है। आरोपी करधान रोड की तरफ से टांगरी नदी के बंधे की तरफ आएगा। सूचना ने मुखबिर की सूचना पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक व्यक्ति हाथ में बैग पकड़े आता हुआ दिखाई दिया।

## गोवर्धन परिक्रमा में तेंदुए की आहट, पहुंची टीम



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** जतीपुरा परिक्रमा मार्ग स्थित एक कॉलोनी में दो दिनों से तेंदुआ दिखाई देने से लोगों में दहशत है। तेंदुआ के विचरण करने की तस्वीर कॉलोनी में घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हैं। कोलोनी के लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग और गोवर्धन पुलिस को दी। वन विभाग टीम ने सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद कहा कि दिख रहा जानवरी जंगली बिल्ली भी हो सकता है। शुक्रवार की देर शाम जतीपुरा गिरिराज परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीजी नगर कॉलोनी में तेंदुए के विचरण करने की जानकारी लोगों को हुई तो कॉलोनी में दहशत फैल गई। दहशत में आए लोग घरों में दुबक गए। इसकी सूचना वन विभाग और थाना पुलिस को दी। आनन फानन में वन विभाग की टीम श्रीजी नगर कॉलोनी पहुंची और ग्रामीणों के साथ तेंदुए की खोजबीन में जुट गई। वहां तेंदुआ तो नहीं मिला लेकिन उसके पैरों के निशान (चिन्ह) टीम ने देखे। एक मकान के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज वन विभाग की टीम ने लिए। सीसीटीवी फुटेज में एक तेंदुआ कॉलोनी में घर के बाहर विचरण करता दिखाई दे रहा है। घर के बाहर पानी की टंकी से पानी पीता दिखाई दिया।

***श्रीजी नगर कॉलोनी में तेंदुए के विचरण करने की सूचना मिली थी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, वहां तेंदुए के पैरों के चिन्ह तो नहीं मिले। सीसीटीवी फुटेज मिला है। उसमें वह जंगली बिल्ली प्रतीत हो रही है। फिर भी उस एरिया में वन विभाग की टीम पेट्रोलिंग कर रही है। -आशीष कुमार, वन दरोगा।***

## समाधान दिवस में उमड़ी शिकायतकर्ताओं की भीड़

**मथुरा।** शनिवार को गोवर्धन के खंड विकास कार्यालय पर सम्पूर्ण समाधान दिवस एसडीएम कमलेश गोयल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। 20 शिकायत दर्ज हुईं, एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। बरसाना थाना क्षेत्र में पानी निकासी के विवाद में पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगा है। इसके अलावा गोवर्धन पुलिस पर अड़ीग के सहरा पायसा में पानी के निकास को लेकर पुलिस पर दबंगों को संरक्षण देने का आरोप है। एस डीएम कमलेश गोयल ने संबंधित थानाध्यक्षों को संबंधित प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर विभागों के अधिकारी अनुपस्थित थे।

## मोदी जी के छोटे भाई किडनी फेल का इलाज करवाने पहुंचे हिम्स




**गुरुग्राम** : पीएम मोदी जी के छोटे भाई, प्रहलाद मोदी जी अपनी किडनी फेल का इलाज हिम्स डेराबस्सी, चंडीगढ़ में करवाने पहुंचे। प्रहलाद मोदी जी दो साल से किडनी फेल की बीमारी से पीड़ित है और हफ्ते में दो बार डायलिसिस करवा रहे थे। मॉडर्न पैथी के डायलिसिस से परेशान होकर अब उन्होंने आयुर्वेद में आने का निर्णय लिया। हिम्स में आ कर वे यह जानना चाहते है की क्या उनकी पुरानी किडनी ही काम कर सकती है? हिम्स में आने से पहले उन्हें सीढ़ी चढ़ने, सांस फूलने, खाना खाने के बाद बेचैनी और बैठने में तकलीफ जैसी कई समस्याएं थी। हिम्स में आने के बाद उनकी तबीयत में बहुत सुधार हुआ है। अब सीढ़ी चढ़ने पर उनका सांस नहीं फूल रहा है, उनको खाना खाने के बाद और बैठने में कोई परेशानी नही है। प्रहलाद मोदी जी कई साल से शुगर और बीपी की दवाई भी खा रहे थे। अब उनका सुगर और बीपी भी नियंत्रित है। अभी हिम्स में उनका पंचकर्म, डाइट थेरेपी और ग्रैड सिस्टम के द्वारा इलाज चल रहा है। प्रहलाद मोदीजी के दो साल से हफ्ते में दो डायलिसिस चल रहे है पर हिम्स में आयुर्वेद के माध्यम से उनके डायलिसिस को कम करने का प्रयास चल रहा है। प्रहलाद मोदी जी ने कहा, "मुझे 1992 से डायबिटीज और हाई बीपी की समस्या थी। इसके कारण मेरी दोनो किडनी फेल हो गई थी और मैं डायलिसिस पर चला गया। फिर मुझे पता लगा की चंडीगढ़ के पास आचार्य मनीष जी का एक हिम्स अस्पताल है जहां से पानी की थेरेपी से डायलिसिस मुक्त हो सकते है। इस आशा की किरण के साथ मैं हिम्स पहुंचा और यहा आ कर मेरी थेरेपी तो शुरू हुई ही पर मुझे ऐसा एहसास भी हुआ की मैं अपने परिवार के बीच ही हूं।"

## चिकित्सा के अवैध अड्डों पर कार्यवाही जारी, क्लीनिक किया

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
चिकित्सा के अवैध अड्डों पर कार्यवाही जारी है। अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर छापेमारे कार्यवाही की जा रही है। शुक्रवार को बडी संख्या में ऐसे क्लीनिकों पर कार्यवाही हुई थी। इससे अवैध रूप से चिकित्सा कार्य में लगे लोगों में हड़कंप की स्थिति है। अभी तक महानगर में चल रहा यह अभियान अब नगर पंचायत स्तर पर पहुंच गया है। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैमुंहा के चिकित्सा प्रभारी डॉ. संदीप चैधरी ने चौमुंहा में चल रहे झोलाछाप क्लीनिक दीपक नर्सिंग होम को सील कर मुकदमा दर्ज कराया है। सीएमओ के आदेशानुसार चिकित्सा प्रभारी ने थाने पर दर्ज किए मुकदमे में बताया कि दीपक ठाकुर पुत्र बहादुर सिंह निवासी धनगांव का अवैध दीपक नर्सिंग होम चैमुंहा को सील किया गया।

## इद्रीश फाउंडेशन ने राजकीय स्कूल छबियाना किया अडॉप्ट



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
इद्रीश फाउंडेशन की ओर से नए प्रकल्प की शुरूआत की गई है। इसके तहत सरकारी स्कूलों को एडॉप्ट कर संस्था बच्चों के मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता अभियान चलाएगी।
इसके अलावा समय-समय पर सफाई अभियान पौध रोपण आदि प्रकल्प भी चलाए जाएंगे। इसी कड़ी में राजकीय स्कूल छबियाना में इस कार्य की शुरूआत की। इसके तहत इद्रीश फाउंडेशन ने रीक्रिएट अर्थ के साथ मिलकर पहले पौध रोपण किया और फिर स्कूल में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें स्कूल की साफ सफाई की व बच्चों को साफ सफाई के लिए जागरूक किया गया। रिलायंस स्मार्ट बजार के वॉलिंटियर्स और साथ ही मैनेजर मनीष और शिव बाबू शुक्ला ने पूर्ण सहयोग किया। इसके अंतर्गत सभी बच्चों ने खुद आगे आकर स्कूल कि सफाई की व अपने कमरों व बैठने के स्थान की सफाई की और सुंदर तरीके से स्कूल को सजाने का प्रयास किया। इस दौरान बच्चों में खाद्य सामग्री भी वितरित की गई। इसमें आर्य गर्ल्स कॉलेज अंबाला कैंट की एनएसएस यूनिट प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर अनिता गोदारा वा स्वयसेवकों ने हमारा पूरा सहयोग किया। इस दौरान समार्ट बाजार से शशी कुमार, मनीष, शिव कुमार, राकेश कुमार, राहुल, रीक्रिएट अर्थ से गीतांश, कशिश, गगन, मनीषा, इद्रीश फाउंडेशन से नेहा, दीपांश, अंकित, करिशमा, मुस्कान, कविता, मनप्रीति मौजूद रहे।

## अब हरियाणा में कांग्रेस सरकार का बनना तय- सुनील पवार




**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा में कांग्रेस पार्टी का आना सुनिश्चित है। कर्नाटक व हिमाचल में कांग्रेस की जीत के बाद अब हरियाणा में कांग्रेस सरकार का बनना तय हो चुका है। उपरोक्त दावा अंबाला शहर के कांग्रेस भवन में पंचायती राज संगठन के बैनर तले बुलाई गई कार्याकताओं की बैठक में बोलते हुए प्रदेशअध्यक्ष सुनील पवार ने कहे। बैठक का आयोजन कांग्रेसी पार्षद मेघा गोयल व कांग्रेसी नेता ईशु गोयल ने किया। पवार ने कहा कि कांग्रेस एक थी और एक जुट ही रहेगी। उन्होनें कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि सभी कार्यकर्ता एक होकर पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करें और हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गाधी की सोच को जन-जन तक पहुचाएं। उन्होनें कहा कि राहुल गांधी का परिवार एक ऐसा परिवार है जिसने अपने खून का बलिदान देकर देश को सींचा है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता निर्मला चौहान ने भी अपने विचार रखे। बैठक के आयोजक कांग्रेस नेता ईशु गोयल ने कहा कि अब समय आ गया है कि भाजपा का हरियाणा से सफाया करने का।

**▶▶ लोग निगम प्रोपर्टी आईडी के लिए धक्के खा रहे है। इसमे बहुत घोलमाल किया जा रहा है**

उन्होने कहा कि भाजपा के राज में अंबाला निगम में त्राहि-त्राहि मची हुई है।
लोग निगम प्रोपर्टी आईडी के लिए धक्के खा रहे है। इसमे बहुत घोलमाल किया जा रहा है। इस अवसर पर पार्षद मेघा गोयल ने कहा कि निगम में 100 से 200 की संख्या में ऐसे लोग आते है जिनकी फैमिली आईडी गलत कर दी गई है और इसे ठीक करवाने के लिए लोग दर दर की ठोकरे खा रहे है। गरीबों के राशन कार्ड काट दिए गए है, बुजुर्गो की पेशन काट दी गई है। जिनकी कोई सुनवाई नही की जा रही। आने वाले समय में भाजपा सरकार को इसकों खामियाजा भुगतना पडेगा। और कांग्रेस भारी अंतराल से सत्ता में आएगी। इस अवसर पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता किरण बाला जैन, राजरानी, खुशबीर, तरूण, किरण राणा, देवेन्द्र बजाज, कुलदीप सिंह राणा, हरजीत सिंह बबल, रजत अग्रवाल, बलविन्द्र पुनिया, रिकुं पुनिया, सुखविंदर शिंदा, नवनीत, बालकिशन, सुरज रशमी शर्मा, आशीष टक्कर, आदि उपरस्थित रहे।

## महिपाल सिंह बने काग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ पानीपत ग्रामीण के हल्का अध्यक्ष

**▶▶ सुभाष तंवर ने कहा कि महीपाल सिंह की नियुक्ति से ग्रामीण हलके में पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत जिला कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला चेयरमैन सुभाष तंवर ने कांग्रेस नेता महिपाल सिंह को पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र का हल्का अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रकोष्ठ के जिला चेयरमैन सुभाष तवंर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमवीर पंवार ने महिपाल सिंह को शनिवार को नियुक्ति पत्र सौंपा।
सुभाष तंवर ने कहा कि महीपाल सिंह की नियुक्ति से ग्रामीण हलके में पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी। जबकि महीपाल सिंह ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के साथ वंचित समाज के लोगों के हितों की आवाज उठाते हुये उनको कांग्रेस पार्टी के साथ जोडने का काम करेंगे।

# जग उत्थान जन कल्याण परिषद ने धूमधाम से मनाई वर्षगांठ






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महिला** सशक्तिकरण के लिए समर्पित संस्था जग उत्थान जन कल्याण परिषद ने अपनी पहली वर्षगांठ बड़ी ही धूमधाम से मनाई। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही बाहरी दिल्ली की प्रमुख संस्थाओं में शुमार जग जग उत्थान जन कल्याण परिषद ने अपनी पहली वर्षगांठ बड़ी ही धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर संस्था के सभी सेंटरों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख कार्यक्रम संस्था के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित किया गया।

इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें संस्था के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि और अति विशिष्ट अतिथियों का पटका पहनाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देकर सभी को भावविभोर कर दिया।

वहीं संस्था उपाध्यक्ष शशि बाला ने निःशुल्क पौधा वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्था अध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया कि संस्था के माध्यम से हमारा उद्देश्य ग्रामीण गरीब, असहाय, बेरोजगार महिलाओं बेटियों को निःशुल्क सिलाई, कढ़ाई ,ब्यूटी पार्लर आदि का प्रशिक्षण देकर महिलाओं को सशक्त बनाना है। जिससे महिलाओं को अपने परिवार का पालन पोषण करने में काफी मदद मिलती है। संस्था द्वारा फिलहाल 5 सेंटरों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र की बहनों बेटियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने का मौका मिलता है। जिससे बेटियां आत्मनिर्भर बन कर दो घरों को रोशन करने का कार्य करती हैं। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष रणवीर सिंह, उपाध्यक्ष शशिबाला, महामंत्री अरुण आर्य, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, सुभाष कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डॉ. अनिल जैन ने जेपी नड्डा को 'हीलिंग विद नेचर' पुस्तक भेंट की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डॉ.** अनिल जैन (योग गुरु) ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को अपनी पुस्तक "हीलिंग विद नेचर" भेंट की।

इस मौके पर बीजेपी के विदेश मामलों के विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले, डॉ. सुजान चिनॉय ,भारत के जी20 प्रेसीडेंसी के लिए थिंक20 के अध्यक्ष, एमपी-आईडीएसए के महानिदेशक, रक्षा मंत्रालय भारत सरकार, डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष आईसीसीआर और अन्य अधिकारी, सुषमा स्वराज भवन (प्रवासी भारतीय केंद्र), चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में माजुद रहे। जेपी नड्डा ने डॉ जैन को



पुस्तक के नए प्रकाशन के लिए बधाई दी, जो लोगों को प्रकृति के साथ और बिना दवाओं के रोग का इलाज करने में मदद करेगा।

डॉ अनिल जैन योग और प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ हैं और उन्होंने फलों, सब्जियों,

## डॉ. अनिल जैन के बारे में...

- डॉ अनिल जैन योग और प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ हैं और उन्होंने फलों, सब्जियों, हरी घास और गेहूं घास के माध्यम से कई बीमारियों का इलाज करके गरीब लोगों के दुख को दूर करने में अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल किया है। उन्होंने अनुसंधान और अनुभव के माध्यम से प्राकृतिक चीजों के कई संयोजन विकसित किए हैं।

हरी घास और गेहूं घास के माध्यम से कई बीमारियों का इलाज करके गरीब लोगों के दुख को दूर करने में अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल किया है। उन्होंने अनुसंधान और अनुभव के माध्यम से प्राकृतिक चीजों के कई संयोजन विकसित किए हैं और गरीब और जरूरतमंद लोगों को पूरी तरह से धर्मार्थ के आधार पर मुफ्त इलाज देते हैं। योग गुरु के रूप में, कैलाश मानसरोवर में 22,000 फीट की ऊंचाई पर 88 से अधिक विभिन्न योगासनों के प्रदर्शन सहित उनके नाम पर कई उपलब्धियां हैं। गौर हो कि डॉ अनिल जैन भारत सरकार के विभिन्न महत्वपूर्ण समितियों/बोर्ड में एक नामित सदस्य हैं, इसके अलावा वे सार्वजनिक संगठनों में सदस्य भी हैं।

# समाज को जागरूक कर रही है श्री कृष्णा रामा चेरिटेबल सोसायटीः राजरानी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्री** कृष्णा रामा चेरिटेबल सोसायटी की महासचिव राजरानी ने कहा कि श्री कृष्णा रामा चेरिटेबल सोसायटी द्वारा समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि समाज के सभी वर्ग के लोग जागरूक हो सके। उन्होंने आगे बताया कि सोसायटी के द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान, महिलाओं के अनेको कार्यक्रम के अलावा सामूहिक विवाह व अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाते है।

महासचिव राजरानी ने कहा कि सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व



निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके। उन्होंने आगे बताया कि समाजसेवा करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है,

## महासचिव ने कहा...

- समाजसेवा करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए।

इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब में राजरानी ने कहा कि सत्य की हमेशा ही जीत होती है, इसलिए सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए, क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चले।

# श्रीराधा कृष्ण दर्शन परिवार के संरक्षक बने सुरेश गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर एक्सटेंशन आरडब्ल्यूए के प्रधान सुरेश गोयल को श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार का संरक्षक नियुक्ति किया गया।

इस मौके पर बोलते हुए श्री राधाकृष्ण दर्शन परिवार के प्रधान मनोज सिंघल ने बताया कि सुरेश गोयल प्रधान जी के नेक कार्यों को देखते हुए आज उनको यह संरक्षक की जिम्मेवारी सौंपते हुए हमारी पूरी कार्यकारिणी खुश है और हमें पूरा विश्वास है कि प्रधान सुरेश गोयल जो श्री राधाकृष्ण दर्शन परिवार के संरक्षक बने है।इससे श्री राधाकृष्ण दर्शन परिवार को मजबूती मिली है।इनको संरक्षक



बनाते हुए हमें काफी हर्ष हो रहा है। इस अवसर पर श्री राधाकृष्ण दर्शन परिवार के नवनियुक्ति संरक्षक सुरेश गोयल ने कहा कि श्री राधाकृष्ण दर्शन परिवार बड़ा ही अच्छा कार्य कर रहा है, सभी को इस प्रकार के सेवा के कार्य अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक करने चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि श्री राधाकृष्ण दर्शन परिवार गऊ को लेकर भी कई अभियान चला जा रहा है और समय-समय पर श्री राधाकृष्ण दर्शन परिवार के द्वारा कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही श्री राधाकृष्ण दर्शन परिवार के प्रयासों से क्षेत्र में स्वच्छता का भी महौल है। इसके लिए मैं श्री राधाकृष्ण दर्शन परिवार की पूरी टीम को बधाई देता हूं। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और नवनियुक्ति संरक्षक का स्वागत किया।





प्रोफेसर गणेशी लाल (गर्वनर उडिसा) का स्वागत करते हुए हरियाणा विधानसभा के स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता, राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल और पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल।

# वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में लोग पानी की समस्या का रहे हैं सामनाः गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी की कथनी और करनी में काफी ज्यादा फर्क है। आम आदमी पार्टी जो कहती है, वह करके नहीं दिखाती है, जिसके चलते आज जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त बातें वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने कही।

श्री गुप्ता ने आगे बताया कि आज वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के स्लम इलाको में लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता



को मुफ्त पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज दिल्ली की कई कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को साफ पानी न मिलने की वजह से जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में विकास केवल कागजों या विज्ञापनों पर ही नजर आ रहा है, धरातल पर तो विकास नहीं दिख रहा है, जिसके चलते आज लोगों को मूलभुत सुविधाएं भी नहीं मिल रही है। पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने आगे बताया कि भारत देश में कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के पक्ष में कार्य करती है, आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, इसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को ही जाता है।

# 'टाइटलर के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मोदी व सीबीआई का आभार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** के सिख नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 1984 के सिख नरसंहार मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ सीबीआई द्वारा चार्जशीट दर्ज करना सिख समुदाय के लिए एक बड़ी जीत है। उन्होंने टाइटलर जैसे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सीबीआई का आभार व्यक्त किया।

यहां जारी एक बयान में मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि जब वह दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव थे, तब उन्होंने अदालत में अर्जी दायर करते हुए कहा था कि जगदीश टाइटलर के खिलाफ नए साक्ष्य उपलब्ध हैं, जिसके बाद अदालत ने अर्जी स्वीकार की और फिर 29 मार्च 2023 को सीबीआई के मुख्य गवाह हरपाल ने मजिस्ट्रेट के सामने धारा 164 के तहत एक बयान दर्ज करवाते हुए बताया कि कैसे जगदीश टाइटलर ने भीड़ का नेतृत्व किया और गुरुद्वारा पुल बंगश इलाके में तीन सिखों ही हत्या की उसके बाद गुरुद्वारा साहिब को आग लगा दी गई।

मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सीबीआई ने गहन जांच के बाद आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 153ए, 188, 302, 295 और 436 के तहत चार्जशीट दर्ज की है।

# वजीरपुरः युवाओं को एक मंच पर लाना हमारा कर्त्तव्यः सुमित चौहान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नव** युवक उज्जवल मंच के अध्यक्ष सुमित चौहान ने बताया कि आज के युवाओं का कर्तव्य अपनी जिम्मेदारी पूरी करनी है। अर्थात वास्तविक, ईमानदार और अच्छे नैतिक मूल्यों को बनाए रखना है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने समाज और देश के विकास के लिए काम करना चाहिए। युवाओं को अपने समाज में एक सार्थक परिवर्तन लाने के लिए अपने मस्तिष्क, रचनात्मकता, ताकत और कौशल को लागू करना चाहिए और इसे यथासंभव सर्वोत्तम तरीके से कार्य करने में सक्षम बनाना चाहिए।



यह हमारे युवा और एकमात्र युवा ही है जो विकास और प्रगति के बीज बो सकते हैं और राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी बन सकते हैं ताकि सिद्धांतों और नैतिकता के आधार पर उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जा सके। ये सब सपने सच होने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हमारे युवा पहले अपने अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करें और स्वयं को अच्छी तरह से शिक्षित करें क्योंकि यह केवल शिक्षा ही है जो उन्हें सशक्त बनाएगी और हमारे देश के भविष्य का निर्माण करने में उनकी मदद करेगी। बौद्धिक अध्ययन के अलावा शारीरिक शिक्षा भी जरूरी है क्योंकि बिना किसी अच्छे स्वास्थ्य के उनका दिमाग स्वस्थ नहीं रह सकता है। इसलिए यदि हमारे युवा स्वस्थ रहेंगे तो वे अपने देश के लिए काम करने में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर सकते हैं।

# सिख नरसंहार मामले को लेकर दर्ज हुई चार्जशीट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि सीबीआई द्वारा 1984 के सिख नरसंहार मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ चार्जशीट दर्ज होना सिख कौम की एक बड़ी जीत है।

आज यहां एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि सिख समुदाय 39 वर्षों से दुनिया के सबसे बड़े नरसंहार के न्याय के लिए संघर्ष कर रहा है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की टीम सरदार आत्मा



सिंह लुबाणा के नेतृत्व में इन मामलों की पैरवी करती आ रही है और आज सीबीआई द्वारा टाइटलर के खिलाफ चार्जशीट दर्ज होना दिल्ली कमेटी की टीम के लिए भी एक बड़ी जीत है।

## जीत...

- सीबीआई द्वारा जगदीश टाइटलर के खिलाफ 1984 के सिख नरसंहार मामले में चार्जशीट दर्ज होना सिख कौम के लिए बड़ी जीतः कालका

सरदार कालका और सरदार काहलों ने बताया कि यह मामला पुल बंगश का है जहां जगदीश टाइटलर ने स्वयं भीड़ का नेतृत्व करते हुए सिखों का नरसंहार किया।

पूर्व में कांग्रेस सरकार के दौरान टाइटलर को सीबीआई ने क्लीन चिट दे दी थी, लेकिन जब सरकार बदली तो दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की टीम ने पुनः पैरवी की व मामले की दोबारा जांच हुई। जिसमें एसपी अमनजीत कौर और अब एसपी राजवीर सिंह ने पूरी पारदर्शिता के साथ केस की जांच की। इस मामले में चश्मदीद गवाह अमरजीत सिंह बेदी व हरपाल कौर ने 29 मार्च को धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया था। कौर के घर में ही सरदार गुरचरण सिंह चन्नी, बादल सिंह, ठाकुर सिंह की हत्या की गई थी। रोज एवेन्यू कोर्ट में आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 153ए, 188, 302, 295 व 436 आई.पी.सी के तहत चार्जशीट दायर की है।

# आदर्श नगर थाना ने नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर-पश्चिम** जिले के क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया था।

रेलवे लाइन, आजादपुर के पास के क्षेत्र में एक ड्रग पेडलर के बारे में गुप्त सूचना के आधार पर, इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एक समर्पित टीम जिसमें शैलेंद्र सिंह जक्खर, एसएचओ/पीएस आदर्श नगर, जिसमें एसआई विवेक, एचसी राहुल हुड्डा, सीटी शामिल हैं।



13.05.23 को लगभग 09:00 बजे, टीम रणनीतिक रूप से रेलवे लाइन, आजादपुर के पास क्षेत्र में तैनात थी, जहां मुखबिर द्वारा इशारा करने पर, उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। पुलिस को देख उसने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस कर्मियों ने सफलतापूर्वक काबू पा लिया और उसे दबोच लिया। उसकी सरसरी तौर पर तलाशी के दौरान एक पारदर्शी पॉलीथिन मिली जिसमें कुछ गुलाबी रंग का वर्जित पदार्थ था।

वजन करने पर बरामद प्रतिबंधित पदार्थ 28 ग्राम पाया गया और जांच किट की मदद से जांच करने पर गुलाबी रंग का 28 ग्राम प्रतिबंधित पदार्थ अच्छी गुणवत्ता वाली हेरोइन निकला।

जिसकी कीमत लगभग 1.5 लाख रुपये है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में 5 लाख है।

# रविवार को आयोजित होने वाली यूपीएससी की परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए रिहर्सल में दी हिदायतें



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह ने जिला में आगामी रविवार 28 मई को होने वाली संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी की परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए रिहर्सल में टिप्स दिए। इसके लिए जिला में 59 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। डीसी विक्रम सिंह ने गत सायं सेक्टर-12 के कन्वेंशन हॉल में जिला में 28 मई को संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली एकेडमी लिखित परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करने बारे प्रेरित कर रहे थे। उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन के लिए आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को टिप्स संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि यूपीएससी की लिखित परीक्षाओं यह काफी संवेदनशील कार्य है जिसे ड्यूटी रत अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। वहीं परीक्षा की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए केंद्र वार ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर की नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षा के लिए संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाए। यूपीएससी की परीक्षा में सभी परीक्षा केंद्रों पर कोविड के नियमों का दृढ़ता से पालन किया जाए। फरीदाबाद के एसडीएम परमजीत चहल ने रिहर्सल में यूपीएससी द्वारा परीक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 28 मई को होने वाली लिखित परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी ले। परीक्षा केन्द्रों पर शौचालयों आदि तमाम सभी व्यवस्थाओं को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यूपीएससी की हिदायतों के अनुसार परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अंदर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रों के अन्दर जाने पर यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। एसडीएम फरीदाबाद कम नोडल अधिकारी परमजीत चहल, नगर निगम ज्वाइंट कमिश्नर शिखा, सीटीएम अमित मान, आरटीए सेक्रेटरी जितेंद्र गहलावत, एसीपी अमन यादव, जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी व परीक्षाओं में लगी ड्यूटी के विभिन्न अधिकारी गण उपस्थित

# श्री खाटू श्याम मंदिर के 26वां स्थापना महोत्सव पर शहर में निकाली भव्य कलश व निशान शोभा यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर:** पांची रोड पर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के 26वें वार्षिक स्थापना महोत्सव पर शनिवार को शहर में कलश व निशान शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में खाटू श्याम प्रेमी भक्त शामिल होकर झूमते रहे। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। देवेंद्र कादियान ने श्याम बाबा के चरणों में शीश झुका कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की और बाबा श्याम का निशान लेकर यात्रा में शामिल हुए। कादियान ने कहा कि खाटू वाला श्याम बाबा तो हारे का सहारा है, अगर कोई व्यक्ति परेशान होता है तो उनकी शरण में आने के बाद उसके दुखों का निवारण हो ही जाता है। सतपाल महाराज ने देवेंद्र कादियान को बाबा श्याम की प्रतिमा भेंट की। इसके बाद संकीर्तन का भी आयोजन हुआ जिसमें गायकों ने अपने भक्ती गीतों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर विनोद जिंदल, अमित जैन, वीरेंद्र धनखड़, सतीश गुलिया, मुकेश जैन, सुनील जैन, चौन सिंह चंचल, रमेश बंसल, राजीव राय, सुरेंद्र जाग्या, विजय वशिष्ठ, अनिल मित्तल, अरुण बजाड़, हरीश मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ठेकेदारों की लापरवाही की वजह से मजदूर की बायलर से गिर कर मौत

**गन्नौर:** गन्नौर थाना पुलिस ने ठेकेदारों की लापरवाही के चलते मजदूर की मौत होने के आरोप में दो ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मृतक के भाई ने आरोप लगाया था कि ठेकेदारों की लापरवाही के कारण उसके भाई की मौत हुई है। पुलिस ने जांच के बाद दो ठेकेदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत में तरावड़ी के रहने वाले सुनील कुमार ने बताया कि 15 मई को उसका बड़ा भाई मिट्ठू काम करने के लिए तरावड़ी के रहने वाले ठेकेदार सतबीर कि साथ सनपेड़ा गया था। 19 मई को उसे फोन पर सूचना मिली कि उसके भाई की काम करते समय गिरने से मौत हो गई। सूचना के बाद वह गांव सनपेड़ा एग्रीफूड पहुंचे तो उन्हें पता चला कि मानव एग्रीफुड गांव सनपेडा का बायलर को काटने का ठेका राजेश ठेकेदार निवासी खेड़ी मारकंडा व सतबीर ठेकेदार निवासी तरावड़ी ने ले रखा था। दोनों ठेकेदारों ने उसके भाई को बिना सेफ्टी यंत्र के लोहे की एंगल पर चढ़ा दिया और बायलर काटने के लिए कहा। जब उसके भाई ने मना किया तो ठेकेदार राजेश व सतबीर ने दबाव देकर उसे बिना सुरक्षा उपकरण के बायलर काटने के लिए चढ़ा दिया और इसी दौरान वह बायलर से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सुनील कुमार की शिकायत पर आरोपित ठेकेदार राजेश व सतबीर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध हथियारों सहित आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की एवीटी स्टाफ सोनीपत ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अनुराग निवासी श्याम नगर का है। जांच अधिकारी सतीश ने बताय कि उनकी टीम गश्त के दौध्रान ककरोई रोड पर मौजूद थी। उन्हें सूचना मिली कि एक युवक हॉकी ग्राउंड के पास अवैध हथियार सहित आने वाले है। टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध हालत में घुम रहे युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास से अवैध देशी पिस्तौल 315 बोर मिला। आरोपित के खिलाफ शहर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त हथियार को वह हरिद्वार से 9500 रुपये में लेकर आया था। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### किशोरी को बहकाकर ले जाने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र से किशोरी को बहकाकर ले जाने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रवीन निवासी कसरेंटी रोहतक का है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने मोहाना थाने में गत 18 मई को शिकायत देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को प्रवीन नाम का युवक बहकाकर ले गया है। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी व महिला खानपुर थाना प्रभारी उषा ने बताया कि मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। लड़की को बरामद कर उसके कोर्ट में बयान दर्ज करवाएं। वहीं आरोपित को काबू कर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### किशोरी से दुष्कर्म व छेड़छाड़ करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ दुष्कर्म करने व छेड़छाड़ करने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शुभम निवासी उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। एक व्यक्ति ने शहर थाने में शिकायत देकर बताया कि वह परिवार सहित शहर थाना क्षेत्र में किराए पर रहते है। उनके साथ उनका परिचित उत्तर प्रदेश का शुभम भी पास ही किराए पर रहता था। वह अक्सर उनके पास आ जाता था। उनकी 16 वर्षीय बेटी ने बताया कि शुभम ने उसके साथ दुष्कर्म व छेड़खानी है। जिस पर पुलिस को अवगत कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# डा. आदिश के सुप्रीम कोर्ट बार एसो. के प्रधान बने पर फरीदाबाद में अधिवक्ता विकास वर्मा ने मिठाई बांटी



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के प्रधान डॉक्टर आदिश चन्द्र अग्रवाल के चुनाव जीतने पर फरीदाबाद के वकीलों ने मिठाइयां बांटी। पूर्व सहायक एडवोकेट जनरल विकास वर्मा को वकीलों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर विशेष रूप से जिला बार एसोसिएशन के प्रधान राजेश बैंसला एडवोकेट एवं जेपी अधाना, पूर्व प्रधान ओ.पी. शर्मा, सचिव ओमदत शर्मा, एडवोकेट भारत भूषण चंदीला, सतेंद्र अधाना, सीनियर एडवोकेट आर पी वर्मा, एडवोकेट डी.के. गोसाई, जोगिंदर यदुवंशी, रमेश टंडन, मनीष वर्मा, कुंवर राकेश, राजीव गिल, कु. दलपत, राजेंद्र शर्मा, रविंद्र गुप्ता, धीरज अधाना, राजेश खटाना, सुनील नागर, संदीप पाराशर, हेमराज कपासिया, दिनेश तोमर, सत्येन्द्र दुगगल, दीपक दायमा, सरवजीत सरधाना, महेंद्र गर्ग, नरेंद्र पाराशर, तरूण गुप्ता, देवेंद्र कुमार, देवेंद्र तेवतिया, सुधाकर मुदगिल, हेमंत शर्मा, महेश यादव, नरेश कुमार, जसवंत पंवार, ललित बैंसला, सतेंद्र रावत, मुकेश कुमार एवं वकील काफी संख्या में मौजूद रहे। आदिश सी अग्रवाल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट और सीनियर एडवोकेट को सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति के प्रेसिडेंट के रूप में चुना गया है। आदिश को विकास वर्मा एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट एंव भारतीय विधि संस्थान के सदस्य तथा पूर्व सरकार के सहायक एडवोकेट जनरल ने बधाई दी। सीनियर एडवोकेट ने जीत हासिल करने के लिए तीन वकीलों और चार सीनियर एडवोकेट को पछाड़ा है। उनके निकटतम दावेदार सीनियर एडवोकेट दुष्यंत दवे थे, जिन्होंने 2021 में अपने इस्तीफेतक प्रेसिडेंट का पद संभाला था। अग्रवाल को 668 वोट मिलें, जबकि दवे को 477 वोट मिले। सीनियर एडवोकेट राजेश कुमार खन्ना 426, अगले तीन सर्वश्रेष्ठ दावेदार थे। कार्यकारी समिति के पदों के लिए बुधवार को सीनियर एडवोकेट वी गिरी की अध्यक्षता वाली चुनाव समिति की देख-रेख में मतदान संपन्न हुआ। चुनाव में प्रेसिडेंट पद के लिए आठ सदस्य, वाइस प्रेसिडेंट पद के लिए दस, सेक्रेटरी पद के लिए आठ, कोषाध्यक्ष के लिए पांच और संयुक्त कोषाध्यक्ष के लिए छह ने चुनाव लड़ा था। इसके अलावा कुल 12 सदस्यों ने वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ा है, जबकि 35 उम्मीदवार समिति के कार्यकारी सदस्य के रूप में चुनाव में शामिल हुए।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट में आज हुए मतदान में 2208 वोट पड़े। इस साल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में लगभग 80 प्रतिशत मतदान हुआ।

# अनियंत्रित होकर पलटी ई-रिक्शा, हादसे में चालक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गीता भवन चौक पर दर्दनाक हादसा देखने को मिला। अनियंत्रित होकर पलटी ई-रिक्शा के नीचे दबने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी मौक के पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां परिजनों के बयान दर्ज कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। नागरिक अस्पताल में पहुंचे परिजनों ने बताया कि गांव सेफी निवासी समीर (18) इन दिनों अपने परिवार के साथ शहर के विकास नगर स्थित शिव मंदिर वाली गली में रहता था। समीर शादियों में म्यूजिक सिस्टम बजाने का काम करता था। शनिवार की दोपहर वह विकास नगर में ही रहने ई-रिक्शा चालक बृजेश के साथ घर से निकला था। बृजेश और समीर ई-रिक्शा में प्लाइवुड लोड कर छोड़ने जा रहे थे। ई-रिक्शा जब गीता भवन चौक पर पहुंची तो रेलवे रोड की ओर मुड़ते वक्त अचानक असंतुलित हो गई। समीर ई-रिक्शा से नीचे सड़क पर गिर गया। ई-रिक्शा भी उसके ऊपर गिर गई। वह ई-रिक्शा के नीचे दब गया। मौके पर मौजूद यातायात पुलिसकर्मियों ने उसे ई-रिक्शा के नीचे से निकाला। उसके सिर में गहरी चोट आई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक समीर एक बार उठ कर बैठ भी गया। उसने उल्टी की उसके बाद वो बेसुध हो गया। गंभीर हालत के चलते उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### अवैध शराब की 22 बोतल सहित गिरफ्तार

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना पुलिस ने अवैध शराब सहित आरोपित को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपित सुनील निवासी शांति विहार का है। जांच अधिकारी मुकेश ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान शांति विहार में मौजूद थी। उसी दौरान सिर पर कट्टा लिए संदिग्ध आता हुआ दिखाई दिया। टीम ने उसे रूकवाकर तलाशी ली। उसके पास अवैध शराब मिली। जिसकी गिनती करने पर 22 बोतल देशी शराब बरामद हुई। आरोपित के खिलाफ सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# श्री हनुमान मंदिर में हुआ शनि देव की विशाल चौकी का हुआ भव्य आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** न्याय के देवता कहे जाने वाले शनि देव का जन्म ज्येष्ठ अमावस्या को हुआ था. इस वर्ष शनि जयंती 19 मई के दिन शुक्रवार को मनाई गई शनिदेव जयंती के इस पवन अवसर पर कल रात पावन सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में शनिदेव की विशाल चौकी का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथित के तौर पर स्लेजहैमर आयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एमडी प्रदीप मोहंती, प्रिंस राज भाटिया दंपत्ति व बडखल से विधायक सीमा त्रिखा मौजूद रहे। शनि जयंती के पावन अवसर पर प्रदीप मोहंती व प्रिंस भाटिया ने भगवान शनि की पूजा आराधना की। शनि देव की पूजा आरती के बाद पावन सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में बने सनातन धर्म सीनियर सेकेंडरी स्कूल का भी दौरा किया। इस दौरान प्रदीप मोहंती ने स्कूल के साथ जुड़कर काम करने की भी इच्छा जताई। वहीं बात करें शनि देव की चौकी की तो इस आयोजन में फरीदाबाद की कई हस्तियां व पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा के निमंत्रण पर विधायक सीमा त्रिखा, केसी लखानी, पूर्व मंत्री एसी चौधरी, शक्ति सेवादल के प्रधान मोहन अरोड़ा व सैकड़ों की तादाद में भक्तजन शनिदेव की विशाल चौकी में पधारे व भगवान शनि देव के सामने नतमस्तक हुए। वहीं शनिदेव की विशाल चौकी में विशेष आकर्षण का केंद्र रही श्री शनिदेव महाराज जी की अद्भुत लीला, शनि जयंती के इस मौके पर पूर्व मेयर अशोक अरोड़ा ने कहा कि तीनो युगों में शनि देव की महिमा का गुणगान होता आया है। शनि महाराज कलयुग के बादशाह हैं। शनि जयंती पर उन्होंने सबको भगवान शनि की आराधना करने की सलाह भी दी। चौकी के समापन के पश्चात भारत अशोक अरोड़ा व सभी दल के सदस्यों द्वारा आए हुए सभी अतिथियों व सभी भक्तजनों का मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर धन्यवाद किया गया।

इस शुभ अवसर पर विशेष रुप से गोवर्धन लाल कुमार, प्रमोद दीवान, नवजीवन गोसाई, राकेश दीवान, सुरेंद्र अरोड़ा, विकास, संजय, चंदर, सुरेंद्र, गौरव, सागर, मनोज, संजय व भारत अरोड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बच्चों का सर्वांगीण विकास ही सच्ची शिक्षा- डी. सी विक्रम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** रावल शिक्षण संस्था द्वारा आयोजित स्कॉलर्स अवार्ड सेरेमनी में मुख्य अतिथि विक्रम सिंह, आई0 ए0 एस0, उपायुक्त फरीदाबाद ने रावल शिक्षण संस्था के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्ची शिक्षा का मतलब केवल उच्च अंक प्राप्त करना नहीं है बल्कि अंकों के साथ सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास ही सच्ची शिक्षा है। विद्यार्थी चूहा दौड़ में न पड़ कर अपनी मूलभूत शक्तियों को पहचानते हुए आगे अपने करियर का चुनाव करें ताकि आगे चल कर अपने कार्य में आनंद ले सकें। इस अवसर पर उपायुक्त ने रावल शिक्षण संस्था के मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी भेंट कर पुरस्कृत किया तथा उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों में रावल शिक्षण संस्था में सर्वोच्च अंक प्राप्त वाले छात्र-छात्राएं शामिल हैं। जिनमे कक्षा बारहवीं में पूजा गर्ग 98प्रतिशत कॉमर्स संकाय, प्रशस्ति मैथिल 97.6प्रतिशत मानविकी संकाय, तनिष 97.4प्रतिशत विज्ञान नॉन-मेडिकल, आदर्श 96प्रतिशत मेडिकल संकाय, प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त 95प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 18 विद्यार्थियों तथा 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 84 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं में ज्ञान प्रकाश को 98.4प्रतिशत अंक, देवेश कुमार को 97 प्रतिशत अंक, तथा शिवम् शर्मा को 96.6प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर पुरस्क्रत किया गया। इस समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता पण्डित टिपरचन्द शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि दिनेश रघुवंशी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। रावल शिक्षण संस्था के चेयरमैन सी0 बी0 रावल व प्रो-चेयरमैन अनिल रावल ने सभी अतिथियों का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया तथा बच्चों को पुरस्कृत कर मनोबल बढाने के लिए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। सी0 बी0 रावल ने कहा कि रावल शिक्षण संस्था द्वारा संचालित सभी स्कूल उत्तम शिक्षा के अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी विशेष बल देते हैं।

# बच्चों को केवल प्यार दे वाहन बिल्कुल नहीं, अपनी जान की कीमत को हमेशा ही समझे: देवेंद्र सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** उपायुक्त एवं चेयरमैन विक्रम सिंह के आदेशानुसार व प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण फरीदाबाद जितेंद्र कुमार गहलावत डीटीओ एवं डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के निर्देशनुसार एवं सरदार देवेंद्र सिंह स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल हरियाणा सरकार मेंबर ऑफ पार्लिम्नेट भारत सरकार के सदस्य के मार्गदर्शन, ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद,रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी फरीदाबाद ,रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) एवं के एल मेहता दयानंद पब्लिक स्कूल,5 नंबर फरीदाबाद की पूरी टीम ने शुक्रवार को 7वें यूनाइटेड नेशन ग्लोबल सड़क सुरक्षा सप्ताह पर विशेष अभियान के एल मेहता दयानंद पब्लिक स्कूल,5 नंबर फरीदाबाद में चलाया गया सड़क सुरक्षा पर सभी बच्चों ने मिलकर एक रैली निकाली गयी एवं सभी बच्चों ने अपना अपना सदेश सड़क पर खड़े होकर सड़क सुरक्षा के बोर्ड ,स्लोगन एवं पेंटिंग के माध्मम से दिया गया जिस में सब इंस्पेक्टर ट्रैफिक ताऊ वीरेंदर वलहारा ने सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा एवं दुर्गा शक्ति अप के बारे बताया कि दुर्गा शक्ति अप डाउनलोड करे अगर कही भी कोई समस्या सड़क पर बेटिओ को आती है दुर्गा शक्ति अप का बटन रेड दबा दे पुलिस जल्द आपके पास लोकेशन पर आ जाएगी आप सभी बच्चे बहुत ही अच्छे है आप हमेशा ही जेबरा क्रॉसिंग पर ही रुके एवं पैदल सवारियों को समझाया कि आपका जीवन बहुत ही अनमोल है हर एक मिनट में एक एक्सीडेंट व तीन मिनट में मौत हो जाती है इसलिए सड़क हमेशा ध्यान पूर्वक पार करें उल्टी दिशा में बिल्कुल ना चलें दुपहिया वाहन पर दोनो हेलमेट आई एस आई मार्क ही लगाए। इस समय पूरा शहर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है इसलिए सड़क नियम बिल्कुल ना तोड़े वरना आपके घर पोस्टल चालान आपके घर पहुँच सकता है सड़क सुरक्षा मोटर व्हीकल एक्ट 2019 के बारे में आम जनता को जानकारी दी बिना हेलमेट चल रहें वाहन चालकों को रोक कर समझाया ओर बताया गया की आपके घर पर आपका परिवार इंतजार कर रहा है इसलिए अपनी जान की कीमत को हमेशा ही समझे रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) के डायरेक्टर बलजीत सिंह ने कहा आप सभी बच्चे ज्यादा से ज्यादा बच्चों एवं लोगों को ट्रैफिक के नियम के बारे में जागरूक करें सड़क सुरक्षा पर सभी बच्चों ने मिलकर रैली निकाली बच्चों को बताया गया कि हमेशा अपनी साइड में चले एवं साइकिल भी अपनी साइड में चलाये जिसमें आम जनता को नए मोटर व्हीकल एक्ट 2019 के बारे में बताया गया इस अभियान में सभी बच्चों & सभी टीचर को बताया गया कि सभी स्कूल के बच्चे ऑटो एवं मारुती वैन के अंदर में ज्यादा बिलकुल ना बैठे ,भारत सरकार के द्वारा 15 फरवरी 2023 से 4 साल के सभी बच्चों को भी हेलमेट पहनना पुरे देश एवं प्रदेश में अनिवार्य कर दिया गया है और सभी बच्चो को एवं बड़े को भी आई एस आई मार्क हेलमेट ही पहनना अनिवार्य है।

इसलिए सभी माँ बाप अपने अपने बच्चों को हेलमेट अबश्य ही सड़क पर चलते समय पहनाएं आप अपनी अपनी कार के अंदर आगे पीछे सीट बेल्ट लगाकर ही चलें, दोनों सवारियों को हेलमेट पहनना जरूरी है, हाई सिक्योरिटी प्लेट अपनी अपनी गाडि?ें में लगाकर रखें, अपनी अपनी गाडि?ें के आगे फास्ट टैग लगाकर चलें अगर आपकी गाड़ी में फास्ट टैग नहीं है तो आपको डबल जुमार्ना नेशनल हाईवे पर आप सभी को भरना पड़ेगा , मोबाइल पर बात करते हुए अपना व्हीकल ना चलाएं, शराब पीकर गाड़ी बिल्कुल ना चलाएं नशे से हमेशा ही दूर रहें अपनी गाड़ी को गति सीमा में ही चलाएं सड़क के नियमों की हमेशा ही पालना करें नो एंट्री में गाड़ी बिलकुल न चलाये सड़क पर चलते समय झगड़े बिल्कुल नहीं और एक दूसरे का हमेशा सम्मान करें पैदल यात्रियों का हमेशा ही सम्मान करें साइकल वालों का सम्मान हमेशा करें और एक दूसरे को सड़क पर हमेशा ही सहयोग करें।

**न्यूज फ्लैश**

## उद्यम पोर्टल: रजिस्ट्रेशन के लिए 1 जून से चलेगा अभियान

**मुरादाबाद**: उद्यमियों के उद्यम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए 1 जून से 15 जून 2023 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार द्वारा बताया गया कि सूक्ष्म ,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के सभी उद्यमियों के उद्यम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए 1 जून 2023 से 15 जून 2023 तक एक विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसके माध्यम से सभी उद्यमी अपना उद्यम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## पशु तस्करों से मुठभेड़ में दो घायल

**कुशीनगर**। कुशीनगर पुलिस के गो वंशीय पशुओं की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार की भोर पूर्व हुई पशु तस्करों से मुठभेड़ हो गई। कार्रवाई के दौरान दो पशु तस्कर पुलिस की गोली से घायल हो गए। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने प्रेस वार्ता कर शनिवार को बताया कि थाना कप्तानगंज, खड्डा, पड़रौना, जटहा एवं स्वाट की संयुक्त टीमों ने गुप्त सूचना पर हसनगंज भियूरा धुस के पास गो तस्करों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की। इस दौरान एक पिकअप वाहन आता दिखाई दिया। जिसको रोकने का प्रयास किया गया तो तस्करों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में तस्कर विक्की प्रसाद पुत्र लड्डू प्रसाद निवासी गोपालगढ़ थाना कसया व सदरे आलम पुत्र रियासत अली साकिन वीर अब्दुल हमीद नगर खिरिया टोला थाना पड़रौना घायल हो गए। जिनको गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से एक पिकअप वाहन (बिना नम्बर) से तस्करी कर वध के लिए ले जायी जा रही छह गोवंश, दो असलहा मय कारतूस बरामद किया गया है। तस्करों पर 65 हजार का इनाम घोषित था। दोनों तस्करों पर 12 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## आकांक्षा दुबे मौत: समर सिंह को अभी जेल में रहना होगा

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत मामले में आरोपी गायक समर सिंह को अभी जेल में ही रहना होगा। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने समर के जमानत की अर्जी खारिज कर दिया। अदालत ने सुनवाई के दौरान पटल पर रखे गये वारदात से जुड़े सीसीटीवी फुटेज,विवेचना की प्रगति और सभी साक्ष्यों का अवलोकन किया। शनिवार को अभिनेत्री की मां वादिनी मधु दुबे के अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते शुक्रवार को समर सिंह के जमानत प्रार्थना पत्र पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में बहस हुई। दोनों तरफ से जोरदार बहस के बाद जिला जज ने समर सिंह के जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह रहा कि समर सिंह द्वारा बार-बार यह कहा जाता रहा कि वह घटना के समय गोरखपुर में थे, परंतु सीडीआर में समर सिंह की लोकेशन वाराणसी में पाई गई। पुलिस की जांच में तथ्य सामने आया कि घटना की सुबह कॉल डिटेल रिकॉर्ड में आरोपी की लोकेशन बनारस में बताई गई। अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे ने घटना की सुबह आरोपी समर सिंह को कई बार फोन किया, लेकिन उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। अब तक आरोपी की आकांक्षा से 390 बार बात हुई, इसमें 95 बार आरोपी ने ही कॉल की थी। अदालत को विवेचक ने बताया कि घटना में कलमबंद बयान जरूरी नहीं प्रतीत हुआ, इसलिए नहीं लिया।

# उप्र: मेगा परियोजनाओं को मिलेगी रफ्तार

### योगी सरकार ने शुरू की मेगा परियोजनाओं को दी जाने वाली रियायतों की पहली किस्त की प्रतिपूर्ति

**अहम पहल**

**अब उन्हें रफ्तार देने के लिए प्रोत्साहन, विशेष सुविधाएं और रियायत देने की दिशा में योगी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश** में निवेश की नई बयार को गति देने के लिए प्रयासरत योगी सरकार अब मेगा परियोजनाओं की स्थापना और संचालन की दिशा में अहम पहल करने जा रही है। प्रदेश में 10 से 12 फरवरी के बीच हुई ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 के दौरान जिन मेगा परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा तय हुई थी, अब उन्हें रफ्तार देने के लिए प्रोत्साहन, विशेष सुविधाएं और रियायत देने की दिशा में योगी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि प्रदेश में मेगा परियोजनाओं की स्थापना और सफल संचालन के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश नीति के तहत आठ मेगा परियोजनाओं को रियायतों की पहली किस्त की प्रतिपूर्ति जारी करने की मंजूरी दे दी गई है। इसके अंतर्गत 146 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि आवंटित करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जिन मेगा परियोजनाओं को प्रोत्साहन प्रतिपूर्ति की पहली किस्त जारी की गई है, उनमें जेपी सीमेन्ट अलीगढ़, आरसीसीपीएल प्रा.लि. रायबरेली और गैलेन्ट इस्पात लि. गोरखपुर मुख्य तौर पर शामिल हैं।

**पात्रता के आधार पर प्रोत्साहन प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया शुरू:** हाल ही में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद इस संबंध में निर्णय लिया गया, जिसके फलस्वरूप इन औद्योगिक उपक्रमों को इनकी पात्रता के अनुसार प्रोत्साहन प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया की शुरूआत कर दी गई है। जेके सीमेन्ट वर्क्स अलीगढ़ (जेके सीमेन्ट लि. की एक इकाई) को वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कुल 21.85 करोड़ रुपये और 2021-2022 के लिए 12.52 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन प्रतिपूर्ति की जाएगी। इसी प्रकार मेसर्स पसवारा पेपर्स लि. मेरठ को प्रोत्साहन राशि के तौर पर 12.65 करोड़ की प्रतिपूर्ति होगी। इसमें से 11.02 करोड़ रुपये की एसजीएसटी प्रतिपूर्ति और पूंजिगत ब्याज उपादान प्रतिपूर्ति के तौर पर 1.63 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त होगी। हरदोई के सण्डीला स्थित वरुण बेवरेजेस लि. को वर्ष 2021-22 के लिए 8.52 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रतिपूर्ति होगी। वहीं, गैलेन्ट इस्पात लि. गोरखपुर को दो केटेगरी में कुल 15.96 करोड़ रुपए (6.88 और 9.08 करोड़ रुपये) की पहली प्रतिपूर्ति राशि आवंटित होगी। इसके अलावा, स्पर्श इंडस्ट्रीज प्रा.लि. कानपुर देहात को 3.66 करोड़ रुपये, आरसीसीपीएल प्रा.लि. रायबरेली को 46.55 करोड़ रुपये और श्री सीमेन्ट प्रा.लि. बुलन्दशहर को तीन केटेगरीज के तहत कुल 24.28 करोड़ रुपये की पहली प्रोत्साहन राशि प्रतिपूर्ति की जाएगी।

## प्रदेश का हो रहा चतुर्दिक विकास: स्वतंत्र देव

**टीम एक्शन इंडिया/गाजीपुर**
**केन्द्र** में सत्तारुण नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश में आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में चतुर्मुखी विकास हो रहा है। जिससे विपक्षी दल निराश होकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। जो अपने मंसूबों में सफल नहीं होंगे। यह बातें शनिवार को गाजीपुर के दौरे पर पहुंचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कही। कैबिनेट मंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत सरवरनगर व मुस्लिमपुर ग्राम में हर घर पेयजल योजना के तहत नवनिर्मित जल निगम टंकी का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि पूरे प्रदेश में शुद्ध पेयजल के लिए हर घर नल योजना, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाएं चलायी जा रही हैं। पानी का दुरुपयोग रोकने के लिए नल को खुला न छोड़ें। बरसात के पानी को गांव में संचय करें। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि परिवार को खुशहाल रखने के लिए माता-पिता सेवा करें, बेटा या बेटी से शराब व गुटका न मंगाये। मजदूरों का सम्मान व उचित मजदूरी दें, हो सके तो पानी अवश्य पिलाये। महिलाएं घर, गांव, परिवार की स्वच्छता पर ध्यान दें। स्वस्थ रहने के लिए नियमित योगासन करें। गांव में विधवा, पीड़ित व कमजोर वर्ग की जमीन पर कब्जा न करें। केन्द्र में मोदी व प्रदेश में योगी के रहते देश सुरक्षित है। विषम परिस्थितियों में विदेशों से भारतीयों को सुरक्षित लाने में हमारा देश समर्थ है।

## मास्टर प्लान के कार्यों को पूरा करें: सीएस



**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना बदरीनाथ मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लेने शनिवार को मुख्य सचिव डॉ. सुखबीर सिंह संधू बदरीनाथ पहुंचे। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए निर्धारित समय से पहले मास्टर प्लान के कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान मुख्य सचिव ने लेक फ्रंट, रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, मंदिर का सौन्दर्यीकरण, अराइवल प्लाजा, वन-वे लूप रोड, बीआरओ बाईपास, अन्तरराष्ट्रीय बस अड्डा और अस्पताल विस्तारीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मैनुअल कार्यों में अतिरिक्त मजदूर लगाए जाए। रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यों में तेजी लाते हुए मानसून के लिए अभी से प्लान तैयार करें। उन्होंने सभी निर्माणदायी संस्थाओं को बेहतर तालमेल के साथ कार्य करते हुए इस महत्वपूर्ण कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि निर्माण कार्यों की वजह से बदरीनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा न हो। इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मुख्य सचिव को बदरीनाथ में संचालित पुनर्निर्माण कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इस दौरान मुख्य सचिव ने भगवान बदरीनाथ के दर्शन व पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की और बदरीनाथ में यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

## पंजाब आप नेता समेत 4 के खिलाफ एफआईआर



**गंभीर आरोप**

**श्रीगंगानगर निवासी महिला का आरोप है कि उक्त नेताओं ने उसका शारीरिक शोषण किया, जिससे वह गर्भवती हो गई**

**टीम एक्शन इंडिया/अबोहर**
**पंजाब** में आम आदमी पार्टी के नेता दीप कंबोज सहित 4 नेताओं के खिलाफ राजस्थान के श्रीगंगानगर थाने में एक महिला द्वारा शारीरिक शोषण की शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। श्रीगंगानगर निवासी महिला का आरोप है कि उक्त नेताओं ने उसका शारीरिक शोषण किया, जिससे वह गर्भवती हो गई और उसके बाद नेता ने उसे बिना बताए गर्भपात की दवा भी खिला दी। महिला का आरोप है कि वह किसी काम से नेता के संपर्क में आई थी। वह काम करवाने का झांसा देकर शोषण करता रहा।

**श्रीगंगानगर और चंडीगढ़ ले जाकर शोषण किया:** श्रीगंगानगर पुलिस ने महिला की शिकायत पर दीप कंबोज, विजय कंबोज, स्माइल कंबोज, अमन कंबोज के खिलाफ धारा 376, 313, 506, 354 व 120बी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने अबोहर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दीप कंबोज के खिलाफ शारीरिक शोषण जैसे गंभीर आरोप लगाए। महिला का कहना है कि वह एक के लिए दीप कंबोज के कार्यालय उससे पहली बार मिली थी, जिसके बाद दीप कंबोज व उसके साथी काम करवाने के बहाने उसका शारीरिक शोषण करते रहे। दीप कंबोज ने श्रीगंगानगर व चंडीगढ़ में उसका शारीरिक शोषण किया।

**दीप कंबोज ने आरोपों खारिज किया, हनीट्रैप बताया:** आप नेता दीप कंबोज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके महिला द्वारा लगाए गए शारीरिक शोषण के आरोपों को पूरी तरह से खारिज किया। उन्होंने कहा कि महिला हनीट्रैप की मास्टरमाइंड और उसने उन्हें भी हनीट्रैप में फंसाया है। महिला करीब 6 माह पहले उसके संपर्क में आई थी। उनकी बातचीत होती रही और वह उसके जाल में फंस गया।

## हेमकुंड साहिब-लोकपाल के कपाट खुले

**टीम एक्शन इंडिया/जोशीमठ**
सिखों के पवित्र तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को पूरे विधि विधान के साथ खोल दिए गए। बर्फ की सफेद चादर में लिपटे हेमकुंड साहिब धाम के कपाट खुलने के अवसर पर करीब पंद्रह सौ से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे। इसी के साथ लक्ष्मण मंदिर-लोकपाल तीर्थ के कपाट भी वैदिक रीति रिवाज के अनुसार तय मुहूर्त पर खोले गए। हेमकुंड साहिब में अभी भी चार से पांच फीट तक बर्फ जमी है। श्रद्धालुओं को करीब ढाई किमी बर्फ की गली से गुजरकर हेमकुंड साहिब पहुंचना पड़ा।

## मोदी सरकार ने ही सभी को आरक्षण दिया: सम्राट चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**प्रदेश** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कार्यसमिति के पहले दिन शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार 18 साल से बिहार को लूट रहे हैं। राजद चिल्लाती है कि आरक्षण खत्म होने नहीं देंगे। लालू प्रसाद यादव ने 15 साल में कितने को आरक्षण दिया। पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार ने अपने नौ साल के कार्यकाल में 10 फीसदी अगड़ों को आरक्षण के साथ सभी को आरक्षण दिया है। पहली कार्यसमिति की बैठक में सम्राट ने कहा कि हम बूथ जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे।



**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय पर्यावरण, वन जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने शनिवार को मोतीचूर रेंज में संयुक्त रूप से राजाजी नेशनल पार्क का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र से लाई गई एक बाघिन को राजाजी टाइगर रिजर्व के मोतीचूर वन क्षेत्र के बाड़े में छोड़ा।**




**मोक्ष मनोकामना** राष्ट्र के लिए प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों, हुतात्माओं की शांति के लिए ऋषिकेश से 1008 कलश जम्मू कश्मीर जाएंगे

## 'कलश यात्रा ऋषिकेश से 13 जून को होगी प्रारंभ'



**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**
**श्री पंच द**शनाम आह्वान अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर एनवायरमेंट अवधूत बाबा अरुण गिरी महाराज के नेतृत्व में वीरगति को प्राप्त सैनिकों सहित आमजन की हुतात्माओं की शांति के लिए ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट से 1008 गंगाजल कलश जम्मू कश्मीर के श्रीनगर स्थित आदि गुरु शंकराचार्य टेकरी ले जाए जाएंगे। मोक्ष मनोकामना यज्ञ पर्यावरण यात्रा के दौरान 3 जुलाई को रुद्राभिषेक के बाद शिवलिंग पर हजारों की संख्या साधु जलाभिषेक करेंगे। यह जानकारी षड दर्शन साधु समाज अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत गोपाल गिरी ने दी। महंत गोपाल गिरी ने बताया कि आगामी 3 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीनगर जम्मू कश्मीर में पाक सेना से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त सैनिकों और आमजन की हुतात्माओं की शांति के लिए आयोजित उत्तराखंड की देव भूमि ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट से इस यात्रा का शुभारंभ आगामी 13 जून को किया जाएगा, जिसका समापन 3 जुलाई को नाग पंचमी के अवसर पर शिवलिंग पर जलाभिषेक के बाद किया जाएगा। इससे पूर्व 22 मई को त्रिवेणी मंदिर पर रुद्राभिषेक एवं महामृत्युंजय मंत्र से जल कलश को अभिमंत्रित वैदिक विद्वानों द्वारा किया जायेगा। इसके बाद यह मोक्ष मनोकामना यज्ञ पर्यावरण यात्रा जम्मू कश्मीर के लिए रवाना होगी। इस दौरान जम्मू कश्मीर तक पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए सवा लाख फलदार पेड़ों का रोपण भी किया जाएगा।